

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

रांची पारा अपडेट
मैक्सिमम 27.00 °c | मिनीमम 16.00 °c
सूर्यास्त (आज) ›› 17 .13 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .51 बजे

web: www.rashtriyakhabar.com | पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 293 | epaper.rashtriyakhabar.com | आश्विन, शुक्लपक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत 2080




## विदुर नीति

भक्ष्योत्तम प्रतिच्छन्नं मत्स्यो बडिशमायसम।
लोभाभिपाती ग्रसते नानुबंधम वेक्षते॥

**भावार्थ** : मछली आकर्षक चारे से ढके लोहे के कांटे को ललचाकर निगल लेती है। वह उसका परिणाम नहीं जानती।

## इमरान खान की जमानत याचिका खारिज

**इस्लामाबादः** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सिफर मामले में गिरफ्तारी के बाद जमानत की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक ने आज आदेश सुनाया, जिसे उन्होंने दोनों पक्षों की दलीलें पूरी होने के बाद 16 अक्टूबर को सुरक्षित रख लिया था।स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, पिछली सुनवाई के दौरान श्री खान के वकील सरदार लतीफ खोसा ने दलील दी थी कि उनके मुवक्किल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री की संघीय कैबिनेट ने सिफर को सार्वजनिक कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री को संविधान के अनुच्छेद 248 के अंतर्गत छूट प्राप्त है, जो राष्ट्रपति, राज्यपाल, प्रधानमंत्री, संघीय मंत्री, राज्य मंत्री, मुख्यमंत्री और प्रांतीय मंत्री को उनके द्वारा किए गए या कथित रूप से किए गए कार्य के लिए सुरक्षा प्रदान करता है।सुनवाई के दौरान पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष बैरिस्टर सलमान सफदर के एक अन्य वकील ने दलील दिया कि सरकारी गोपनीयता कानून की धारा पांच सिफर मामले में लागू नहीं होती। उन्होंने कहा कि यह धारा विदेशियों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा करने के लिए लगाई जा सकती है लेकिन पीटीआई प्रमुख के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में यह मुख्य घटक गायब है।

## कांग्रेस नेता हरीश रावत को सीबीआई का नोटिस

**देहरादूनः** उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने स्टिंग मामले में पूछताछ के लिए शुक्रवार को नोटिस जारी किया। श्री रावत ने स्वयं अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर लिखा, आज जौलीग्रांट हॉस्पिटल में मेरे स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए एक बड़ी महत्वपूर्ण संस्था भी आई। सीबीआई के दोस्त आये और उन्होंने मुझे एक नोटिस सर्व किया, तो मुझे बड़ा ताज्जुब हुआ। मैंने कहा जिस दिन हॉस्पिटल में लोग स्वास्थ्य का हाल-चाल पूछने आ रहे हैं तो सीबीआई को लगा होगा फिर कहीं कि मुझसे, देश की अखंडता, एकता, सुरक्षा और लोकतंत्र को कुछ ज्यादा खतरा है, इसलिये हॉस्पिटल में ही उन्होंने मुझे नोटिस सर्वे किया है। वाह सीबीआई !! उल्लेखनीय है कि हाल ही में कांग्रेस नेता का वाहन उधमसिंह नगर जिले में दुर्घटना ग्रस्त हो गया था जिसमें वह घायल हो गए। इस समय उनका उपचार हिमालयन अस्पताल, जौलीग्रांट (देहरादून) में चल रहा है। जहां परीक्षण में उनके पसली और कमर में चोट की पुष्टि हुई है। डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन अस्पताल में रुकने की सलाह दी है। इसी दौरान, आज उन्हें सीबीआई की ओर से यह नोटिस रिसीव कराया गया।

## ताइवान ने करीब 35 चीनी विमान और 15 जहाज

**बीजिंगः** ताइवान के सशस्त्र बलों ने द्वीप के आसपास 35 चीनी सैन्य विमानों और 15 जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, निगरानी कर रहे ताइवानी सशस्त्र बलों ने करीब 35 पीएलए (चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी) विमान और 15 पीएलएएन (पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी) जहाजों को आज सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास पाया गया। इन गतिविधियों का जवाब देने के लिए सीएपी विमान, नौसेना के जहाजों और भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों को काम सौंपा है। बताया गया कि 35 में से 23 विमान ताइवान के वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश कर गए, जिनमें चार जे-11 जेट, जेड-9 एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टर, छह जे-10 और छह जे-16 लड़ाकू जेट शामिल थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा, जवाब में ताइवान ने स्थिति पर नजर रखने के लिए हवाई और समुद्री गश्ती दल के साथ-साथ भूमि-आधारित मिसाइल प्रणालियों को तैनात किया। ताइवान 1949 से मुख्य भूमि चीन से स्वतंत्र रूप से शासित है। बीजिंग इस द्वीप को अपना प्रांत मानता है, जबकि ताइवान का कहना है कि यह एक स्वायत्त इकाई है, लेकिन स्वतंत्रता की घोषणा करने से कतराता है। बीजिंग ताइपे के साथ किसी भी आधिकारिक विदेशी संपर्क का विरोध करता है और द्वीप पर चीनी संप्रभुता को निर्विवाद मानता है। ताइवान के आसपास नवीनतम तनाव अप्रैल में तब हुआ, जब ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने अमेरिका में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष केविन मैक्कार्थी से मुलाकात की।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उद्घाटन** भारत मोबाइल कांग्रेस में भाग ले रही हैं देश विदेश की कंपनियां

# साइबर सुरक्षा के लिए विनिर्माण में आत्मनिर्भरता जरूरी : मोदी

- विकास का लाभ हर नागरिक को मिले
- कई मामलों में आत्मनिर्भरता जरूरी है
- दूरसंचार में भारत आगे बढ़ता जा रहा है




राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साइबर सुरक्षा के लिए उपकरणों के विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत की युवा पीढ़ी प्रौद्योगिक क्रांति का नेतृत्व कर रही है और देश 6जी दूरसंचार प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी यहां भारत मंडपम में भारत मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी2023) का उद्घाटन कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने देश के 100 विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों में 5जी ऐप विकास प्रयोगशालाओं का उद्घाटन किए जाने की घोषणा भी की। प्रगति मैदान के भारत मंडपम में आयोजित तीन दिन के इस सम्मेलन में दूरसंचार , डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर उद्योग की कंपनियां शामिल हो रही हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि भारत 6जी तकनीक के साथ अग्रणी भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे कार्यकाल में 4जी का तेजी से विस्तार हुआ और हम पर कोई दाग नहीं लगा। प्रधानमंत्री का इशारा पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय कथित 2जी घोटाले की ओर था। उद्घाटन सत्र को इस अवसर पर संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव, संचार राज्य मंत्री देवुसिंह चौहान, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के अध्यक्ष आकाश एम अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल , आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

दूरसंचार विभाग और सेल्यूलर मोबाइल आपरेटरों के मंच सीओएआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सीएमआई के इस 7वें संस्करण में 'ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन' थीम के साथ आयोजित किए जाने वाला इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है। आईएमसी 2023 का लक्ष्य प्रमुख अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों के विकासकर्ता, निर्माता और निर्यातक के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत बनाना है। प्रधानमंत्री ने 6जी, एआई, साइबर सुरक्षा, सेमीकंडक्टर, ड्रोन अथवा अंतरिक्ष क्षेत्र, गहरे समुद्र, हरित तकनीक जैसे क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए कहा कि भविष्य पूरी तरह से बदलने वाला है और यह प्रसन्नता का विषय है कि हमारी युवा पीढ़ी तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर रही है। उन्होंने कहा कि ब्रॉडबैंड स्पीड के मामले में भारत 118वें स्थान से 43वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि रैंकिंग और संख्या से परे इंटरनेट कनेक्टिविटी और स्पीड में सुधार से जीवन सुलभ बनता है। उन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और कृषि में बेहतर कनेक्टिविटी और गति के लाभों को रेखांकित किया। श्री मोदी ने कहा कि पूंजी, संसाधनों और प्रौद्योगिकी तक पहुंच हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

### भारत में विकास और संसाधनों का लाभ सभी क्षेत्रों को मिले:मोदी

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार चाहती है कि भारत में विकास और संसाधनों का लाभ सभी लोगों और सभी क्षेत्रों को मिले तथा सबको सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिले । उन्होंने कहा कि उनकी नजर में यही सबसे बड़ा सामाजिक न्याय है। श्री मोदी ने इंटरनेट प्रौद्योगिकी पर बढ़ती निर्भरता के वर्तमान दौर में साइबर सिक्योरिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर सिक्योरिटी के महत्व को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को कहा कि साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेटवर्क उपकरणों के मामले में आत्मनिर्भरता बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत 2014 के बाद प्रौद्योगिकी और विनिर्माण क्षेत्र में नये आयाम तय कर रहा है उन्होंने कहा कि हम न सिर्फ भारत में तेजी से 5जी का विस्तार कर रहे हैं बल्कि 6जी के क्षेत्र में भी लीडर बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 21वीं शताब्दी का यह कालखंड भारत की थॉट लीडरशिप (नयी-नयी सोच रखने वाले लोगों) का समय है। हम कुछ क्षेत्रों में थॉट लीडर बने हैं, जैसे यूपीआई हमारी थॉट लीडरशिप नयी सोच का परिणाम है, देश आज डिजिटल भुगतान प्रणाली में पूरी दुनिया का नेतृत्व कर रहा है , इसी तरह कोविड महामारी के समय में टीकाकरण के लिए कोविन हमारी नेतृत्वकारी सोच का नतीजा था।

बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के कार्यक्रम में राजद प्रमुख ने कहा

## जातिगत जनगणना ही भाजपा को खत्म करेगी : लालू प्रसाद यादव



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** लालू प्रसाद ने गुरुवार को कहा कि अगले साल के आम चुनाव में भाजपा को उखाड़ फेंकने के बाद विभिन्न जातियों की जनसंख्या हिस्सेदारी और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के अनुसार देश में सत्ता का विभाजन होगा। जनसंख्य एक प्रतिष्ठा और पद चाहिए ज्यादा। जनसंख्या के हिसाब से, सामाजिक न्याय के हिसाब से, अब देश की सत्ता का बंटवारा होगा और इनको जाना पड़ेगा, लालू ने कहा। राष्ट्रीय जनता दल प्रमुख बिहार कांग्रेस मुख्यालय में राज्य के पहले मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिन्हा की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस ने उन्हें मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। लालू प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस वादे का जिक्र किया कि अगर विपक्षी दल इंडिया सत्ता में आता है तो देश भर में जाति जनगणना कराई जाएगी।

यह आवश्यक है। उन्होंने (राहुल ने) उस सामाजिक न्याय के झंडे को अपनाया है जिसे हम थामते थे। जाति जनगणना स्वचालित रूप से भाजपा को मिटा देगी, उन्होंने कहा।

बिहार सरकार द्वारा हाल ही में कराए गए एक जाति-आधारित सर्वेक्षण से पता चला है कि राज्य की आबादी में अत्यंत पिछड़ा वर्ग 36.02 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग 27.13 प्रतिशत, अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति 1.68 प्रतिशत है। सामान्य वर्ग 15.52 प्रतिशत है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सर्वेक्षण के निष्कर्षों के आलोक में राज्य में आरक्षण की मात्रा को संशोधित करने का संकेत दिया है। इसे हिंदुत्व और अति-राष्ट्रवाद के खिलाफ जातिगत पहचान को खड़ा करके भाजपा का मुकाबला करने के लिए एक मास्टरस्ट्रोक के रूप में देखा गया है। लालू प्रसाद ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा और आरएसएस जाति जनगणना को लेकर चिंतित हैं क्योंकि इससे वे अपने आप खत्म हो जाएंगे। वे मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान के विधानसभा चुनावों या लोकसभा चुनावों में अपनी पकड़ नहीं बना पाएंगे। वे हर जगह खत्म हो जायेंगे।

राशन वितरण मामले में पश्चिम बंगाल के मंत्री पर कार्रवाई

## ज्योतिप्रिय मल्लिक को ईडी ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**कोलकाताः** राशन वितरण मामले में राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। ईडी के अधिकारियों ने गुरुवार रात उनके घर पर मैराथन तलाशी के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। 20 घंटे से ज्यादा की तलाशी और पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार करने का फैसला किया गया। ईडी सूत्रों के मुताबिक, मंत्री के घर से राशन वितरण से जुड़े अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। यह पहली बार है जब किसी मंत्री को राशन वितरण मामले में गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय एजेंसी ने उन्हें गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे गिरफ्तार किया। उन्हें सीजीओ कॉम्प्लेक्स के ईडी कार्यालय भी लाया गया। हालांकि, ईडी के किसी अधिकारी ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सीजीओ कॉम्प्लेक्स में प्रवेश करते ही ज्योतिप्रिय ने कहा, मैं गहरी साजिश का शिकार हूं।

ईडी ने गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे ज्योतिप्री के साल्ट लेक स्थित घर पर तलाशी शुरू की। उनके दो घरों (बीसी 244 और बीसी 245) के साथ-साथ साल्ट लेक में बीसी ब्लॉक की भी तलाशी ली जा रही है। ईडी सूत्रों के मुताबिक, राशन भ्रष्टाचार मामले में बकीबुर रहमान की गिरफ्तारी के बाद मंत्री का नाम सामने आया था। गुरुवार को तलाशी के दौरान ज्योतिप्रिय के घर के बाहर काफी लोग जमा हो गये। उन्हें हटाने के लिए ईडी के अधिकारियों ने थाने से संपर्क किया। थाने से पुलिसकर्मी ज्योतिप्रिय के घर के अंदर आए और ईडी अधिकारियों से बात की। इसके बाद बाहर बैरिकेड्स लगा दिए गए।

उनके घर के अलावा ईडी उस समय उनके सहायक अमित डे के नागेरबाजार स्थित दो फ्लैटों पर भी पहुंची। एक फ्लैट भगवती पार्क इलाके में और दूसरा फ्लैट स्वामी विवेकानन्द रोड

›› पेज 2 भी देखें

अयोध्या में शुरू हो गया है मुनाफाखोरी का खेल

## उदघाटन से पहले अधिकांश होटल बुक



**अयोध्या :** श्रीराम मंदिर का पट खुलने के पहले ही यहां आने वाले पर्यटकों से मनमाना मुनाफा कमाने का धंधा चमक गया है। अभी की जानकारी के मुताबिक उदघाटन के मौके पर मौजूद रहने के लिए धर्मप्रेमियों की भीड़ ऑनलाइन बुकिंग कर रही है। इसका नतीजा है कि वहां से होटलों के अस्सी प्रतिशत कमरे पहले ही आरक्षित हो चुके हैं। इसी वजह से होटल मालिक भी मौका देखकर मनमाना ढंग से कमरों का किराया भी बढ़ा रहे हैं। होटल मालिकों का कहना है कि 22 जनवरी को ओपनिंग होने के कारण कई पर्यटकों ने उससे एक दिन पहले यानी 21 से 23 जनवरी तक के लिए होटल बुक करा लिया है। राममंदिर का उद्घाटन अगले साल 22 जनवरी को किया जाएगा। देश-विदेश से कई लोग 'प्राण प्रतिष्ठा' के उस पल का गवाह बनने के लिए उत्सुक हैं। अयोध्या प्रशासन का मानना है कि उस दिन पूरे शहर में भीड़भाड़ हो सकती है। उत्तर प्रदेश के इस शहर में अभी से धंधा चमकाने का खेल प्रारंभ हो गया है। अयोध्या के होटल मालिकों का दावा है कि शहर के ज्यादातर होटल तीन दिनों के लिए बुक हैं। उनका दावा है कि राम मंदिर के उद्घाटन में अभी ढाई महीने बाकी हैं, इससे पहले 80 फीसदी होटल बुक हो चुके हैं। होटल मालिकों का कहना है कि 22 जनवरी को ओपनिंग होने के कारण कई पर्यटकों ने एक दिन पहले यानी 21 से 23 जनवरी तक के लिए होटल बुक करा लिया है।

स्टार प्रचारकों की सूची में उमा भारती का नाम गायब

## साध्वी को अब नहीं साधेगी भाजपा

- उपेक्षा से नाराज फायर ब्रांड नेत्री हिमालय की ओर

डॉ. नवीन आनंद जोशी



**भोपालः** बीस बरस पहले जिस साध्वी उमा भारती ने अपनी फायर ब्रांड छवि से मध्य प्रदेश में काबिज कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार को उखाड़ फेंका था, आज भारतीय जनता पार्टी साध्वी से परहेज कर रही है। यही कारण है कि उन्हें पहले सरकार से फिर संगठन से और अब चुनाव प्रचार से दूर किया गया हैं । स्टार प्रचारकों की सूची में उमा का नाम गायब है ।अपने मन में अधूरी इच्छाएं लेकर उमा भारती हिमालय की और कूच कर रही है। जाने से पहले उन्होंने दोहराया है कि कि मैं अपने मन की और जनता की इच्छा पार्टी के बड़े नेताओं और अपने भाई शिवराज सिंह चौहान को सौंप कर जा रही हूं। 90 के दशक से जिस साध्वी के इर्द-गिर्द देश की सत्ता चलती थी, वह उमा भारती जो कभी आडवाणी कैंप की सबसे बड़ी जन नेता के रूप में जानी जाती थी और बाबरी ढांचे को ध्वस्त करने में जिनकी अहम भूमिका थी, जनता के बीच पहुंचना और अपनी अद्भुत संवाद शैली से माहौल बदल देना उनकी विशेषता में शामिल था, उससे अब भारतीय जनता पार्टी का कैंप दूरी बनता जा रहा है।

वर्ष 2003 में जब कांग्रेस के दिग्गजों ने सत्ता अपने चंगुल में दबा रखी थी, उस वक्त एक अकेली साध्वी ने अपने दम पर मध्य प्रदेश में भगवा परचम लहराया और सत्ता पंजे के हाथों से छीनी थी । मात्र 8 महीने में कोर्ट के प्रकरण के चलते हुए तिरंगा यात्रा लेकर

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## कांग्रेस की लीडरशिप डेवलपमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा 28 अक्टूबर को लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम सुबह 11.30 बजे से गीतांजलि बैंक्वेट हॉल चिरौंदी में होगा। कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडेय, नेशनल कोऑर्डिनेटर के राजू, अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर शामिल होंगे। प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित उदयपुर चिंतन शिविर में निर्णय लिया गया था कि एससी और एसटी आरक्षित संसदीय और विधानसभा क्षेत्रों में वंचित वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन यानी नेतृत्व विकास ध्येय चलाया जाएगा।

समझौता > इंडिया गठबंधन बनने के बाद आपसी समझौता के आधार पर चुनाव प्रचार

# चुनाव प्रचार के लिए सीएम हेमंत सोरेन तैयार

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए बुलाये जाने वाले न्योता का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरे देश में आदिवासी चेहरा हैं और इकलौते आदिवासी मुख्यमंत्री हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें चुनाव प्रचार के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान जैसे राज्यों में जाना चाहिए, इसे लेकर किए गए सवाल पर सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने इन राज्यों में अपने पार्टी के उम्मीदवार नहीं उतारे हैं और चुनाव प्रचार में बुलाना ना बुलाना यह उन राजनीतिक दलों का काम है जो वहां चुनाव लड़ रहे हैं, इसमें हम क्या कह सकते हैं।देश में इंडिया गठबंधन बनने के बाद हेमंत सोरेन को समन्वयक के तौर पर गठबंधन में रखा गया। यह माना जा रहा था कि विभिन्न राज्यों में होने वाले चुनाव में जो आपसी समझौता होगा उस के तहत तमाम बड़े नेता चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे, लेकिन गठबंधन अभी अपने पैर पर खड़ा भी नहीं हुआ साथ ही गठबंधन की नीतियों पर सवाल भी उठने लगे। मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी और जनता दल यू द्वारा उम्मीदवार दिए जाने के बाद इस बात की चर्चा है कि इंडिया गठबंधन में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। इसी क्रम में हेमंत सोरेन से जब चुनाव प्रचार के लिए जाने की बात हुई तो उन्होंने कहा कि हमने कहीं पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं लेकिन चुनाव प्रचार में बुलाना ना बुलाना उन लोगों का काम है जो चुनाव लड़ रहे हैं।वहीं इस बाबत झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडे ने कहा कि हम इस बात के लिए तैयार हैं कि अगर हमें कहीं से बुलावा आता है तो हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार के लिए जाएंगे, लेकिन अभी तक किसी चुनाव प्रचार के लिए किसी राजनीतिक दल ने हमें बुलाया नहीं है। हम तैयार हैं, अगर हमें बुलावा आता है तो हम निश्चित तौर पर चुनाव प्रचार में जाएंगे।

## बीजेपी की संकल्प यात्रा का समापन समारोह के लिए सज-धज कर तैयार हुआ हरमू मैदान



**रांची:** संकल्प यात्रा के समापन मौके पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा रांची के हरमू मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम को झारखंड बीजेपी भव्य बनाने की तैयारी में है। शनिवार 28 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम आयोजित है। झारखंड बीजेपी की कमान संभालने के बाद बाबूलाल मरांडी ने 17 अगस्त को संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी, जिसके तहत राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।संगठन की वास्तविक स्थिति का आकलन और लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह संकल्प यात्रा बीजेपी के लिए खास है। यही वजह है कि भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए इस कार्यक्रम में शामिल होने की सहमति जताई है। जानकारी के मुताबिक 28 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे के करीब भाजपा अध्यक्ष दिल्ली से रांची पहुंचेंगे और करीब 4 घंटे रहने के बाद 5:10 पर रांची से रवाना होंगे।एक दिवसीय इस यात्रा के दौरान संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम में भाग लेने के अलावा जेपी नड्डा संघ के कार्यक्रम में भी शामिल होने की संभावना है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने इस संकल्प यात्रा को सफल बताते हुए कहा है कि संकल्प यात्रा का जहां एक तरफ समापन होगा। वहीं राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो जाएगी। भाजपा अध्यक्ष के आगमन को लेकर झारखंड बीजेपी के नेताओं और कार्यकताओं में उत्साह चरम पर है। मुख्य कार्यक्रम स्थल हरमू मैदान में भव्य मंच तैयार किया गया है। इसके अलावा कार्यकताओं के बैठने के लिए महानगर भाजपा द्वारा दीर्घा बनाई गई है, जहां करीब 10 हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है।हालांकि भाजपा नेताओं का मानना है कि संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम के मौके पर रांची, हटिया, कांके,मांडर, खिजरी और तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता और जनता आएगी जिसकी संख्या 60 हजार होगी। इसके अलावा राजधानी के विभिन्न स्थानों चौक चौराहों पर भाजपा अध्यक्ष के आगमन को लेकर बड़े बड़े होर्डिंग्स लगाए गए हैं। संकल्प यात्रा समापन कार्यक्रम के मौके पर मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का भी समापन होगा। जिसमें राज्य के विभिन्न गांव से लाई गई मिट्टी से भरा 312 कलश लाया जाएगा जिसे अमृत वाटिका निर्माण के लिए नई दिल्ली भेजा जाएगा।

## हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार छुपाने के लिए खेल रहे हैं आदिवासी कार्ड: बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** संकल्प यात्रा के अंतिम चरण में शुक्रवार को इचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा हुई। जनसभा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोला।जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदीजी गाँव गरीबों की चिंता करते हैं। केंद्र सरकार गाँव, गरीब, किसान, मजदूर और महिला के लिये समर्पित है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने गरीबी को करीब से देखा है। माँ बहनों की कठिनाइयों को देखा है इसलिए प्रधानमंत्री बनते ही उन्होंने माँ बहनों को ध्यान में रखकर सबसे पहले इज्जत घर शौचालय का निर्माण करवाया। कोविड काल में जब कल कारखाने बंद हुए तो मोदीजी ने सीधे खाते में पैसे डालने का कार्य किया। किसानों के खाते में सीधे पैसे आ रहे हैं। मोदीजी गरीबों के लिए अनाज भेज रहे हैं किंतु हेमंत सोरेन अनाजों की कालाबाजारी करवा रही है। अनाजों की चोरी करवाने वाले मुख्यमंत्री को हटाना है। मौके पर सांसद संजय सेठ और अन्य भी उपस्थित थे।बाबूलाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गैस कनेक्शन के साथ साथ गैस पर सब्सिडी भी दिया। जबकि 75 लाख बहनों को नया कनेक्शन देने की तैयारी चल रही है। कांग्रेस शासन में शहर वालों को ही गैस मिलता था। आज गाँव गाँव तक गैस पहुँच गया है। मोदीजी ने गरीबों को पक्का आवास उपलब्ध करवाया जबकि घोषणावीर हेमंत ने एक लाख अतिरिक्त तो क्या, मोदीजी द्वारा भेजे जा रहे पैसों का भी बंदरबाँट कर दिया। लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण देने का कार्य मोदीजी ने किया है। दुनिया के किसी देश में ऐसी व्यवस्था नहीं है।उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन कांग्रेस के गोद में बैठकर झारखंड आंदोलन करते रहे किंतु कांग्रेस ने अलग राज्य के सपने को साकार नहीं किया।

बाबूलाल की संकल्प यात्रा पर झामुमो का तंज

# राजधानी के सबसे छोटे मैदान में क्यों करा रहे हैं यात्रा का समापन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की संकल्प यात्रा का समापन 28 अक्टूबर को रांची के हरमू मैदान में होगा। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। भाजपा के संकल्प यात्रा को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने तंज कसा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि बाबूलाल की संकल्प यात्रा का कितना जनसमर्थन मिला है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उसका समापन राजधानी के हरमू मैदान में हो रहा है।राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सोरेन सरकार की नाकामियों भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध के खिलाफ 17 अगस्त 2023 से संकल्प यात्रा की शुरूआत की थी। अमर शहीद सिदो कान्हो की जन्मस्थली साहिबगंज के भोगनाडीह से संकल्प यात्रा की शुरूआत हुई थी।

उस समय के कार्यक्रम के अनुसार 10 अक्टूबर 2023 को ही इसका समापन रांची के मोरहाबादी मैदान में होना था। लेकिन संकल्प यात्रा के दौरान ही बाबूलाल मरांडी के कई अन्य जरूरी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह से संकल्प यात्रा अब शनिवार 28 अक्टूबर को समाप्त होने जा रही है।इस कार्यक्रम के समापन स्थल में भी बदलाव किया गया है। अब संकल्प यात्रा का समापन हरमू मैदान में होगा, इसकी भी तैयारी भी भाजपा ने शुरू कर दी है। इसी को लेकर झामुमो भाजपा और बाबूलाल मरांडी पर तंज कस रहा है कि जनता का समर्थन संकल्प यात्रा को नहीं मिला है इसलिए छोटे मैदान में भाजपा समापन कार्यक्रम कर रही है।झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव और झारखंड सरकार के कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य विनोद पांडेय ने अयोध्या राम लला के भव्य मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी की मौजूदगी के सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश पर भगवान श्रीराम मंदिर बना है। जहां तक रामलला की बात है, झामुमो साथ है। लेकिन इसके नाम पर राजनीति के खिलाफ झामुमो है। झारखंड मुक्ति मोर्चा भगवान श्री राम के प्रति आस्था के साथ है।

## पेज एक का शेष

### ज्योतिप्रिय मल्लिक को ईडी ने ......

में है। सूत्रों के मुताबिक अमित दोनों फ्लैट में बारी-बारी से रहता है। हालांकि, दोनों फ्लैट पर ताला लगा हुआ था। अमित को घर पर न पाकर ईडी के अधिकारियों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, ईडी की एक टीम बेलेघाटा में अमित के दोस्त और मंत्री के सहायक रोनी के घर पहुंची। दोपहर में ज्योतिप्री का सहायक अमित परिवार के पास घर लौटा। उनके साथ उनकी बुजुर्ग मां, पत्नी और बच्चे भी थे। अपने ही मंत्री के घर पर सर्च ऑपरेशन को लेकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार दोपहर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा, मैंने सुना है कि ईडी के जासूस घर-घर जाते हैं और तलाशी के नाम पर चीनी का बरतन भी उलट रहे हैं, घी को शीशी से गिरा रहे हैं। घर की लड़कियों के पास कितने तरह के कपड़े और पोशाकें हैं, कितनी साड़ियाँ हैं, यह भी खोजा जाता है। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। बालू (ज्योतिप्रिया मलिक का उपनाम) मधुमेह रोगी हैं। अगर उन्हें कुछ हुआ तो मैं भाजपा और ईडी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराऊंगी।

### पश्चिम अंटार्कटिका में बर्फ .. ..

रूप से अमुंडसेन सागर क्षेत्र के वार्मिंग द्वारा संचालित किया जा सकता है। सामूहिक रूप से वेस्ट अंटार्कटिक बर्फ की चादर में वैश्विक औसत समुद्र-स्तर को पांच मीटर तक बढ़ाने के लिए पर्याप्त बर्फ होती है। समुद्री जलस्तर का पांच मीटर ऊंचा उठने का अर्थ दुनिया के अनेक शहरों का समुद्र में डूब पाना अथवा वहां इंसानी बस्तियों का उजड़ जाना है। दुनिया भर में लाखों लोग तट के पास रहते हैं और ये समुदाय समुद्र के स्तर में वृद्धि से बहुत प्रभावित होंगे। भविष्य के परिवर्तनों की बेहतर समझ से नीति निमार्ताओं को आगे की योजना बनाने और अधिक आसानी से अनुकूलित करने की अनुमति मिलेगी।

सभी परिदृश्यों के परिणामस्वरूप अमुंडसेन सागर के महत्वपूर्ण और व्यापक भविष्य के वार्मिंग हुई और इसके बर्फ के चट्टानों के पिघलने में वृद्धि हुई। तीन निम्न-श्रेणी के परिदृश्यों ने 21 वीं सदी में लगभग समान मार्गों का पालन किया। समुद्र में तैरती बर्फ की अलमारियों को पिघलाया, जो अंतदेर्शीय ग्लेशियरों को स्थिर करते हैं, हालांकि यह सदी के अंत तक समतल करना शुरू कर दिया था।

सबसे खराब स्थिति के परिदृश्य में दूसरों की तुलना में अधिक बर्फ शेल्फ पिघलना था, लेकिन 2045 के बाद ही। लेखकों ने ध्यान दिया कि यह उच्च जीवाश्म ईंधन परिदृश्य, जहां उत्सर्जन तेजी से बढ़ता है, को होने की संभावना नहीं माना जाता है।

यह अध्ययन अमुंडसेन समुद्री बर्फ-शेल्फ पिघलने के भविष्य के अनुमानों को प्रस्तुत करता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को सीमित करने में शमन के महत्व को कम नहीं करता है।

यह चेतावनी दी गयी है कि हमें जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए काम बंद करना चाहिए। अब हम जो करते हैं, वह लंबे समय में समुद्र के स्तर में वृद्धि की दर को धीमा करने में मदद करेगा। समुद्र के स्तर में धीमी गति से बदलता है, सरकारों के लिए उतना ही आसान होगा। और समाज के अनुकूल होने के लिए, भले ही इसे रोका नहीं जा सकता।

### साध्वी को अब नहीं साधेगी .. ..

दक्षिण भारत चली गई और उसके बाद जब लौटी तो पार्टी ने उन्हें कभी पटरी पर नहीं आने दिया।

पार्टी के कुछ केंद्रीय नेताओं से नाराज होकर उन्होंने जनशक्ति पार्टी का गठन भी किया और बागी तेवर भी अपनाएं। भाजपा ने हिंदुत्व के मुद्दे पर काम करने वाली फायर ब्रांड साध्वी को तब साधने की कोशिश की, लेकिन वह स्थान नहीं दिया जिसकी वो हकदार थी।तब से लेकर आज तक कई मौकों पर वह बोलती रही है कि मेरी अपेक्षा हो रही है.. उपेक्षा का स्तर इस हद तक आ गया कि उन्होंने जब शराब बंदी को लेकर मध्य प्रदेश में आंदोलन छेड़ा तो पार्टी ने उन्हें सार्वजनिक मंचों पर बुलाना बंद कर दिया। संगठन हो या सरकार कहीं भी उमा भारती को महत्व नहीं मिला ।उन्होंने शराब की दुकानों पर खुद जाकर शराब बंदी करने के जतन किए , आंदोलन किया विद्रोह किया, अपनी सरकार को भी घेरा लेकिन वे अपनी बात को मनवा पाने में सफल नहीं हो पाई।अपने भतीजे राहुल लोधी को विधायक बनवाने में सफल जरूर हो गई। लेकिन उन्हें मंज़िल नसीब नहीं हुई। अब जबकि देश में योगी आदित्यनाथ के केसरिया रंग की लहर चल रही है और हिंदुत्व के एजेंडे पर भाजपा में काम हो रहा है ऐसी स्थिति में भी उमा भारती के साथ पार्टी की दूरी विश्लेषकों को चिंतित कर रही है। हाल ही में उन्होंने एक सार्वजनिक बयान दिया, जिसमें कहा कि मैं अब हिमालय जा रही हूं और वहां जाकर चिंतन करूंगी।

## झारखंड बचाओ मोर्चा के हो रहे राज्यस्तरीय सम्मेलन राज्य के झारखंडी समाज के लिए मिल का पत्थर: नायक

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड बचाओ मोर्चा के हो रहे राज्यस्तरीय सम्मेलन राज्य के झारखंडी समाज के लिए मिल का पत्थर साबित होगा और एक नई दिशा झारखंड को प्रदान करने का काम करेगा विजय शंकर नायक उपरोक्त बातें झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने आज कहीं । इन्होंने यह भी बताया की झारखंड बचाओ मोर्चा का राज स्तरीय सम्मेलन दिनांक :- 29/10/ 23 को समय 11:00 बजे दिन रविवार को कार्निवल वेंकट हॉल ,बाईपास रोड, डीबाडीह, रांची में होना तय हुआ है जिसमें हजारों हजारों की संख्या में राज्य के सभी जिलों से झारखंड बचाओ मोर्चा के वरीय नेता एवं कार्यकर्तागण उपस्थित होंगे और झारखंड को एक नई दिशा देने में अपनी ऐतिहासिक भूमिका निभाएंगे। उक्त कार्यक्रम में झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय मुख्य संयोजक सह विधायक लोबिन हेंब्रम मुख्य रूप से कार्यक्रम में भाग लेंगे तथा झारखंड को एक नई दिशा देने हेतु झारखंड बचाओ मोर्चा के नेताओं एवं कार्यकताओं को संबोधित करेंगे । श्री नायक ने तमाम झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के छात्र युवा मजदूर नौजवान किसानों से खासकर झारखंड आंदोलनकारी साथियों से अपील किया है कि वे झारखंड बचाओ मोर्चा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में हजारों हजार की संख्या में उपस्थित होकर झारखंड में अपने हक और अधिकार की लड़ाई को गति देने में अपना ऐतिहासिक सक्रिय योगदान देने का काम करें ताकि झारखंड राज्य निर्माण के उद्देश्यों की पूर्ति एवं झारखंडी समाज के महापुरुषों के देखे गए सपनों को पूरा किया जा सके ।

## दिल्ली में सीएम हेमंत सोरेन, मां रुपी सोरेन का करा रहे हैं इलाज

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** सीएम हेमंत सोरेन दिल्ली में हैं। वो अपनी मां रुपी सोरेन की इलाज के लिए गए हैं। उनकी मां दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। वो किडनी की मरीज हैं। 25 अक्टूबर को उन्हें भर्ती कराया गया था।सीएम हेमंत सोरेन अपनी मां के इलाज के लिए दिल्ली में हैं। उनकी मां का इलाज दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में चल रहा। उनकी पत्नी कल्पना सोरेन पहले से ही दिल्ली में हैं। 25 अक्टूबर को वो अपनी सास रुपी सोरेन को रांची से इलाज के लिए दिल्ली लेकर आई थीं।बता दें कि 25 अक्टूबर की शाम रांची में सीएम हेमंत सोरेन की मां की तबीयत अचानक खराब हो गई थी। जिसके बाद सीएम की पत्नी उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली लेकर आईं थीं। बता दें कि रूपी सोरेन को पिछले दिनों रांची के निजी अस्पताल हिल व्यू में भर्ती कराया गया था। उनके पेंक्रियाज में इंफेक्शन था। दो दिन में वहां से उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया था। अचानक फिर से तबीयत बिगड़ने पर उन्हें दिल्ली ले जाया गया है। बता दें कि पिछले साल रुपी सोरेन को हैदराबाद इलाज के लिए लाया गया था।यहां बताते चलें कि जेएमएम सुप्रीमो शिबू सोरेन भी तबीयत खराब होने की वजह से दिल्ली में हैं। वहां वो आवास पर ही डॉक्टरों की देखरेख में इलाज करा रहे हैं। बता दें कि सितंबर महीने में सांस की तकलीफ होने के बाद शिबू सोरेन को भी सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

नयी पारी > दास ने जेपी नड्डा से की मुलाकात,बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से दिया इस्तीफा, कहा

# ईमानदारी से निभाऊंगा राज्यपाल का दायित्व:रघुवर



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गुरुवार को दिल्ली में अपना इस्तीफा सौंपा। रघुवर दास ओडिशा के राज्यपाल बनाए गए हैं। 31 अक्टूबर को वो शपथ लेंगे।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने गुरुवार को दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं से मिलकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। वहीं उन्होंने संगठन मंत्री बीएल संतोष से भी मुलाकात की। इस्तीफा देने से पहले उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर रघुवर दास ने उन्हें नई जिम्मेदारी देने के लिए धन्यवाद दिया।मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने लिखा है कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को अपना इस्तीफा सौंपा। यह बड़ा ही भावुक पल मेरे लिए रहा। भाजपा के गठन के समय से ही पार्टी का जमीनी कार्यकर्ता रहा। एक मजदूर को पार्टी ने राज्य का मुख्यमंत्री बनाया। इसके अलावा और भी कई जिम्मेदारी दी गई। इस्तीफा देते समय सभी यादें ताजा हो गई हैं। उन्होंने लिखा है कि मैंने पूरी ईमानदारी से झारखंड लोगों की सेवा की है। अब ओडिशा के लोगों की सेवा करूंगा।उन्होंने इस नई जिम्मेदारी के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को धन्यवाद दिया है। कहा कि उन्हें जो राज्यपाल का दायित्व सौंपा गया है। उसे पूरी ईमानदारी और तन्यता से निभाने का प्रयास करूंगा।



### विद्यालय का दरवाजा तोड़ चोरी, एफआईआर दर्ज

**जगदीशपुर** : प्रखंड के नया प्राथमिक विद्यालय बरदपरवा बाल अनु.जाति टोला उतरवारी जंगल महाल में ताला और खिड़की का ग्रील तोड़कर समान चोरी कर लिया गया है। इस संबंध मे प्रधान शिक्षक गंगा प्रसाद ने जगदीशपुर थाना में एफआईआर दर्ज कराया है। जिसमें कहा है कि दशहरा की छुट्टी मे विद्यालय बंद था। जब 26 अक्टूबर को विधालय खुला तो देखा गया कि ताला टुटा था और खिड़की की ग्रील। दरवाजे और दीवाल पर गंदी गंदी गाली लिखा गया था। साथ ही कुर्सी, बेंच, किताब और बक्सा सहित कई अन्य समानो को चोरी किया गया था। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की पड़ताल कर रही है।

# शिक्षक शुकदेव चौधरी का जीवन आज के शिक्षा प्रेमियों के लिये अनुकरणीय

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक किए गए सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**गया:** शुकदेव-यशोदा जन सेवा संस्थान गया के बैनर तले यशोदा सदन परिसर में जाने-माने आदर्श शिक्षक शुकदेव चौधरी की 13 वीं पुण्यतिथि तिलैया पंचायत के मुखिया अशोक यादव की अध्यक्षता में समारोह पूर्वक मनाई गई। शुकदेव चौधरी की आदमकद प्रतिमा पर गण्यमान्य लोगों ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोपगुट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ज्येष्ठ पुत्र वीरेंद्र कुमार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।मुख्य अतिथि अखिल भारतीय पासी समाज के जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वर्गीय चौधरी एक महान शिक्षक थे।उन्होंने अध्यापक एवं समाजसेवी के रूप में अपने कर्तव्यों का पूर्ण निष्ठा के साथ



समाज की सेवा की है। विद्यार्थी और विशेष कर अभिवंचित समाज को शिक्षित करने का जो मिसाल कायम की है। वह आज के शिक्षकों एवं शिक्षा प्रेमियों के लिए अनुकरणीय है । ग्राम पंचायत के मुखिया अशोक यादव ने कहा कि स्वर्गीय चौधरी एक आदर्श शिक्षक थे, जिन्होंने अध्यापक एवं पथ प्रदर्शक के रूप में कार्य करते हुए अनेक दिशाहीन व भूले -भटके विद्यार्थियों का जीवन संवार कर उनके मानस पटल पर अमिट छाप छोड़ा है।

स्मृति दिवस के अवसर पर में शिक्षा के क्षेत्र में प्रशासनीय व उत्कृष्ट अध्यापन सेवा के लिए मध्य विद्यालय सूर्यपूरा बोधगया के प्रधानाचार्य बैद्यनाथ कुमार एवं शिक्षा विभाग दुगार्पुर इस्पात संयंत्र के वरिष्ठ व्याख्याता रामेश्वर चौधरी को शुकदेव चौधरी शिक्षा रत्न अवार्ड - 2023 प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सामान शुकदेव यशोदा जन सेवा संस्थान के संरक्षक यशोदा देवी एवं मुखिया अशोक यादव, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोप गुट)मूल के प्रमंडलीय संयोजक विनोद कुमार ने संयुक्त रूप से प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह ,मेडल एवं शाल ओढ़ाकर संयुक्त रूप से सम्मानित किया।

मौके पर रक्षा मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर संजय प्रसाद सुमन , इम्तियाज आलम , प्रधानाचार्य इंद्रदेव रविदास, रामप्रवेश प्रसाद विकास रिक्यआसन, प्रमोद चौधरी हैं ,धनेश्वरी कुमारी ,चंदन कुमार, जिला परिषद सदस्य ललन कुमार चौधरी उर्फ संतोष कुमार, अमित कुमार ,संदीप कुमार, मनोरंजन कुमार आदि उपस्थित थे।

## शोक सभा का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा** : शुक्रवार को त्रिलोकी आश्रम बगहा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता मधुसूदन उपाध्याय के स्वर्गवास हो जाने पर शोक सभा का आयोजन किया गया। सभी ने मौन रहते हुए मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इसके उपरांत सभी ने उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके निधन को पार्टी के लिए अतुलनीय क्षति बताया गया। इसमें प्रखण्ड बगहा दो कांग्रेस अध्यक्ष देवनाथ शुक्ल, रामाशंकर दूबे,प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि जीतेन्द्र राव, पार्षद प्रतिनिधि कमलेश पटेल,राजदीप कुमार , विनय उपाध्याय, जीतेन्द्र कुमार,दीपक राव अविनाश कुमार, प्रेम सागर सिंह, कुन्दन सिंह आदि शामिल थे।

## आगगी में दो घर जले, खाद्यान्न, वस्त्र, बर्तन और कागजात स्वाहा



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया,प.च.:** प्रखंड क्षेत्र के नौतन खुर्द पंचायत के वार्ड नम्बर 14 सिरकहिया में बीती रात अचानक आग लगने से झोपड़ीनुमा दो घर जलकर खाक हो गए। पंचायत के उपमुखिया जयप्रकाश यादव ने इस आग लगी की सूचना सीओ व राजस्व कर्मचारी को दे दिया है। इस अ ाग लगी में अचानक आग लगने से हजारों मुल्य के कपड़ा, बर्तन, खाद्यान्न जल गए। इस आग लगी में मुस्मात सुभावती देवी, अमेरिका यादव का फुस का घर जल कर राख हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। बताया जाता है कि पड़ोस में एक भोज समारोह में अग्नि पीड़ित के परिवार गए, तभी अचानक आग लगने से घर जल कर राख हो गया।

# रबी महाभियान सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर** : रबी महाभियान सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को दलीपपुर स्थित ई किसान भवनमें किया गया। विधिवत उदघाटन जिला पार्षद मो मुस्लिम, प्रखण्ड आत्मा अध्यक्ष अनिल कुशवाहा व कृषि विभाग के पदाधिकारियो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिला कृषि कार्यालय से सहायक निदेशक प्रक्षेत्र ब्रजेश कुमार,आत्मा के परियोजना निदेशक राणा राजीव रंजन, केवीके के बैज्ञानिक सचिदानंद सिंह, जगदीशपुर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी संजय राय व प्रखंड कृषि पदाधिकारी बीरेंद्र विक्रम के साथ कृषि समन्वयक अजय



कुमार पांडेय, कृष्णा कुमार, हरिभूषण, संजीत राय, आशीष रंजन, राजीव सैनी राजकुमार शर्मा प्रखंड उद्यान पदाधिकारी सन्तोष कुमार सिंह और सभी किसान सलाहकार उपस्थित रहे। उपस्थित किसानों को उद्यान की योजनाएं, आत्मा की योजना औ कृषि विभाग की संचालित योजनाए यथा बीज वितरण,कृषि यंत्रीकरण,मिट्टी जांच अभियान, जैविक खेती, पीएम किसान के लाभार्थी किसानों के ई के वाई सी और एनपीसीआई लिंकिंग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कृषि बैज्ञानिक श्री सचिदानंद सिंह ने रबी में गेहूं, चना, मसूर, सरसो फसल की बुआई ,बीजोपचार, उर्वरक प्रबंधन, सिचाई तथा फसल उपचार रोग नियंत्रण की सम्पूर्ण जानकारी दी। जिला परिषद के सदस्य मो मुस्लिम ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओ का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया और बिभागीय पदाधिकारियो से किसानों की समश्याओ के त्वरित निराकरण करने की अनुरोध की। इस आयोजन को सफल बनाने में सहायक तकनीकी प्रबंधक रामदेव यादव,रवि कुमार का योगदान सरहानीय रहा।

## डॉ. सीएल आचार्य की पूर्वी अनुसंधान परिसर के वैज्ञानिकों के साथ वार्ता संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**पटना** : भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर में डॉ. सीएल. आचार्य, पूर्व निदेशक, भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान, भोपाल एवं पूर्व निदेशक, शिक्षा विस्तार, सी.एस.के.एच.पी.के.वी., पालमपुर ने शोध प्रक्षेत्र का भ्रमण किया और संस्थान के वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। इस दौरान उनके साथ डॉ. मसूद अली ,पूर्व निदेशक, भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान, कानपुर और डॉ. के. जी. मंडल, निदेशक, महात्मा गांधी समेकित कृषि अनुसंधान संस्थान, पिपराकोठी, मोतिहारी भी मौजूद रहे। संस्थान के कार्यवाहक निदेशक एवं प्रमुख, भूमि एवं जल प्रबंधन प्रभाग, डॉ. आशुतोष उपाध्याय, ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा कृषि क्षेत्र में संस्थान के योगदान एवं संस्थान की प्रगतिशील अनुसंधान गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण दिया। डॉ. आचार्य ने सभी वैज्ञानिकों से कृषि अनुसंधान को उत्कृष्ट बनाने हेतु किसानों के साथ काम करने, सीखने और सिखाने की भावना के साथ सिस्टम मोड में काम करने पर जोर दिया। डॉ. अली ने वैज्ञानिकों को परती जमीन पर किसानों के साथ मिलकर कार्य करने पर जोर दिया। डॉ. मंडल ने वैज्ञानिकों को नए शोध करने और कठिन परिश्रम हेतु प्रोत्साहित किया। इस वैज्ञानिक बैठक के अंत में डॉ. कमल शर्मा, प्रमुख, पशुधन एवं मात्स्यिकी प्रबंधन प्रभाग ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं मंच का संचालन डॉ. मनीषा टम्टा ने किया।

### जदयू कोटे से बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र एवं फूलमाला से किया गया सम्मानित

**मोतिहारी पू चं:** जनता दल यूनाइटेड के जिला कार्यालय कपूर्री सभागार में जिला अध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में जदयू कोटे से जिले के सभी नव मनोनीत जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों को अंगवस्त्र एवं फूलमाला से सम्मानित किया गया। सभी बीस सूत्री सदस्यों ने जिला अध्यक्ष मंजू देवी को जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर अंग वस्त्र, बुके एवं फूल माला देकर सम्मानित किया। मनोनीत होने वालों में शमार्नंद साहनी, सुनील भूषण ठाकुर, सरिता देवी पटेल, पूर्व विधायक रजिया खातून, शोभा सिंह, शकील अंसारी, ब्रजेश श्रीवास्तव,अभिषेक प्रकाश रजक हैं।साथ व्यावसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष संजय कुमार मोदी एवं महानगर अध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता को अंग वस्त्र एवं फूल माला से जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने सम्मानित किया। उनके मनोनयन से व्यवसायिक एवं उद्योग प्रकोष्ठ काफी मजबूत होगा। जिला अध्यक्ष मंजू देवी ने कहा इन सभी सदस्यों के मनोनयन से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए गए विभिन्न योजनाओं का देख रेख एवं समीक्षा कर योजनाओं को धरातल पर उतारने में काफी सहयोग मिलेगा। इस मौके पर प्रोफेसर दिनेश चंद्र प्रसाद, चुन्नू मिश्रा आदि लोग उपस्थित थे। उपरोक्त आशय की जानकारी जिलाध्यक्ष मंजू देवी के हवाले से जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल (सरपंच) ने दी।

## पितृपक्ष मेले में बेहतर प्रबंधन के लिए डीएम के कार्यों की हुई प्रशंसा, किये गये सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**गया** : पितृपक्ष मेला एवं दुर्गा पूजा के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के महानगर अध्यक्ष शिवलाल टईया ने जिला प्रशासन,नगर निगम एवं गया पुलिस को बधाई दी है। अध्यक्ष ने अपने टीम के साथ डीएम डॉ त्यागराजन एस एम को अंग वस्त्र एवं विष्णु चरण प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि पितृपक्ष मेले में बेहतर प्रबंधन एवं दुर्गा पूजा में सुरक्षा व्यवस्था, विधि व्यवस्था,साफ सफाई एवं तीर्थयात्रियों की सुख सुविधाओं का ख्याल जिला प्रशासन की ओर से रखा गया। पितृपक्ष मेले में बेहतर व्यवस्था से तीर्थ यात्री संतुष्ट होकर लौटे हैं। इतने बड़े मेले को संपन्न



करना प्रशासन के लिए एक चुनौती बनी हुई थी।पंडा समाज भी प्रशासन के साथ कम से कदम मिलाकर मेला को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सहयोग किया है। जिसका श्रेय जिला पदाधिकारी डॉ त्याग राजन एस एम को जाता है। जिन्होंने कुशलतापूर्वक मेले का आयोजन कर पूरे देश में गया जी की बेहतर छवि बनी है।वही गया नगर निगम की ओर से मेला क्षेत्र में बेहतर सफाई व्यवस्था, पर्याप्त रोशनी, गया जी डैम के जल को स्वच्छ रखने के लिए नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने सक्रियता दिखाई। इनके कुशल निर्देशन में पितृपक्ष मेला एवं दुर्गा पूजा में बेहतर सफाई व्यवस्था रही।

## भगवान रामचंद्र जी के राज्याभिषेक के साथ रामलीला का हुआ समापन

### भगवान राम करोड़ो हिंदू धमार्लंबियों के आराध्य देवः डॉ प्रेम

राष्ट्रीय खबर

**गया** : दशहरे के मौके पर स्थानीय आजाद पार्क में श्री आदर्श लीला समिति की ओर से रामलीला का आयोजन किया गया था। जिसका समापन भगवान रामचंद्र जी के राज्याभिषेक के साथ हुआ। कोतवाली चौक के पास भारत मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भगवान श्री रामचंद्र जी महाराज के द्वारा रावण वध किए जाने के बाद चार भाइयों ने आपस में गले मिलकर भावुक हो गए। राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न और जानकी सीता दोनों गले मिले तो दर्शक भाव विभोर हो गए। चारों भाई के नेत्रों से खुशी की आंसू आई गई। इसके पूर्व श्री आदर्श लीला समिति की ओर से भगवान राम की एक भव्य शोभायात्रा पूरे बैंड बाजे के साथ निकाली गई,जो प्रमुख मार्गो से होते हुए स्थानीय कोतवाली चौक पहुंची। इसके बाद भगवान राम जी का राज्याभिषेक कराया गया।इस अवसर पर पूर्व मंत्री संगर विधायक डॉ प्रेम कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान राम करोड़ो हिंदू सनातन धमार्लंबियों के आराध्य देव है।आज हमारी भारतीय संस्कृति राम के आदर्श पर चल रही है।उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। भगवान राम के आदर्शों और विचारों पर चलकर भारत विश्व गुरु बन सकता है। इस बीच रामलीला में बेहतर भूमिका निभाने वाले कलाकारों एवं समिति से जुड़े पदाधिकारियों को अंगवस्त्र और तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। समापन समारोह में नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार, समिति के संयोजक मोहन श्रीवास्तव, श्री आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष कुमार गौरव, महासचिव नवीन कुमार गुप्ता, डॉ वीरेंद्र कुमार, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ नंदकिशोर गुप्ता,राष्ट्रीय महिला परिषद की जिला अध्यक्ष मधु शर्मा, अनिल प्रीतम, वीरेंद्र कुमार एवं शिवा पांडेय आदि लोग उपस्थित थे।

## पुलिस ने चोरी हुई बाइक किया बरामद

**कोचस (रोहतास):** नगर पंचायत के डाक बंगला मार्केट के समीप से चोरी गई हीरो होंडा बाइक को कोचस पुलिस ने शुक्रवार को कैमूर जिले के मोहनिया बाजार के समीप से बरामद कर ली है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष अमोद कुमार ने बताया कि लगभग पांच माह पूर्व कोचस के डाक बंगला मार्केट से सावनबहार निवासी कमल कुमार राय का हीरो होंडा स्प्लेंडर बाइक जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर 01 ओपी 6220 बाइक को अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली थी। इसकी शिकायत पीड़िता के तरफ से कोचस थाने मे लिखित आवदेन दे प्राथमिक की दर्ज कराई गई थी। तभी अनुसंधान में रहे अधिकारी के द्वारा कैमूर पुलिस के सहयोग से कैमूर के मोहनिया के समीप लावारिस हालत में बरामद कर ली गई है। वही कोचस पुलिस जप्त बाइक को अपने कब्जे में ले कोचस थाने लाई जहां इसकी सूचना बाइक मलिक को दे सौंप दिया है।

### भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सीतामढ़ी की टीम राजगीर रवाना

**सीतामढ़ी** : राजगीर में आयोजित यूथ व जूनियर-सीनियर राज्यस्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सीतामढ़ी की टीम रौशनी कुमारी एवं अनामिका सिंह के नेतृत्व में डुमरा से राजगीर के लिए रवाना हुआ। टीम को पावरलिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष पंकज रमण ने विदा किया और सभी खिलाड़ियों को मेडल जितने की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा की सीतामढ़ी जिला में भारोत्तोलन खेल काफी लोकप्रिय है और यहाँ के बच्चे अब राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके है। टीम में बालिका वर्ग में अंशु कुमारी मिट्ठू कुमारी प्रेरणा कुमारी गुंजा कुमारी सुधा कुमारी रूपा कुमारी एवं बालक वर्ग में रूद्र प्रताप सिंह दिलीप कुमार अनुभव कुमार सिबिल नोमानी विपुल कुमार एवं अलोक कुमार है। सीतामढ़ी जिला भारोत्तोलन संघ के सचिव सतीश कुमार ने बताया की राज्य स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता 26 से 29 अक्टूबर तक आयोजित है।

# उपलब्धि:फूड प्रोसेसिंग में उत्कृष्ट कार्य करने पर व्यवसायी प्रमोद भदानी को मिला बीपी गुप्ता अवार्ड

## राज्यपाल ने मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

राष्ट्रीय खबर

**गया** : शहर के चर्चित मिष्ठान व्यवसायी एवं प्रमोद लडडू भंडार के प्रोपराइटर प्रमोद कुमार भदानी को बीते दिनों पटना में बिहार उद्योग संघ के वार्षिक समारोह में बीपी गुप्ता मेमोरियल अवार्ड-2022-23 से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर के हाथो प्रोसेसिंग यूनिट के लिए फूड इंडस्ट्रीज के क्षेत्र में पूरे बिहार में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया है। राज्यपाल ने इन्हें मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया



और प्रशंसा की।

बताते चलें कि प्रमोद कुमार भदानी सन 1986 में छोटे स्वरूप से लड्डू बनाने का कार्य शुरू किया था। तब से लेकर आज तक मिठाइयों की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं किया और लोगों के दिल में छा गए।उस समय उनके लड्डू का स्वाद चखने के लिए लोग शौक से लड्डू खरीदते थे। लंबे संघर्ष और कठिन परिश्रम के उपरांत इन्होंने अपने लड्डू के व्यापार को धीरे-धीरे विस्तृत किया और आज प्रमोद कन्फेक्शनरी एंड फूड प्रोडक्ट्स के नाम से पूरे बिहार ही नहीं बल्कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश,दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में प्रमोद ब्रांड प्रोडक्ट्स ग्राहकों के लिये पहली पसंद बन चुके हैं। वर्तमान में गया शहर के अलावे राजधानी पटना में इनके कई मिठाई के शोरूम खुल चुके हैं। जहां 200 से अधिक प्रकार के मिठाइयों का रेंज उपलब्ध रहता है। इन्हें अवार्ड दिये जाने पर सेंट्रल बिहार चैंबर ऑफ कॉमर्स से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बता दें की बीपी गुप्ता मेमोरियल अवार्ड खाद्य प्रसंस्करण एवं कृषि उद्योग क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया जाता है।

### नेपाल में कट्टा के साथ भारतीय लड़की गिरफ्तार

**जनकपुर / नेपाल :** धनुषा के जनकपुर से एक भारतीय लड़की को पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार लड़की भारत के बिहार राज्य जिला, लक्खी सराय ग्राम पंचायत, बड़ी पोखरी-9 निवासी पप्पू सहनी की 16 वर्षीय बेटी पूजा कुमारी है। सहनी को रेलवे सुरक्षा बेस जनकपुर की एक सशस्त्र पुलिस टीम ने जनकपुरधाम में रेलवे स्टेशन के पास हनुमान मंदिर से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सहनी के पास से नगद कैश, नेपाली रुपये, भारतीय सिम और चांदी जैसी दिखने वाली माला जब्त की है। पुलिस ने बताया कि लड़की को रेलवे सुरक्षा स्टेशन जनकपुरधाम में रखा गया है और आगे की जांच की जा रही है।

### अनुमंडलीय अस्पताल जीएनएम की करंट लगने से मौत

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** अनुमंडलीय अस्पताल कर्मी लगभग 34 वर्षीय जीएनएम कंचन कुमारी की शुक्रवार की सुबह विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह शहर स्थित एक किराये के मकान में रहती थी। जो शुक्रवार की सुबह करंट लगने से घर में बेहोशी की हालत में मिली। जिसे स्थानीय लोगों की मदद से प्राथमिक इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार क्रम में ही उसने दम तोड़ दिया। जिसको लेकर पूरे अस्पताल परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल के जीएनएम कंचन कुमारी बहुत ही कुशल,नेक एवं ईमानदार छवि की महिला थी। उनका असमय चले जाना अस्पताल परिवार में अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर अस्पताल परिसर में उनकी मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई । मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के वरीय स्वास्थ्य अधिकारी,कर्मचारी एवं गार्ड लोग उपस्थित थें।

# मदनपुर देवी स्थान पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जाम हटाने में छूटे प्रशासन के पसीने

## शारदीय नवरात्र के समापन व शुक्रवार को उमड़ी अप्रत्याशित भीड़

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** मदनपुर देवी स्थान पर शुक्रवार को दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। वीटीआर के मदनपुर जंगल में स्थित शक्तिपीठ देवी मंदिर में पहुँचने की जद्दोजहद में मदनपुर-पनियहवा सड़क सुबह से लेकर दोपहर बाद तक जाम रहा। मदनपुर देवी स्थान के प्रवेश द्वार से लेकर यूपी की तरफ जाने वाले रास्ते में दिल्ली कैंप के समीप तक जाम लगा हुआ था तो वही दूसरी तरफ बिहार-नेपाल जाने वाले रास्ते में मदनपुर गांव के मोड़ के समीप तक गाड़ियों की लाइन लगी हुई नजर आई। इस दौरान श्रद्धालुओं में शामिल बुढे, बच्चे व महिलाएं गर्मी से परेशान व पसीने से लथपथ नजर आ रहे थे। हालाकि इन सब के बीच स्थानीय नौरंगिया थाना के पुलिसकर्मियों की टीम भी पसीने से तर-बतर होते हुए जाम खुलवाने में लगी हुई थी किंतु श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़ के सामने पुलिस बल की संख्या नाकाफी साबित हो रही थी । इस दौरान बीच-बीच में जाम रेंगती हुई नजर आ रही थी। इसमें फंसे वाहन सवार कभी-कभी आपस में भिड़ते हुए भी देखें जा रहे थे। मौके पर मौजूद पुलिस किसी तरह उन्हें समझा-बुझाकर शांत कराकर आगे बढाते नजर आ रही थी। दोपहर बाद पहुँचे थानाध्यक्ष के काफी मशक्कत करने के बाद जाम खुला। तब जाकर राहगीरों ने राहत की सांस ली। पड़ताल करने पर पता चला कि शारदीय नवरात्र के पश्चात यह पहला शुभ दिन है तथा इसका समापन कल शनिवार को हो जाएगा। चतुर्दशी और आखिरी शुभ दिन होने के कारण शुक्रवार के सुबह से हीं मदनपुर देवी मंदिर श्रद्धालु पहुंचने लगे थे। जिससे पहले मंदिर परिसर व आसपास की जगह पूरी तरह से भर गया।उसके बाद आने वाले श्रद्धालुओं की वाहनों की लाइनें लगने लगी। सड़क किनारे श्रद्धालुओं के ट्रैक्टर, बोलेरो, स्कॉर्पियो, टैंपू आदि वाहन बेतरबी से लगी हुई थी। जिसके कारण सड़क आधी जाम हो गई और बाकी बाद में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों से भरने लगी। इसी बीच 20 मिनट के अंतराल में एक मालगाडी. तथा एक पैसेंजर ट्रेन के गुजरने से हनुमानगढ़ी स्थित रेलवे का फाटक बंद हुआ जिससे गाड़ियों का आवागमन भी ठप हो गया जो रेलवे फाटक खुलने के बाद भी करीब करीब ठप्प हीं रहा। श्रद्धालुओं के अलावे इस मार्ग से गुजरने वाली अन्य सवारी व निजी वाहनों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। जाम इतना भीषण लगा कि वाहनों की दूर तक लंबी लाइनें लग गई। दोपहर बाद कई घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने जाम खुलवाया। जाम खुलने पर श्रद्धालुओं व राहीगरों ने राहत की सांस ली।

इस बाबत नौरंगिया थानाध्यक्ष राजेश कुमार झाँ ने बताया कि दशहरा के बाद पहले शुक्रवार को श्रद्धालुओं के भीड़ बेतहाशा बढ़ गयी। जिस कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। सूचना पर मैं स्वयं पहुंचकर मदनपुर में तैनात पुलिस कर्मियों के साथ जाम खुलवाया। उन्होंने आगे बताया कि देवी स्थान पर पूजा अर्चना के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी मगर श्रद्धालुओं द्वारा यत्र तत्र वाहनों को मार्ग पर खड़ा करने से जाम की समस्या उत्पन्न हुई जिसको दोपहर बाद सुचारू कर दिया गया।



### मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कार्य संपन्न

**जगदीशपुर/भोजपुर :** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया द्वारा जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया गया। दावा आपत्ति दाखिल करने की अवधि 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक निर्धारित है। इस अवधि में

प्रारूप प्रकाशन में छूटे निर्वाचक फॉर्म 6 में दावा करेंगे ।आक्षेप फॉर्म 7 में एवम नाम आदि में संशोधन हेतु फॉर्म 8 में आवेदन करेंगे। इसी क्रम में 28 एवं 29 अक्टूबर तथा 25 एवं 26 नवम्बर 2023 को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाना है। जिसमे सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ उपस्थित रहकर दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे

## न्यूज फटाफट

### युवक पर जानलेवा हमला मामले का आरोपी गिरफ्तार

**बगहा:** पठखौली ओपी अंतर्गत मलकौली चौक पर मंगलवार को हुए आपसी विवाद के दौरान एक युवक पर जानलेवा हमला कर फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मामुली विवाद के बाद झगड़े ने हिसंक रुप ले लिया और आरोपी ने पीड़ित पर तेज धारदार कैची से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले के आरोपी को पटखौली थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पटखौली थानाध्यक्ष नीतेश कुमार ने बताया कि मंगलवार की देर शाम में मलकौली में नगर के नरईपुर मोहल्ला निवासी शाकिब अहमद पर मलकौली निवासी राजू पटेल ने कैंची से हमला हुआ था। गंभीर स्थिति में उसका इलाज जीएमसीएच बेतिया में चल रहा है। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि इस मामले के आरोपी मलकौली निवासी राजू पटेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

### नहर से मिला अज्ञात नाबालिक का शव

**बगहा प.च.:** बगहा पुलिस जिला अंतर्गत सेमरा थाना क्षेत्र के कटकुइया गांव के समीप त्रिवेणी नहर में शुक्रवार के दिन करीब 15 वर्षीय अज्ञात युवती का शव उपलाता हूआ स्थानीय लोगों ने देखा। शव की सुचना तुरंत लोगों ने स्थानीय सेमरा थाना को दिया। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस दौरान पुलिस शव की शिनाख्त को लेकर लगातार प्रयास करती रही मगर खबर लिखे जाने तक उस की पहचान नहीं की जा सकी। सेमरा थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस की टीम को मौके पर भेजा गया। त्रिवेणी नहर से करीब 15 वर्षीय युवती का शव बरामद किया है। हालांकि युवती की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की शिनाख्त व जांच में जुटकर सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। वहीं इस घटना से क्षेत्र के लोगों में विभिन्न प्रकार की चचाओं का माहौल बना हुआ है।

### डेंगू के चपेट में आकर हाई कोर्ट का अधिवक्ता की मौत

**बगहा :** उच्च न्यायालय पटना में प्रैक्टिस कर रहे एक अधिवक्ता की मौत डेंगू के चपेट में आकर हो गई है। मिली जानाकरी के अनुसार मृतक अधिवक्ता की पहचान नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 28 काली स्थान मोहल्ला निवासी केश्वर पांडेय के रूप में हुई है। तीन दिन पहले वो पटना से आए थे और उन्हें बुखार था। इसलिए उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराई गई थी जहां 2 दिन इलाज के बाद उन्हें अनुमंडल अस्पताल से रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें गोरखपुर ले कर गए लेकिन डेंगू बुखार के बाद ब्रेन हेमरेज से उनकी मौत हो गई।

अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एसपी अग्रवाल ने बताया कि लोगों को मच्छरदानी का उपयोग करने के साथ साथ बचाव की सलाह दी जा रही हैं। क्योंकि दिन में ही डेंगू का मच्छर काटता है। साथ ही भर्ती मरीज का रोज प्लेटलेट्स काउंट किया जा रहा है। वहीं शहरवासियों से भी दिन में मच्छरदानी का प्रयोग करने की अपील की जा रही है।

### चोर भैंस चुरा हुए फरार

**बिक्रमगंज(रोहतास) :** काराकाट थाना क्षेत्र के मोथा गांव से गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने एक भैंस चुराकर पिकअप वैन से ले भागे। जबकि ग्रामीणों को पीछा करते देख चोर दूसरी भैंस वहीं छोड़ भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार चोरी गई भैंस लखन पासवान की है। वहीं विनोद पासवान की भैंस गाड़ी से गिर कर घायल हो गई है। इसकी सूचना भैंस मालिक द्वारा पुलिस को दे दी गई है। घटना मोथा गांव के पश्चिमी भाग में घटी। बताया गया कि रात लगभग 11 बजे चोर पैक्स गोदाम के समीप बंधी भैंस को पिकअप वैन लगा कर उस पर लाद रहे थे। इस बीच पास सो रहे एक युवक की नींद खुल गई। उसने चोरों द्वारा भैंस गाड़ी पर लादते देख हो हल्ला मचाते हुए इसकी जानकारी अपने पिता पूर्व मुखिया विनोद पासवान को दी। कहा कि चोर हमारी भैंस को चुरा कर ले जा रहे हैं। तीसरी भैंस गाड़ी पर लादने की कोशिश कर रहे हैं। तब तक कई ग्रामीण भी जुट गए। इधर ग्रामीणों को आते देख चोर तीसरी भैंस को वहीं छोड़ गाड़ी लेकर भाग निकले। ग्रामीण भी हो- हल्ला मचाते गाड़ी के पीछे लग गए। करीब आधे किलोमीटर दूर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चोरों की गाड़ी चढ़ते ही एक भैंस उस पिकअप वैन से नीचे गिर पड़ी। जबकि पहले पिकअप से बंधी लखन पासवान की भैंस को चोर लेकर भाग निकले।

### सांस्कृतिक महामुकाबला का आयोजन

**बिक्रमगंज (रोहतास) :** काराकाट नगर पंचायत काराकाट गोडारी में सांस्कृतिक महामुकाबला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि रविशरंजन उप मुख्यपार्षद नगर पंचायत काराकाट के द्वारा किया गया। जिसमें हरिओम जी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल भारती को हरिओम जी द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही मंचासीन श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्तक्ष विशाल भारती, उपाध्यक्ष उमाशंकर पंडित, कोषाध्यक्ष प्रशांत प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष रवि चौरसिया, सचिव दिलीप प्रसाद, उपसचिव संतोष यादव, मैनेजमेंट अध्यक्ष ओम कुमार, वार्ड पार्षद संजय राम, सक्रिय सदस्य आकाश कुमार, दिपक कुमार, अप्पू, गुड्डू, ललन सोनी, व्यवसथापक संजय कुमार (कुमार पुस्तक भंडार), सोनू सोनी यादव, शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित श्री-श्री दुर्गा पूजा समिति के दर्जनों सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क और नाली की समस्या से जूझ रहे नगरवासी



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प.च. :** नगर स्थित वार्ड संख्या 31 के लोग सड़क एवं नाली की समस्या से इन दिनों जूझ रहे है। इस सम्बंध में इस वार्ड के नगर पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा राम ने कहा कि अजय महतो के घर से इंडस्ट्रियल एरिया तक सड़क नाली की सबसे बड़ी आवश्यकता, बताया हमारे वार्ड में है। क्योंकि इसके न रहने के कारण काफी परेशानी का सामना यहां के लोगों को करना पड़ता है। शांति चौक से हरेंद्र कुशवाहा के घर तक भी सड़क की आवश्यकता है। वार्ड 31 में सड़क लाईट की कमी भी है। इसके न रहने के कारण रात में वार्ड के कई क्षेत्रों में अंधेरा छाया रहता है। लाइट की व्यवस्था भी वार्ड में आवश्यक है। यहां पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की कमी है। लोगों को दूर तक जाकर अपनी कराना पड़ता है । एक सामुदायिक भवन की इस वार्ड में आवश्यकता है। इन समस्याओं के लिए वार्ड के कई लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा राम से मिलकर अपनी समस्याओं को रखा। जिससे कृष्णा राम ने सहानुभूति पूर्वक वार्ड वासियों के समस्याओं को सुनकर उसका शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कई वार्ड वासी उपस्थित रहे तथा अपनी समस्याओं को रखा।

## बाइक-कार की भिड़ंत में एक कि मौत, दो हिरासत में



राष्ट्रीय खबर

**मझौलिया, प. च. :** थाना क्षेत्र के बेतिया-मोतिहारी एनएच 727 जौकटिया चौक के समीप कार मोटरसाइकिल के टक्कर में मोटरसाइकिल चालक की मौत घटनास्थल पर हो गई। घटना की सूचना पर मझौलिया थानाध्यक्ष अभय कुमार ने पहुंचकर कार चालक को दो को हिरासत में ले लिया है। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के परसा पंचायत के बाबू टोला वार्ड नंबर 5 निवासी रामसुदेश सिंह की 35 वर्षीय पुत्र लोकेश कुमार सिंह के रूप में की गई है। आक्रोशित लोगों ने कुछ देर के लिए आवागमन बाधित कर दिया पुलिस ने पहुंचकर लोगों समझा बूझकर शांत कराया। बताया जाता है कि लोकेश कुमार सिंह बेतिया से अपने घर के लिए परसा के लिए जा रहे थे की मोतिहारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार से जोरदार टक्कर हो गई।

## रवि महाभियान अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

### प्रखण्ड के 336 किसान तीव्र बीज विस्तार योजना का लाभ लेंगे



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, प.च.:** जिला अंतर्गत नरकटियागंज अनुमंडल के गौनाहा प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को रवि महाभियान अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला सह किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश पर किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार, बीडीओ शिवजन्म राम, बीएओ वीरेंद्र प्रताप सिंह व तकनीकी सहायक विनय कुमार ने संयुक्ततः दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरकटियागंज अनुमंडल कृषि पदाधिकारी अवनीश कुमार ने किसानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार 108 कृषि यंत्रों पर अनुदान दे रही है। जिससे किसान उन यंत्रों का उपयोग कर उत्कृष्ट कृषि कार्य कर सके। किसानों को सुझाव देते हुए उन्होंने कहा कि खेतों में पराली नहीं जलाएं, इससे खेतों की उर्वरा शक्ति कमजोर होती है। अगर कोई भी किसान खेतों में पराली जलाते हैं, तो उन्हें सरकार कृषि यंत्रों एवं कृषि अनुदान पर रोक लगाते हुए, प्राथमिकी भी दर्ज करने की कार्रवाई कर सकती है। कार्यशाला में जैविक खाद के उपयोग पर बल दिया गया। बीडीओ शिवजन्म राम ने सरकार के कृषि अनुदान पर बल देते हुए कहा कि रवि महाभियान अंतर्गत बीज उठाव कर उससे लाभ उठाएं। उपर्युक्त पदाधिकारियों ने किसान मनोहर लाल कुशवाहा, कन्हैया लाल कुमार, मुन्ना राय, श्रीबली महतो को राई, मसूर व गेहूं का बीज मुहैया कराया। प्रखंड तकनीकी सहायक विनय कुमार ने स्वागत भाषण किया। कृषि कार्यशाला का सफल संचालन बुद्धेश्वर प्रसाद उर्फ गुड्डू ने किया। समापन भाषण में बीएओ वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मशरुम की खेती पर 90% अनुदान दिया जा रहा है।

## जीविकोपार्जन को गुजरात गए युवक की मौत, शव पहुंचते हीं मचा कोहराम



राष्ट्रीय खबर

**सोनबरसा / सीतामढ़ी :** कन्हौली थाना क्षेत्र के ग्राम परसा खुर्द वार्ड 4 निवासी गुजरात कमाने गए एक युवक की मौत मंगलवार को हो गई। शुक्रवार को शव पहुंचते ही गांव में मातम छा गया। किशोरी महतो के 28 वर्षीय पुत्र रंजीत महतो घर की माली हालत सुधारने के लिए 6 माह पूर्व गुजरात कमाने गया था। जहां उसने गाँधीधाम स्थित कक्षमान इंडिया लिमिटेड अंजार स्टील प्लांट में हेल्पर का काम करने लगा। मंगलवार को शाम क्रेन मशीन पर चढ़ने के दौरान सीने में चोट लगने से मौत हो गई। परिजनों को जानकारी मिलते ही परिवार सहित गांव में मातम छा गया। घर पर रिश्तेदारों और ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पिता, मां गीता देवी और पत्नी उषा देवी की चीत्कार सुन कर सांत्वना देने पहुंचे लोगों की आंखें भी भर आईं। शुक्रवार को एंबुलेंस से उसका शव सुबह गांव पहुंचा और दोपहर उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मृतक की शादी 6 वर्ष पूर्व बसहिया में हुई थीं। जिनकी अब तक कोई सन्तान नहीं हैं। बताया जाता है कि वह तीन भाइयों में बड़ा था। छोटा प्रदीप केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल व प्रदीप रेलवे में कार्यरत हैं, परन्तु दोनों भाई अलग मृतक से अलग गुजर बसर करता हैं।

## जिला नियोजनालय के प्रांगण में 31 को होगा जॉब कैम्प का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/बेतिया :** श्रम संसाधन विभाग द्वारा जिला नियोजनालय बेतिया के प्रांगण में 31 अक्टूबर को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस दिन सुबह 11 बजे से 04 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है।

जिला नियोजन पदाधिकारी अंकित राज द्वारा बताया गया कि जिलाधिकारी के दिशा-निर्देश के आलोक में लगातार जिले में जॉब कैम्प, रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में क्रेडिट एक्सेस ग्रामीण लिमिटेड कंपनी द्वारा ट्रेनी केन्द्र मैनेजर के पद पर हेतु 50 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को 15250.00 रूपया प्रतिमाह मानदेय प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही बोनस, इएसआइसी, एफपी, फ्यूल आदि की सुविधा भी दी जायेगी। कार्यक्षेत्र बिहार राज्य होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला नियोजनालय में दूरभाष संख्या- 06254-295737 पर हेल्प सेन्टर बनाया गया है। अभ्यर्थी विशेष जानकारी के लिए हेल्प सेन्टर पर संपर्क कर सकते हैं।

# जनप्रतिनिधियों ने पंचायत समिति के बैठक में खोला शिकायतों का पिटारा

## जगदीशपुर में गहमागहमी के बीच हुई पंचायत समिति की सामान्य बैठक

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** सूचना और प्रौद्योगिक भवन, जगदीशपुर के सभागार में जगदीशपुर पंचायत समिति की सामान्य बैठक गहमागहमी के बीच हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख सविता कुमारी ने की और संचालन बीपीआरओ अरुण कुमार ने किया। बैठक में स्थानीय विधायक राम विशुन सिंह उर्फ लोहिया भी शामिल हुए। सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए उस पर की गई कार्यवाही और पहल से बीपीआरओ ने सदन को अवगत कराया। इसके बाद सदन की कार्यवाही शुरू हुई। जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की समस्याओं और उनसे जुड़े सवालों का समाधान करने, विभागों से आम लोगों की हो रही परेशानी और विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों को जोरदार तरीके से सदन में आवाज उठाया। मौजूद अधिकारियों ने शिकायतों के मद्देनजर रखते हुए समाधान का आश्वासन भी दी दिया। जनप्रतिनिधियों ने वृद्धावस्था पेंशन, आंगनबाड़ी केन्द्र, मनरेगा, आवास, राशन कार्ड, पशुपालन, लोहिया स्वच्छ अभियान,जीविका और विद्युत विभाग सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानियों को विस्तार से रखा। विभिन्न विभाग के अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबधित शिकायतों तथा प्रश्नों का जवाब भी दिया। इस दौरान कई अधिकारियों की अनुपस्थिति की वजह से संबंधित विभागों के कार्यों के अद्यतन स्थिति, होने वाली परेशानियों की शिकायत करने हेतु विकास योजनाओं पर चर्चा नहीं हो सकी। सदस्यों ने अधिकारियों के बैठक से गायब रहने पर नाराजगी जतायी। वही विद्युत विभाग के जेई द्वारा लोगों का फोन रिसीव नहीं करने और समस्याओं का तत्काल निदान नही करने को लेकर विधायक ने जेई को जमकर फटकार लगाई। कहा की इस तरह की कार्यशैली में बदलाव लाएं। विधायक ने पशु चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहां की पशुओं को होनेवाली बीमारी व उससे बचाव को लेकर क्षेत्र भ्रमण कर पशुपालक से मिलने के साथ गांव में कैंप लगाए। साथ ही पैक्स से संबंधित होने वाले परेशानियों के निराकरण को लेकर कृषि विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया। बीपीआरओ ने बताया कि अधिकतर विभागों के अधिकारी तथा व पंचायत समिति के सदस्य मौजूद थे। विभिन्न अधिकारियों ने अपने अपने विभाग से संबधित शिकायतों तथा प्रश्नों का जवाब भी दिया। इस मौके पर उप प्रमुख संगीता देवी, एमओ अमृता कुमारी, प्रखंड समन्वयक सुमन कुमार, मनरेगा पीओ शिवलाल नारायण सिंह, पंचायत समिति सदस्य वकील सिंह, अंशु पाल, अखिलेश कुमार पांडेय, धर्मपाल सिंह, ज्योति देवी, निधि देवी, राजकुमारी देवी और शांति देवी और कमलेश कुमार यादव अन्य मौजूद रहे।

## पिपरासी सीओ ने ऑपरेशन दखल दहनी चलाकर अतिक्रमित भूमि को कराया खाली

**पिपरासी :** थाना क्षेत्र के मुडाडीह में ऑपरेशन दखल दहनी के तहत अंचलाधिकारी ने पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमित भुमि को मुक्त कराया। सीओ ललित कुमार सिंह ने बताया कि मुकुल गोंड के भूमि को अतिक्रमण किया गया था। इसके लिए पिपरासी थाना व बगहा पुलिस लाईन से अतरिक्त पुलिस बल मंगाई गई थी। और आपरेशन दखल दहानी चलाकर भुमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर पीड़ित सह भुस्वामी मुकुल को दखल कब्जा दिलाया गया। मौके सरकारी अमीन, राजस्वकर्मी, पंचायत के मुखिया आदि मौजूद रहे।

## कार्रवाई : प्रतिमा विसर्जन के दौरान 8 डीजे जब्त

**लौरिया,प.चं .:** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार की शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे जब्त किया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि डीजे बजाने पर प्रशासनिक रोक होने के बावजूद लौरिया नगर पंचायत में मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की सूचना पर पुलिस ने एक गाड़ी सहित 8 डीजे जब्त किया है। इस सम्बंध में गाड़ी व डीजे जब्त प्राथमिकी दर्ज की गई है। गाड़ी का सत्यापन कराया जा रहा है।

## नक्सलियों के विरुद्ध पुलिस ने चलाया अभियान

**डेहरी (रोहतास) :** रोहतास पुलिस अब नक्सलियों के विरुद्ध कड़े मुड़ में दिख रही। जिसको लेकर डेहरी अनुमंडल पुलिस ने चुटिया थाना के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों सहित जंगल एवं पहाड़ी इलाकों में अभियान चलाया। जिसके तहत एसएसबी एवं रोहतास पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए स्थानीय लोग से उनकी समस्याओं से अवगत हुए। साथ ही बताया कि आम जनों की समस्या का समाधान कर उस क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और दुरुस्त की जायेगी।

# विद्यालय छोड़ गंवई राजनीति में मशगूल रहते हैं शिक्षक, ग्रामीणों ने की शिकायत

राष्ट्रीय खबर



**पिपरासी :** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनी के एक शिक्षक पर पठन-पाठन छोड़कर गांव की राजनीति में संलिप्त रहने का आरोप स्थानीय ग्रामीणों द्वारा लगाया जा रहा है। जिसका एक विडियो तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि यह मामला शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों के लिए जांच का विषय है तथा वायरल वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय खबर समाचार पत्र नहीं करता है। जानकारी के अनुसार शिक्षक जाहिद अंसारी का घर इसी परिक्षेत्र में है। और उनपर आरोप है कि उन्होंने बगहा से अपना हस्तनांतरण करवाकर गंवई राजनीति के लिए यहां आए हैं। और इसकी पुष्टि उस वक्त हुई जब जिला से पहुंचे दो सदस्यीय टीम ने मनरेगा योजना में जेसीबी का इस्तेमाल सहित मनरेगा योजना से हुए फजीर्वाड़ा भुगतान की जांच करने के लिए पहुंची थी। उस वक्त मास्टर साहब विद्यालय के पठन-पाठन को छोड़कर जांच स्थल पर पहुंच ग्रामीणों से उलझ गए। ग्रामीणों ने शिक्षक से सवाल किया की क्या आपको सरकार 70 हजार रुपया प्रतिमाह गंवई राजनीति करने के लिए देती है या बच्चों को पढ़ाने के लिए। पैक्स अध्यक्ष कैलाश गुप्ता ,दिग्विजय यादव ,अशोक यादव, छोटे कुमार आदि ने शिक्षक पर आरोप लगाया कि विद्यालय में हाजिरी बनाकर वह घर चले जाते हैं जिससे बच्चों की पढ़ाई बाधित होती हैं। लगातार गंवई राजनीति में शामिल रहने के कारण छात्र-छात्राओं का भविष्य खराब हो रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारियों को देने की बात कही। मामले में बीएओ उमेश कुमार ने बताया कि वीडियो फुटेज प्राप्त हुआ है इनकी कार्य शैली की जांच करते हुए स्पष्टीकरण की मांग किया जा रही है ।

## बिहार राज्य विधालय रसोइया संघ ऐक्टू की एक दिवसीय बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**सुगौली, पू.च. :** बिहार राज्य विधालय रसोइया संघ ऐक्टू के प्रखंड शाखा की एक दिवसीय बैठक नंद हाईस्कूल के प्रांगण में गीता देवी के अध्यक्षता में हुई। बैठक में रसोइयों के मानदेय वृद्धि एवं केन्द्रीयकृत किचेन खारिज करने सहित 13 सूत्री मांगों पर रसोइया संगठनों के संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा आयोजित 31 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन में भागीदारी करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित संगठन के जिला सचिव दिनेश प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड ने रसोइयों का मानदेय 2000 से बढ़ाकर 3000 रुपया कर दिया है और साथ ही 10 महिना के बदले 12 महिना का मानदेय देना शुरू कर दिया है। लेकिन बिहार सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रही है। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष छविलाल महतो, रीना देवी, सुभावती देवी, समीना खातुन, बबीता देवी, रामपुकार साह, लालाबाबू राम आदि उपस्थित थे।

## जिला नियोजनालय के प्रांगण में जॉब कैम्प का आयोजन 31 को

**बेतिया, प.च. :** बिहार सरकार श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर जिला नियोजनालय के प्रांगण में 31 अक्टूबर को जॉब कैम्प का आयोजन किया जाना है। उस दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक इच्छुक अभ्यर्थी जॉब कैम्प में नियोजक से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त कर आवेदन/बायोडाटा जमा कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी का एनसीएस पोर्टल पर निबंधन कराना अनिवार्य है। जिला नियोजन पदाधिकारी, अंकित राज ने बताया कि जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा-निर्देश के आलोक में लगातार जिला में जॉब कैम्प, रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन कर बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। कंपनी चयनित अभ्यर्थियों को 15250.00 रूपया प्रतिमाह मानदेय प्रदान करेगी जायेगी। इसके साथ ही बोनस, इएसआइसी, एफपी, फ्यूल की सुविधा भी देगी ।कार्यक्षेत्र बिहार राज्य होगा। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए जिला नियोजनालय में दूरभाष संख्या-06254-295737 पर हेल्प सेन्टर बनाया गया है।

# सीओ व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस ने अतिक्रमणकारियों के कब्जे से खाली कराया भुमि

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी :** धनहा थाना क्षेत्र के देवीपुर कोईरी टोला गांव में पूर्व से चल रहे अतिक्रमण वाद संख्या 121 के आलोक में शुक्रवार के दिन अंचलाधिकारी व थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची। लेकिन जैसे ही प्रशासन अतिक्रमण हटाने की करवाई शुरू की उसी दौरान तीन झोपड़ियों में असामाजिक तत्वों के द्वारा आग लगा दी गई। जब तक पुलिस प्रशासन कुछ कर पाती तब तक तीनों झोपड़ी जलकर राख हो गया। हालांकि थाना से पहुंची अग्निशमन दस्ता की टीम ने जलते हुए झोपड़ी की आग को बुझाया। इसके बाद पुलिस ने बचे हुए एक और झोपड़ी को जेसीबी लगाकर भूमि को खाली कराया। बताया जाता है कि धनहा थाना क्षेत्र के देवीपुर कोरी टोला गांव निवासी इसरी यादव, दिवाकर यादव,उदय भान यादव एवं रामविलास यादव रोड के बगल में सरकारी भूमि पर लगभग 50 वर्षों से झोपड़ी का घर बना कर रह रहे थे। जिस झोपड़ी के पीछे संतोष कुशवाहा एवं मदन कुशवाहा का अपना निजी भूमि है। 2021 में संतोष कुशवाहा एवं मदन कुशवाहा ने अतिक्रमण वाद संख्या 01/2021 देर किया था। जिस मामले के आलोक में सीओ ने उक्त चारों लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए अतिक्रमण हटाते हुए भूमि खाली करने का आदेश दिया था। लेकिन इन लोगों द्वारा अतिक्रमित भूमि को खाली नहीं किया। इसके बाद 27 अक्टूबर को एसडीएम के आदेश के आलोक में सीओ एवं थानाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर विशेष अभियान के तहत अतिक्रमण को हटाते हुए भूमि को खाली कराया।

## पंचायती राज मंत्री ने विधायक द्वारा मां दुर्गा की टिप्पणी पर साधी चुप्पी

राष्ट्रीय खबर



**सासाराम (रोहतास) :** पंचायती राज मंत्री मुरारी प्रसाद गौतम ने राजद के डेहरी विधायक फतेह बहादुर सिंह द्वारा मां दुर्गा पर दिए गये आपत्तिजनक बयानों चुप्पी साध ली। उन्होंने जिला अंतर्गत दौरा करते हुए मीडिया से रूबरू में विधायक के टिप्पणी से खुद को किनारा करते हुए बताया कि विधायक द्वारा मां दुर्गा प्रति अभद्र टिप्पणी से जुड़ीं बातें हमारे संज्ञान से बाहर है। लेकीन जहां देवी दुर्गा का सवाल है तो हम खुद नवरात्रि में उपवास रख इनकी पूजा करतें है। जिस पूजा को पूरे देश में लोग मां दुर्गा देवी की आराधना साथ पूजा करते हैं। लेकिन, महागठबंधन राजद के डेहरी विधायक द्वारा मां दुर्गा के संदर्भ में किस तरह का टिप्पणी किया है इस मामलें में मुझे उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। लेकिन दूसरी तरफ सोचनी बात हैं कि विधायक फते बहादुर द्वारा मां दुर्गा के आस्था को ठेस पहुंचाते हुए बोली हुई अभद्र टिप्पणी जो प्रिंट व इलेक्ट्रानिक सहित सोसल मीडिया पर तेजी सी वायरल खबर विगत दिनों से चल रही है। जिस खबर से भी महागठबंधन बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री ने अपने को बेखर बताया। जो कहीं न कहीं विधायक पर टिप्पणी नहीं करते हुए महागठबंधन के राजद पार्टी को जनता के नजर में बचाने का कार्य करते नजर आएं।

## सड़क पार करने के दौरान ट्रक ने युवक को कुचला, मौत

**जगदीशपुर/भोजपुर :** बिहिया-पीरो स्टेट हाइवे पथ पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के तेन्दुनी गांव के समीप गुरूवार की देर शाम सड़क पार करने के दौरान एक युवक को ट्रक ने रौंद दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणो ने सड़क जाम कर दिया। जिसकी वजह से सड़क के दोनों तरफ वाहनो की लंबी कतार लग गई। मिली जानकारी के अनुसार मृत युवक तेन्दुनी गांव निवासी हरिहर साह उर्फ हरि साह के पुत्र बबलू साह उर्फ पिटु साह 32 वर्षीय बताया जा रहा है। बताया जाता है कि युवक सड़क पार कर रहा था कि एकाएक अनियंत्रित ट्रक ने उसे कुचल दिया और फरार हो गया। जिससे उसका मौत हो गया। सूचना पर ग्रामीणो की भीड़ जुट गया और सड़क जाम कर दिया गया। ग्रामीण सड़क पर ब्रेकर बनाने और ट्रक को पकड़ने के साथ मुआवजा देने की मांग कर रहे थे। ट्रक को पीरो में पकड़ लिया गया है और नियमानुसार मृतक के परिजन को मुआवजा देने का प्रशासन ने आश्वासन दिया है। सीओ अजय कुमार और थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और जाम को समाप्त कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना से अफरा-तफरी का माहौल हो गया। इधर, घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। परिवारवालों के रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि मृतक मुंबई में रहकर प्राइवेट जॉब करता था। वह 10 दिन पूर्व गांव आया था। तीन भाइयों में दूसरे स्थान पर था। गुरुवार को ही वह मुंबई जाने वाला था। हालांकि वह किसी कारणवश नहीं जा पाया।

# पायलट चैनल निर्माण के लिए दो अभियंताओं ने किया कटाव स्थल का निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**मधुबनी/पीपरासी :** पिपरासी तटबंध के 16 से लेकर 17 किमी के बीच पायलट चैनल निर्माण के लिए नजरी नक्शा तथा सर्व बाढ़ नियंत्रण का कार्य प्रमंडल संख्या दो के अभियंता के द्वारा शुक्रवार को किया गया। कार्यपालक अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि गदीयानी टोला व रंगललही के सामने बांध के विपरीत दिशा में जो बालू और मिट्टी जमा हुआ है। जिसके कारण भयंकर कटाव हुआ है। जमे हुए बालू व मिट्टी को हटाने के लिए पायलट चैनल का निर्माण किया जाएगा। जिसको लेकर सहायक अभियंता बंसल पासवान, कनीय अभियंता अरुण कुमार के द्वारा सर्वे कराई गई। और प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। ताकि 31 अक्टूबर को गंगा बाढ़ नियंत्रण आयोग(जीएफसीसी) की टीम जांच कर आगामी बाढ़ पूर्व कटाव निरोधक कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर सके। इस साल जिस बिंदु पर नदी का भारी दबाव रहा है। वहां कटावनिरोधक कार्य करा कर तटबंध को सुरक्षित किया जाएगा की अगले साल फिर कटाव की पुनरावृत्ति ना हो।

# कोई मजहब की दीवार और न भेदभाव, कौमी एकता व भाईचारे का दिया संदेश

राष्ट्रीय खबर




**सुगौली, पू. च:** न कोई मजहब की दीवार और न भेदभाव। हिंदू-मुस्लिम के बीच 'न कोई मजहब की दीवार न कोई भेदभाव है। प्रखंड वासियों ने दिया एकता और भाईचारे का संदेश। इस वर्ष दुर्गा पूजा त्योहार को लेकर हिन्दू- मुस्लिम युवक कौमी एकता की मिशाल बन कर उभरे हैं। हिन्दू मुस्लिम एकता और ईश्वर एक की धारणा रखने वाले ये दोनों सामुदाय के लोग साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल हैं और तमाचा है उन लोगों पर जो धर्म के नाम पर इंसानियत को बांटकर आपसी भाईचारे के लिए नासूर बनते हैं। गौरतलब हो कि अगर भाईचारे को देखना है तो आईऐ हमारे सुगौली में आकर देखे जहां दोनों सामुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहार में मिलजुल कर खुशी और भाईचारे के साथ हर त्योहार को बड़े धूमधाम से मनाते है। साथ ही दुख-सुख में साथ देने से पीछे कभी नही हटते। बीते दिन दुर्गा पूजा त्योहार खुशी व उल्लास एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस संदर्भ में मठाधीश महंत बाबा मनीष दास ने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी हिंदू-मुस्लिम ने एक साथ मिलकर यह त्योहार मनाया और देश की अखंडता की शानदार तस्वीर पेश की। इसी तरह दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे के त्योहार में मिलजुल कर हंसी-खुशी से मनाए और एकता और भाईचारा का मिशाल पेश करें। इसी में सभी भाईयों की जीत है और इसी को इंसानियत कहते है। उन्होंने कहा कि हिन्दू समुदाय का एक होली इस देश में एक मात्र ऐसा त्योहार है जिसमें कोई जात-पात नहीं होता और दोनों समुदाय के लोग रंगों में सरोबोर होकर इ सका जश्न मनाते हैं। और एक दूसरे पर खुशियां जाहिर करते है।

## पिता-पुत्र की हत्या अभियुक्त हमीना गिरफ्तार

**लौरिया, प. च.:** बेतिया पुलिस अंतर्गत लौरिया थाना अंतर्गत देवराज के कंधवलिया गांव में बीते दिनों एक पिता ने अपने पुत्र के साथ आत्महत्या कर लिया और आत्महत्या का कारण अपनी पत्नी से बार बार प्रताड़ित होना मौत का कारण बताया है। इधर लौरिया थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष कैलाश कुमार ने बताया कि मृतक अजीमुल्लाह के पिता कमरुज्जमा ने अपने पुत्र और पोता आयान के आत्महत्या का सारा दोष पत्नी पर लगाकर एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस मृतक के ससुराल देऊरवा जाकर उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया है। इधर मृतक के घर दो दो मौत से परिजन अभी तक सदमा में हैं।

# देसी कट्टा व चुलाई शराब के साथ दो गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर



**बगहा:** चिउटाहां थाना की पुलिस ने बीती रात गुप्त सूचना के आधार पर बैराटपुर गांव में छापेमारी कर एक देसी कट्टा व आठ पाउच के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है । थानाध्यक्ष जयनारायण राम ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान इंद्रजीत सिंह उर्फ जालिम सिंह ग्राम हरदी नदवा व लालबाबु आलम धनहा थाना के तमकुहा निवासी के रूप में की गई हैं । उन्होने बताया कि पुलिस इस मामले में थाना में कांड संख्या 142 / 23 दर्ज कर पुलिस गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों से गहन पूछताछ कर रही हैं। वही उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद अग्रेतर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार व्यक्तियों को न्यायिक हिरासत बगहा भेज दिया जाएगा। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस के पूछताछ के दौरान यह दोनों व्यक्ति चौतरवा व धनहा थाना क्षेत्र के मूल निवासी है। जबकि कृषि से संबंधित खेती-बारी का कार्य के लिए चिउटाहां थाना क्षेत्र के बैराटपुर गांव में डेरा बना कर अपना खेती बारी का कार्य करते थे। वही उन्होंने बताया कि पुलिस गिरफ्तार व्यक्तियों के गतिविधियों के बारे में गहनता से जांच पड़ताल कर रही है कि किसी प्रकार की अपराधिक गतिविधि तो नही है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही हैं।

# बीएओ ने कृषि कर्मियों के साथ बैठक कर दिया कई दिश निर्देश



राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पंचायतों के लक्ष्य के अनुरूप ससमय बीज वितरण को लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी बगहा-2 दो ने कृषि कर्मियों के साथ बैठक किया। ताकि किसानों को समय से बीज उपलब्ध हो और खेती ना पिछड़े। बीईओ राजकुमार ने कृषि कर्मियों के साथ बैठक कर सभी पंचायतों में रबी सीजन के लिए बीज वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया। साथ ही उन्होंने रबी सीजन के दौरान आवंटित होने वाले बीज के उठाव की समीक्षा की। पीएम किसान योजना अंतर्गत जुड़े लाभुकों का शत प्रतिशत सत्यापन करने एवं उनका ई-केवाईसी सुनिश्चित कराने का निर्देश भी दिया।

प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने बताया कि 31 अक्टूबर तक सभी लाभुकों का सत्यापन और ई केवाईसी हो जाना चाहिए। अगर इस कार्य में किसी स्तर पर कोताही होती है तो संबंधित कर्मी को चिह्नित कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। कृषि यंत्रीकरण योजना की समीक्षा करते हुए कृषि कर्मियों को क्षेत्र में प्रचार प्रसार करने एवं किसानों से यंत्रों के लिए ऑनलाइन आवेदन कराने का टास्क भी बीएओ ने सौंपा, ताकि अधिक से अधिक किसानों को योजना का लाभ दिया जा सके। बैठक में प्रखंड के सभी कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, प्रखंड सहायक व तकनीकी प्रबंधक आदि मौजूद रहे।

## जदयू ने कपूर्री चर्चा कार्यक्रम आयोजन को लेकर की बैठक



राष्ट्रीय खबर

**नोखा (रोहतास) ;** कपूर्री चर्चा कार्यक्रम आयोजन को लेकर जदयू कार्यकताओं ने शुक्रवार को एक बैठक की। नगर परिषद स्थित बैठक में आगामी 4 नवंबर को जदयू द्वारा आयोजित कपूर्री चर्चा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारी कार्यकर्ता ने विशेष चर्चा करते हुए बताया की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गांवों में प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक संख्या में लोगों को जागरूक कर कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। निर्णय लिया गया। मौके पर जदयू प्रदेश महासचिव सह नोखा विधानसभा जदयू के पूर्व प्रत्याशी नागेन्द्र चंद्रवंशी,जदयू प्रदेश महासचिव अमरेश चौधरी,जदयू जिलाअध्यक्ष अजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष चौधरी माखन प्रसाद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष रुपेश चंद्रवंशी, प्रखड अध्यक्ष राजपुर झुन्ना सिंह,सूरज पासी, रेणु कुशवाहा,गुड्डू, चंद्रवंशी,गुडु पटेल, विश्वजीत गोस्वामी, राजेश गौतम, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अखिलेश चंद्रवंशी,संजय चंद्रवंशी, आफताब आलम,सोनू पटेल, गोरख चंद्रवंशी सत्यनारायण चंद्रवंशी, योगेन्द्र चंद्रवंशी,शंभू सिंह,लखन कुमार, तेज नारायण सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

# सम्पूर्ण भारत के अलावा कई देशों में आज दिखाई देगा खण्डग्रास चन्द्रग्रहण

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** आश्विन शुक्लपक्ष पूर्णिमा अर्थात शरद् पूर्णिमा की रात्रि शनिवार को लगने वाला खण्डग्रास चन्द्रग्रहण देश एवं विदेश में स्पष्ट रूप से देखा जाएगा। यह ग्रहण पश्चिमी तथा दक्षिण प्रशान्त महासागर, आस्ट्रेलिया, एशिया, यूरोप, अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका का पूर्वी भाग, उत्तर अमेरिका का उत्तर-पूर्वी भाग, अटलांटिक महासागर तथा हिन्द महासागर में लगेगा और दिखाई देगा।

भारतीय मानक समय के अनुसार इस खण्डग्रास चन्द्रग्रहण का स्पर्श अर्थात प्रारंभ रात्रि 01:05 बजे होगा। इसका मध्य रात्रि 01:44 बजे होगा तथा मोक्ष अर्थात समाप्ति रात्रि 02:23 बजे है।उक्त जानकारी महर्षिनगर स्थित आर्षविद्या शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान-वेद विद्यालय के प्राचार्य सुशील कुमार पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि चन्द्रग्रहण का सूतक स्पर्श (प्रारंभ) से 9 घंटे पूर्व प्रारंभ हो जाता है। चूंकि उक्त चन्द्रग्रहण का स्पर्श रात्रि 01:05 बजे हो रहा है,इसलिए 9 घंटे पूर्व अर्थात सायं 04:05 बजे से ही इसका सूतक लग जाएगा। सूतक लग जाने पर मंदिर में प्रवेश करना, मूर्ति को स्पर्श करना, भोजन, मैथुन क्रिया, यात्रा आदि वर्जित है। गर्भवती स्त्रियों को पेट पर गाय के गोबर का पतला लेप लगा लेना चाहिए। बालक, वृद्ध और रोगी पथ्याहार ले सकते हैं। ग्रहण लगने से पूर्व भोजन सामग्री जैसे दूध, दही, घी सहित अन्य सामग्रियों में कुश रख देना चाहिए। ग्रहण अवधि में मंत्र जप आदि का शास्त्रीय विधान है।

संपादकीय


# भूटान और चीन के रिश्तों पर भी चिंता होनी चाहिए

इस सप्ताह भूटान के विदेश मंत्री टांडी दोरजी की चीन यात्रा कई स्तरों पर अभूतपूर्व थी। भूटान और चीन राजनयिक संबंध नहीं रखते हैं। उनकी यात्रा किसी भूटानी विदेश मंत्री की पहली यात्रा है। इसके अलावा, मुख्य उद्देश्य सीमा वार्ता आयोजित करना था जो सात वर्षों से अधिक समय में नहीं हुई है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, बातचीत में ठोस प्रगति होती दिख रही है, दोनों देशों ने सीमा के परिसीमन और सीमांकन के लिए एक नई संयुक्त तकनीकी टीम के कामकाज की रूपरेखा तैयार करने वाले एक सहयोग समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। डॉ. दोरजी के साथ बातचीत में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने दोनों पक्षों से जल्द ही राजनयिक संबंध स्थापित करने और अपनी सीमा वार्ता को समाप्त करने का आह्वान किया। यह सच है कि भारत, भूटान के साथ अपने विशेष संबंधों को देखते हुए, राजनयिक संबंधों की स्थापना और सीमा समझौते पर हस्ताक्षर करने की संभावना को लेकर बहुत सतर्क रहा है। लेकिन ये दोनों परिणाम तेजी से अपरिहार्य प्रतीत हो रहे हैं।



दरअसल, इसी महीने, भूटानी प्रधान मंत्री ने एक साक्षात्कार में कहा था कि दोनों देश सीमा निर्धारण और सीमांकन पर तीन-चरणीय रोड मैप को पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि चीन के साथ कोई भी समझौता किसी भी तरह से भारत के हितों के खिलाफ नहीं जाएगा। फिर भी नेपाल के साथ रिश्तों में आयी कड़वाहट के बीच यह भारतीय कूटनीति के लिए बड़ा सवाल बन रहा है कि आखिर हमारे हर पड़ोसी के साथ रिश्ते बिगड़ते क्यों जा रहे हैं। पहले तो सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही भारत का रिश्ता अच्छा नहीं था। अब भारत की सीमा से सटे देशों में से किसी से भी भारत के रिश्ते पहले जैसे बेहतर नहीं रहे हैं। नेपाल और बांग्लादेश, जहां सीमांत इलाकों में लोगों के बीच आपसी रिश्तेदारी है, भी अब भारतीय कूटनीति के समर्थक नहीं दिख रहे हैं। भारत पर भूटान की अद्वितीय निर्भरता को देखते हुए, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उसने चीन के साथ संबंधों को सामान्य बनाने के अपने प्रयासों में नई दिल्ली को शामिल किया होगा, बदले में भारत के सुरक्षा हितों और लाल रेखाओं की गारंटी दी होगी। ऐसी एक लाल रेखा में चीन को दक्षिणी डोकलाम की चोटियों से दूर रखना शामिल होगा जो भारत के ह्लसिलीगुड़ी कॉरिडोरह्व को नजरअंदाज करती हैं, जबकि बीजिंग और थिम्पू उत्तर की घाटियों में क्षेत्रों के बीच ह्लस्वैपह्व पर विचार कर रहे हैं, जहां भूटान तीव्र चीनी दबाव में आ रहा है, और पश्चिम में डोकलाम पठार पर. दूसरी पंक्ति में संभवतः थिम्पू को संबंधों को सामान्य बनाने में धीमी गति से आगे बढ़ना और सीमा वार्ता जारी रखते हुए स्थायी चीनी राजनयिक उपस्थिति के लिए खुद को खोलना शामिल होगा। अब नई दिल्ली के सामने यह सवाल है कि अपने हितों की रक्षा कैसे की जाए। भारत-चीन डोकलाम गतिरोध के दौरान 2017 में थिम्पू पर जो संकट पैदा हुआ था, उससे एक सबक यह है कि एक संप्रभु राष्ट्र से सहमति की उम्मीद करने के बजाय भूटान को अपने साथ लेने और रणनीतियों को संरेखित करने से भारत के हितों की बेहतर सेवा होती है। अपना पीछा करो. एक सीमा समझौता जो पश्चिम में भारत की लाल रेखाओं को संरक्षित करते हुए उत्तर में भूटानी चिंताओं को संबोधित करता है, जरूरी नहीं कि नई दिल्ली के हितों को कमजोर करेगा। घबराने की बजाय, भारत को सीमा वार्ता को भूटान के तर्कों की अधिक समझ के साथ करना चाहिए, और इस विश्वास के साथ कि भारत का लंबे समय से भरोसेमंद पड़ोसी किसी भी अंतिम समझौते से पहले भारत के हितों और अपने दोनों हितों को ध्यान में रखेगा। दरअसल यूक्रेन युद्ध और गाजा की परिस्थितियों को देखते हुए भी इस विषय पर चिंता स्वाभाविक है। यूक्रेन और रूस भी पड़ोसी देश हैं और एक साल से अधिक समय से उनके बीच भीषण युद्ध चल रहा है। दूसरी तरफ हमास आतंकवादियों के हमले के बाद इजरायल ने गाजा की घेराबंदी कर रखी है। दोनों तरफ का नुकसान कोई कम नहीं हो रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि भारत के मध्यपूर्व एशिया होते हुए यूरोप के नये मार्ग के बाद ऐसा गाजा में होना, यह संदेह पैदा करता है कि चीन भी भारत के इस नये प्रस्ताव से घबड़ाया हुआ है। ऐसे में अपने वर्चस्व को कायम रखने के लिए चीन इस परियोजना के रास्ते में अड़चन पैदा करेगा, यह स्वाभाविक है क्योंकि इससे उसके अपने वर्चस्व वाली स्थिति कमजोर होती है। वर्तमान में चीन को अपने पड़ोसी में सबसे अधिक चिंता भारत को लेकर है, यह स्वाभाविक बात है क्योंकि जनसंख्या और आर्थिक गतिविधि के लिहाज से आगे बढ़ता भारत उसके लिए चिंता का कारण है। ऐसे में भारत को अपने तमाम पड़ोसियों के साथ बेहतर संबंध पर अधिक ध्यान देना चाहिए।

# इस्राईल-हमास युद्ध और भारत में 'युद्धोन्माद'



तनवीर जाफरी
स्तंभकार

7 अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के दुर्भाग्यपूर्ण हमले के बाद इजराईली सेना द्वारा बदले की कार्रवाई विगत 15 दिनों से लगातार जारी है। खबरों के अनुसार 7 अक्टूबर को हमास द्वारा किये गये हमले में लगभग 1,400 इजराइली और और कई विदेशी नागरिक मारे गए थे। जबकि इजराईल सेना द्वारा बदले की कार्रवाई करते हुये अब तक गजा को लगगभग पूरी तरह तहस नहस किया जा चुका है। हमास के इस्राईल पर किया गया हमला पूर्णतयः निंदनीय था। परन्तु इस्राईली सेना के जवाबी हमलों में गजा में अब तक लगभग 25 हजार से ज्यादा इमारतें तबाह हो चुकी हैं।लगभग एक दर्जन अस्पतालों और 50 से अधिक स्कूलों पर इस्राईली टैंकों व वायु सेना द्वारा बमबारी कर उन्हें ध्वस्त किया जा चुका है। गजा में अब तक मरने वालों की संख्या लगभग 7 हजार से अधिक हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार,गजा में अब तक मारे गए लोगों में से लगभग 70 प्रतिशत बच्चे और महिलाएं शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार गजा में पांच लाख से ज्यादा लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। गजा में केवल एक अस्पताल पर हुये हमले में ही पांच सौ से ज्यादा लोग मारे गए थे। जिसके बाद पूरी दुनिया में इस्राईल के विरुद्ध गुस्सा फैल गया था। इस युद्धअपराधी हमले की चौतरफा आलोचना व निंदा की गयी थी।

इस मानवता विरोधी युद्ध के दौरान दुनिया के अनेक देशों में फिलिस्तीनियों के समर्थन में तथा 'जायनिस्टों 'की क्रूरता के विरोध में प्रदर्शन किये गये हैं। यहाँ तक कि इस्राईल,अमेरिका व ब्रिटेन सहित कई देशों में तो स्वयं इस्राईली मानवतावादियों द्वारा 'जायनिस्टों ' द्वारा किये जा रहे युद्ध अपराधों के विरुद्ध प्रदर्शन किये गये हैं। इसके अतिरिक्त हजारों लोग अमेरिका और यूरोप में भी कई प्रमुख शहरों में फिलिस्तीन के समर्थन में सड़कों पर उतर आए हैं। यहूदी संगठनों के सदस्यों सहित हजारों फिलिस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारी पिछले दिनों वॉशिंगटन के कैपिटल हिल में सड़कों पर उतर आए। उन्होंने इस्राइल-हमास के बीच चल रही जंग तत्काल बंद करने की मांग की। दुनियाभर के और भी कई देशों में इस्राइल के विरोध और फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन हो रहे हैं। कनाडा के टोरंटो सहित कई शहरों में भी फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की गई और इस जंग को तुरंत रोकने की मांग की गयी। इस दौरान फिलिस्तीन और गजा की आजादी के नारे लगाए गए और गजा पर इस्राइली सेना के हमले की निंदा की गयी। ये प्रदर्शनकारी गजा में हिंसा समाप्त करने की मांग तो कर ही रहे हैं साथ ही फिलिस्तीनी लोगों के अधिकारों के साथ भी खड़े हुये हैं। इसी तरह न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में फिलिस्तीन सॉलिडेरिटी नेटवर्क एओटेरोआ द्वारा आयोजित फिलिस्तीन समर्थक रैली में प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल से युद्ध रोकने और उसके कब्जे वाली फिलिस्तीनी भूमि को छोड़ने का आह्वान किया गया। ब्रिटेन में लंदन सहित अन्य स्थानों पर भी फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की गई और युद्ध के विरुद्ध बड़ी संख्या में लोगों ने पैदल मार्च किया। इसी तरह फ्रांस की राजधानी पेरिस में भी फिलिस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की गई। इस दौरान लोगों ने फिलिस्तीन के झंडे लहराए और इस्राइल के विरोध में नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने इस्राइल और हमास के युद्ध को बंद करने की मांग की। इसी तरह इंडोनेशिया,मोरक्को,लेबनान व अन्य कई देशों में भी बड़ी संख्या में इस्राईल विरोधी,युद्ध विरोधी व फिलिस्तीनी अधिकारों के पक्ष में जुलूस,मार्च व प्रदर्शनों का सिलसिला जारी है। परन्तु आश्चर्य की बात है कि इस युद्ध का सबसे अधिक उन्माद भारत में दिखाई दे रहा है। वह भी सोशल मीडिया व टी वी चैनल्स पर। भारत में इजराइल - हमास युद्ध का उन्माद इस कदर छाया हुआ है कि इसमें झूठ फरेब और अफवाहों का भी बोल-बाला है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यह स्पष्ट कर चुके हैं कि भारत फिलिस्तीनी अधिकारों के तो साथ है परन्तु हमास की हिंसक कार्रवाइयों के विरुद्ध है। परन्तु भारतीय दक्षिणपंथियों द्वारा इजराईल के दक्षिण पंथी जायनिस्टों का भरपूर समर्थन सीमा से भी आगे जाकर किया जा रहा है। निश्चित रूप से भारतीय मुसलमानों की हमदर्दी पीड़ित फिलिस्तीनियों के साथ है। मुसलमान ही नहीं बल्कि भारत भी आठ दशक से फिलिस्तीनियों के अधिकारों के समर्थन में खड़ा रहा है,और आज भी है। परन्तु भारत में दक्षिणपंथियों द्वारा इस हद तक इस्राईली क्रूरता को अपना समर्थन देना कि अनेक लोग सोशल मीडिया पर इस्राईली सेना की ओर से युद्ध करने की पेशकश करने लगें,अपने प्रोफाइल में इस्राईली झंडे लगाने लगें,हमास की क्रूरता भरे वीडिओ पोस्ट करें परन्तु इस्राईली जायनिस्टों का अमानवीय पक्ष इन्हें नजर न आये ,न ही इन्हें इस्राईली वायु सेना की गजा के अस्पतालों पर की गयी बमबारी दिखाई दे ,न ही फिलिस्तीनियों का दाना -पानी बंद करना तक नजर न अये। और उल्टे इस्राईल द्वारा किये जा रहे नरसंहार पर जश्न का माहौल बनाने लगें ,यह स्थिति तो बेहद चिंताजनक है। भारत में फैले इस उन्माद की चर्चा तो विदेशों में विभिन्न बड़े समाचार पत्रों तक में हो रही है। खास तौर से भारतीय दक्षिणपंथियों के इस उन्मादी रुख पर दुनिया इसलिये भी आश्चर्यचकित है कि स्वयं भारत में मणिपुर कई महीनों से सुलग रहा है। मानवता का गला घोंटने वाले कई बड़े हादसे मणिपुर में भी हो चुके हैं। बस्तियां फूंकना,लोगों को जिंदा जलाना, हत्या,सामूहिक बलात्कार, महिलाओं को नग्न घुमाना, मंत्री, सांसद, विधायक,अधिकारियों व नेताओं के घरों को आग लगाना,क्या कुछ नहीं हुआ मणिपुर में। परन्तु उसकी चिंता इन इस्राईल समर्थकों को नहीं बल्कि यह इस्राईली युद्ध उन्माद के साथ खड़े हैं। ठीक उसी तरह जैसे इनके वैचारिक वंशज उस समय हिटलर के साथ खड़े थे जब वह इन्हीं यहूदियों का नरसंहार करने में लगा था ? गोया धर्म का चोला ओढ़ने वालों को हिंसा व क्रूरता जैसे अधर्म से ही इतना लगाव क्यों ? सवाल यह है कि कबीर,रहीम,रसखान,टीपू सुल्तान,अशफाकुल्लाह,बेगम हजरत महल, रजिया सुल्तान, अब्दुल हमीद और ए पी जे अब्दुल कलाम जैसे लोगों के देश में यह उन्मादी विचारधारा कहाँ से पनप गयी जिसे मुसलमानों का नरसंहार देखने में ही आनंद मिलता है ? यही वर्ग राष्ट्रवाद और राष्ट्रभक्ति की बात भी बढ़ चढ़कर करता है। परन्तु शायद वह अपने इस युद्धोन्माद में यह भूल चुका है कि उसके उस इस मूर्खतापूर्ण युद्धोन्मादी स्टैंड से दुनिया में यह देश कितना बदनाम हो रहा है ?

महर्षि वाल्मीकि जयंती (२८ अक्तूबर) पर विशेष

# महर्षि वाल्मीकि ने की थी दुनिया में पहले श्लोक की रचना



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ-पत्रकार

'रामायण' के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के अनुपम संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर साल अश्विन मास की पूर्णिमा के दिन वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 28 अक्तूबर को मनाई जा रही है। मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में उनकी जयंती रामायण काल से ही मनाई जा रही है। सनातन धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। संस्कृत के प्रथम महाकाव्य 'रामायण' की रचना करने के कारण ही उन्हें 'आदिकवि'कहा जाता है। वाल्मीकिकृत रामायण समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है, जो 21 भाषाओं में उपलब्ध है और सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूज्यनीय है। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक है। वाल्मीकिकृत रामायण को ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यह महाकाव्य जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है। महर्षि वाल्मीकि ने इसमें कई स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों की सटीक गणना की है। इस रामायण को वैदिक जगत का सर्वप्रथम काव्य माना जाता है, जिसमें कुल चौबीस हजार श्लोक हैं।

**वाल्मीकिकृत रामायण को ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यह महाकाव्य जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है।**

माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की थी। यही श्लोक संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई। उन्होंने नारद को बंदी बनाकर लूटने का प्रयास किया। तब नारद ने पूछा कि तुम ऐसा निंदनीय कार्य आखिर करते क्यों हो?

रत्नाकर ने उत्तर दिया- अपने परिवार का पेट भरने के लिए। तब नारद मुनि ने उनसे पूछा कि जिस परिवार के लिए तुम इतने पाप कर्म करते हो, क्या वह तुम्हारे इस पाप कार्य में भागीदार बनने के लिए तैयार होंगे? इसका उत्तर जानने के लिए रत्नाकर नारद मुनि को पेड़ से बांधकर घर पहुंचे और एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों से पूछा कि मैं डाकू बनकर लोगों को लूटने का जो पाप करता हूं, क्या तुम उस पाप में मेरे साथ हो? परिवार के सभी सदस्यों ने कहा कि आप इस परिवार के पालक हैं, इसलिए परिवार का पेट भरना तो आपका कर्तव्य है, इस पाप में हमारा कोई हिस्सा नही है। सभी से एक सा उत्तर सुनकर रत्नाकर उदास हुए और नारद मुनि के पास पहुंचकर उनके पैरों में गिर पड़े। तत्पश्चात नारद ने रत्नाकर को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। रत्नाकर ने उनसे अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा तो नारद मुनि ने उन्हें 'राम' नाम जपने की सलाह दी लेकिन रत्नाकर ने कहा कि मुनिवर! मैंने जीवन में इतने पाप किए हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप हो ही नहीं पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें 'मरा-मरा' का जाप करने को कहा और इस प्रकार 'मरा-मरा' का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप 'राम' नाम का जाप होने लगा। राम नाम में वह इस कदर लीन हो गए कि एक तपस्वी के रूप में ध्यानमग्न होकर वर्षों तक घोर तपस्या करने के कारण उनके शरीर पर चीटियों की बांबी लग गई। ऐसी कठोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गए। हमारे कुछ पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया।

# क्षमा महान गुण है

प्रेरक-प्रसंग



भौतिक विज्ञान के विकास में जिन वैज्ञानिकों का महत्वपूर्ण योगदान है उसमें आइजक न्यूटन का अप्रितम योगदान है। वे कहा करते - 'कठिनाइयों से गुजरे बिना कोई अपने लक्ष्य को नहीं पा सकता। जिस उद्देश्य का मार्ग कठिनाइयों के बीच नहीं जाता, उसकी उच्चता में सन्देह करना चाहिए।'
वे प्रकाश के सिद्धांतों की खोज में बीस वर्षों से लगे थे। अनेक शोधपत्र तैयार किए गए थे। वे मेज पर पड़े थे, वहीं लैम्प जल रहा था, उनका कुत्ता डायमड उछला और मेज पर चढ़ गया। लैम्प पलट गया। मेज पर आग लग गई। देखते-देखते बीस वर्षों की कठिन तपस्या से तैयार शोधपत्र जलकर खाक हो गए। न्यूटन जब टहलकर आए, तो इस दृश्य को देखकर उन्हें अपार कष्ट हुआ। एक क्षण तो इतने उद्विग्न हुए कि डायमंड को मार कर खत्म करने की बात भी सोचने लगे, लेकिन न्यूटन ने ऐसा नहीं किया। उन्होंने डायमंड को पास बुलाया, उसकी पीठ पर हाथ रखा, सिर थपथपाते हुए कहा, 'ओ डायमंड! डायमंड! जो नुकसान तूने पहुँचाया है, तू नहीं जानता।'उन्होंने धैयपूर्वक सारे शोधपत्र की सामग्री को अपनी स्मृति में खोजा और फिर उसी उत्साह से नया शोधपत्र तैयार करने में जुट गए।0030000जीवन का रहस्य ..एक जिज्ञासु शिष्य ने टॉल्स्टाय से पूछा, 'जीवन क्या है?'
टॉल्स्टाय ने कहा, एक बार एक यात्री जंगल की राह पर चला जा रहा था। सामने से एक हाथी उसकी ओर लपका। अपने प्राण बचाने के लिए तत्काल वह एक कुएँ में कूद गया। कुँए में वटवृक्ष था। उसकी एक शाखा को पकड़कर वह झूल गया। उसने नीचे देखा साक्षात मौत खड़ी थी। एक मगरमच्छ मुँह खोले बैठा था। भय कंपित वह मृत्यु का साक्षात दर्शन कर रहा था। उसने ऊपर देखा-शहद के छत्ते से बूँद-बूँद मधु टपक रहा था। वह सब कुछ भूल मधु पीने में तल्लीन हो गया,
लेकिन यह क्या? जिस पेड़ से वह लटका था, उसकी जड़ को दो चूहे कुतर रहे थे- एक उजला था, दूसरा काला। जिज्ञासु ने पूछा, 'इसका अर्थ?' 'तू नहीं समझा' टॉल्स्टाय ने कहा, 'वह हाथी काल था, मगर मृत्यु, मधु जीवन-रस था और दो चूहे दिन-रात। बस यही तो जीवन है। शिष्य सन्तुष्ट हो गया।'

जानकारी

# बैंगलोर से ऊटी कैसे पहुंचें?



## ट्रेन से बेंगलुरु से ऊटी

बेंगलुरु से ऊटी तक ट्रेन से पहुंचना परिवहन का सबसे किफायती और तेज साधन है। कोयंबटूर और तिरुप्पुर रेलवे स्टेशन ऊटी के सबसे नजदीक हैं, जिनकी मेट्टुपालयम तक कनेक्टिविटी है। एक बार जब आप मेट्टुपालयम पहुंच जाते हैं, तो आप ऊटी के लिए एक टॉय ट्रेन बुक कर सकते हैं, जो एक बढ़िया विकल्प है यदि आप ऊटी की अपनी यात्रा पर नीलगिरि पहाड़ों की राजसी ढलानों और हरे-भरे जंगलों के रमणीय दृश्यों का आनंद लेना चाहते हैं।

**बेंगलुरु से ऊटी तक फ्लाइट से**

ऊटी का निकटतम हवाई अड्डा कोयंबटूर में कोयंबटूर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है। आप केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, बैंगलोर से कोयंबटूर के लिए उड़ान बुक कर सकते हैं और हवाई अड्डे से लगभग 88 किमी दूर ऊटी के लिए टैक्सी या बस बुक कर सकते हैं। आप या तो कोयंबटूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से टैक्सी प्री-बुक करना पसंद कर सकते हैं या कोयंबटूर पहुंचने के बाद कैब बुक कर सकते हैं।

# Vivo 100 सीरीज में होगा Snapdragon 8 Gen 3 प्रोसेसर



नई दिल्ली: Vivo जल्द ही नई स्मार्टफोन सीरीज Vivo 100 पेश कर सकती है। इसमें मीडियाटेक का Dimensity 9300 प्रोसेसर दिया जा सकता है। सीरीज में कंपनी 100, 100 Pro, और 100 Pro+ को लॉन्च कर सकती है। हालांकि अभी यह सीरीज चीन में ही लॉन्च की जाएगी, ऐसी खबर है। इसी सीरीज के स्मार्टफोन 100 Pro+ में Snapdragon 8 Gen 3 आने की बात सामने आई है। इसके अलावा यह सीरीज रैम के मामले में भी नए अपग्रेड के साथ आएगी, ऐसा कहा गया है। आइए जानते हैं डिटेल्स।
Vivo X100 सीरीज पिछले कई हफ्तों से चर्चा में है। अब इस सीरीज का लॉन्च नजदीक बताया जा रहा है। यह अगले महीने यानी कि नवंबर में लॉन्च हो सकती है। टिप्स्टर अभिषेक यादव (@yabhishekhd) ने सीरीज के बारे में खुलासा करते हुए कहा है कि Vivo 100 में एक मॉडल Snapdragon 8 Gen 3 के साथ आएगा जिसे Vivo X100 Pro+ बताया गया है। टिप्स्टर ने कंपनी द्वारा जारी किया गया एक पोस्टर शेयर किया है जिसमें कंपनी ने Snapdragon 8 Gen 3 की घोषणा की है। हालांकि यह किस फोन में आएगा, इसका खुलासा नहीं किया है। Vivo 100 सीरीज एक और मायने में भी खास होने वाली है। इस सीरीज के स्मार्टफोन्स में पहली बार LPDDR5T रैम इस्तेमाल होगी। यानी यह पहली स्मार्टफोन सीरीज होगी जो कि LPDDR5T रैम के साथ आएगी। मीडिया रिपोर्ट्स में ये भी कहा गया है कि Vivo X100 Pro+ को नवंबर की बजाए जनवरी 2024 में लॉन्च किया जाएगा। फोन के स्पेसिफिकेशंस पिछले काफी समय से अफवाहों में हैं। वीवो एक्स100 प्रो प्लस के स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो फोन में 6.78 इंच का डिस्प्ले देखने को मिल सकता है। इसमें 120Hz रिफ्रेश रेट दिया जा सकता है।




टॉप ट्वीट



"इन्फैंट्री दिवस पर भारतीय सेना के सभी कर्मियों को शुभकामनाएं। यह हमारी पैदल सेना के अथक साहस और दृढ़ता का सम्मान करने का दिन है। उनका हर प्रयास हमारे देश की सुरक्षा और संप्रभुता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उनकी अथक सतर्कता और बेजोड़ वीरता समय की कसौटी पर खरी उतरी है।"

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री



"वर्क इन प्रोग्रेस..." हैसटैग के साथ सिंधम अगेन लिखा हुआ है। फिल्म 'सिंधम 3' में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। वहीं, इस फिल्म में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार कैमियो रोल में नजर आएंगे।"

रोहित शेट्टी
बॉलीवुड फिल्मकार

संपादक के नाम पत्र

## मां दुर्गा, राम और दशहरा

दशहरा का त्यौहार बड़े ही आस्था के साथ सनातनियों ने मनाया। सनातनी इसलिए कि राम सिर्फ हिंदुओं के आराध्य नहीं है अपितु सिक्ख, पारसी, जैन ,सूफी इत्यादि कईयों के मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत हैं। इस्लाम में भी जो सूफीवाद के समर्थक हैं वो भी भगवान राम और भगवती सीता के जीवन आदर्शों के माध्यम से ही पाक कुरान को समझाने का प्रयास करते हैं। अंतर सिर्फ इतना है कि नेटवर्क प्रोब्लम सही संदेश को मानव तक नहीं पहुंचा पाता। इस सिग्नल के साथ कुछ चरमपंथी विचारधारा वाले लोग और राष्ट्र की लाठी नेता छेड़छाड़ कर असत्य पर सत्य की राम विजय गाथा, शबरी के झूठे बेर के अस्पृश्यता वाले सकारात्मक संदेश, भाई लखन के भ्रातृत्व प्रेम, भरत और शत्रुघ्न की भक्ति, माता सीता के पवित्र चरित्र, हनुमान की निःस्वार्थ सेवा, गिलहरी का अप्रतिम प्रयास, महान पंडित रावण के अहंकार का अंत जैसी सुंदर गाथाओं से सीख लेने के बजाय दिग्भ्रमित करते हैं। ₹युग सहस्त्र योजन पर भानु ₹ हनुमान चालीसा की ये पंक्तियाँ आज से हजारों साल पहले पृथ्वी से सूर्य की दूरी नाप चुकी हैं, पुष्पक विमान आज के विमानन उद्योग का आधार है, ऋषि- मुनियों की तप की शक्ति टेलीपैथी के रूप में आज इस्तेमाल हो रहा है, चिकित्सा क्षेत्र में पहली अंग प्रत्यारोपण सर्जरी भगवान शंकर ने गणेश जी का किया, और कितनी ही कथाऐं विज्ञान का आधार है। दशहरा एक पर्व ही नहीं अपितु मानवता का पथप्रदर्शक है। जितना सनातन संस्कृति की हुई है उतनी किसी की नहीं हुई और इसी का परिणाम है कि ईसा मसीह, गुरु गोविंद सिंह, जरथुस्त्र को मानने वाले लोग भी अपने- अपने धर्मों पर आस्था रखते हुए सनातन संस्कृति को अपना रहे हैं, ये हम भारतीयों को गौरवान्वित करने वाला अकाट्य सत्य है।

देवेश कुमार देव
गिरिडीह, झारखंड

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### पैक्स चुनाव को लेकर दावेदारों का चुनावी प्रचार तेज

**बरकट्ठा** : बरकट्ठा प्रखंड के बरकट्ठा उत्तरी पैक्स चुनाव को लेकर ज्यों ज्यों मतदान की तारीख नजदीक हो रही है। त्यों त्यों चुनाव की गहमागहमी बढ़ने लगा है। अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों ने प्रचार अभियान तेज कर दिया है। पैक्स सदस्यों के पास उम्मीदवार तरह तरह की बात कर अपने पक्ष में गोलबंद करने में जुटे हैं। पैक्स का चुनाव दो नवंबर को होना है।

## सिटी अपडेट्स >>

### अवैध लकड़ी लोड एक ऑटो को वन कर्मियों ने पकड़ा

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के फूफदी चौक पर अवैध लकड़ी लोड एक ऑटो को वन कर्मियों ने पकड़ा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक एक युवक बिना नंबर के ऑटो पर लकड़ी लोड कर करियातपुर की ओर जा रहा था। जिसकी भनक वन कर्मियों को पूर्व में लग चुका था। लोगों ने बताया कि लकड़ी आरा गांव से लोड कर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पूर्व से घात लगाए वन कर्मियों को नजर ऑटो पर पड़ी। ऑटो चालक बिरजू साव की नजर वन कर्मियों पर पड़ते ही वह हक्का बक्का रह गया। इतने में वन कर्मियों का टीम ऑटो के करीब पहुंचकर चालक को गिरफ्त में ले लिया ।जबकि ऑटो का जब्ती सूची बनाकर कब्जे में कर लिया। गिरफ्तार ऑटो चालक ने बनकर्मियों को बताया कि वह आरा गांव से लकड़ी लोड कर करियापुर बर्तन फैक्ट्री में ले जा रहा था। इधर ग्रामीणों का कहना है कि ऑटो से लकड़ी ढोने का काम निरंतर जारी है बनकर्मियों का वन सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं है जिसके कारण वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है लोगों ने बताया कि बनकर्मी सुरक्षा के नाम पर खाना पूर्ति कर वापस लौट जाते हैं। ऐसे में वनों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। मामले को लेकर वनकर्मि वाल्टर बर्ला से संपर्क साधने की कोशिश किया ।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### सांसद जयंत सिन्हा के निर्देश पर हुआ अस्पतालों का औचक निरीक्षण

**हजारीबाग** :हजारीबाग सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के निर्देश पर 27 अक्टूबर को चौपारण, चुरचू, विष्णुगढ़, कटकमसांडी व मांडू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सांसद प्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सम्बन्धी कमियों को उजागर कर उन्हें बेहतर करवाना था। इससे पहले टाटीझरिया, बरही, पिपरवार, बड़कागांव, दारू, सदर व रामगढ़ में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। चौपारण के सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने एम्बुलेंस व चिकित्सक व स्टाफ आवास उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। विष्णुगढ़ में डेंटल चेयर व एक्स- रे मशीन ऑपरेटर की आवश्यकता है, जिसे उपलब्ध करवाने के लिए उचित कदम उठाये जायेंगे। साथ ही यहाँ एम्बुलेंस शेड व स्टाफ आवासों की मरम्मत की भी जरुरत है। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही बेड्स भी पर्याप्त संख्या में हैं।जयंत सिन्हा का प्रयास हजारीबाग व रामगढ़ वासियों को स्वास्थ्य संबंधी हर बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना है। इस दिशा में वे अनेक कदम उठा रहे हैं। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज व अस्पताल उन्हीं के प्रयासों से धरातल पर उतरा है। उन्होंने हजारीबाग की विधानसभाओं में कुछ समय पूर्व निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करवाया। इस शिविर में आंख, शुगर, ब्लड प्रेशर, डेंगू, मलेरिया व टाइफाइड समेत अन्य महत्वपूर्ण जांचें निशुल्क की गयीं। यहाँ जनरल फिजिशियन भी उपस्थित थे। इन शिविरों में 800 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

**अपराध**

## पुलिस अधीक्षक की गुप्त सूचना के आधार पर

# अफीम तस्करी कारोबार के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- प्लास्टिक में 900 ग्राम अफीम बरामद किया गया
- पकड़ाये वाहन का विधिवत तलाशी लिया गया
- इस काण्ड में अन्य सलिम व्यक्तियो के विरुद्ध अनुसंधान किया जा रहा है

राष्ट्रीय खबर



**हजारीबाग** :हजारीबाग गुरुवार की रात्रि को पुलिस अधीक्षक के द्वारा गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि चतरा की तरफ से एक स्विफ्ट वाहन सं0 उ्छ23उअङ2644 एवं एक आपाची मोटरसाईकिल सं0- इफ02इङ-4120 आ रही है। जिसमें अवैध रूप से भारी मात्रा में मादक पदार्थ अफीम एवं नगद राशि लेकर चौपारण होते हुए बिहार की ओर ले जाया जा रहा है। इस सबंध मे पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे के निदेर्शानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही के नेतृत्व में पुअनि अरुण कुमार वानी, पुअनि अजीत कुमार, एंव सशस्त्र बल के साथ एक छापामारी दल का टीम गठन किया गया। गठित टिम के द्वारा चतरा मोड़ के पास उक्त वाहन का आने का इंतजार करने लगा कुछ समय बाद उक्त दोनो वाहन आते हुए दिखाई दिया जिसे सशस्त्र बल के द्वारा रुकने का इशारा किया गया परन्तु पुलिस बल को देखकर उक्त वाहन एवं मोटरसाईकिल चालक अपनी गाड़ी को और तेजी से भगाने लगा जिसे संदेह होने पर पुलिस वाहन से खदेड़कर हथिया बाबा मंदिर के पास चारपहिया वाहन एंव मोटरसाईकिल को पकड़ लिया गया।

तलाशी के क्रम में चार पहिया वाहन स०- ऊ.23उअङ2644 में तीन प्लास्टिक में रखा करीब 07 किलोग्राम अफीम बरामद हुआ एवं आपाची मोटरसाईकिल स0- इफ02फङ-4120 के डिक्की से 285,0000/-रू0 (दो लाख पचासी हजार रुपये) नगद तथा सीट के अन्दर छुपा कर रखा हुआ प्लास्टिक में 900 ग्राम अफीम बरामद किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना काण्ड सं0- 412/23 दिनांक 27/10/23 धारा- 414/34 भादवि0 एंव 21( )/21 ( ) /22 ( ) 22 ( ) 29 ठउ्धर अू३. दर्ज कर पकड़ाये तीन व्यक्ति बलराम कुमार पिता सिताराम सिंह ग्राम हरनाही पोस्ट भलुआ थाना बाराचट्टी जिला गया (बिहार) नरेश कुमार पिता दरिया सिंह ग्राम तितानी पोस्ट + थाना उकलाना मंडी जिला हिसार (हरियाणा) गुलरान कुमार पिता-खुशी राम ग्राम बरवला पोस्ट धाना- बरवला जिला हिसार (हरियाणा) को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत भेजी जा रही है एवं इस काण्ड में अन्य सलिम व्यक्तियो के विरुद्ध अनुसंधान किया जा रहा है।

## न्यूज फटाफट

### राजद नेता शत्रुधन राम की माँ का निधन



**हजारीबाग** : इचाक प्रखंड के राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्रुधन राम की माँ केसिया देवी पति स्व० काली रविदास का मौत 84 वर्ष के उम्र में हो गया। उनकी मौत की खबर मिलते ही हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता, बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार, बीस सुत्री अध्यक्ष मनोहर राम, सीपीआई नेता गोविंद मेहता, कुरहा पूर्व मुखिया सदन मेहता, आदर्श युवा संगठन के जिला अध्यक्ष रूपेश कुमार, सामाजसेवी गौतम नारायण सिंह, राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, राजेन्द्र यादव, सुनील राम, राजेन्द्र कुमार रवि, देवकुली के पूर्व मुखिया परमेश्वर रविदास, कारिमाटी पंचायत के मुखिया चंदन मेहता, बबलू कुमार, शिक्षक सुरेश रविदास, चट्टान मेहता, सामाजसेवी मनोज राम, प्रदीप मेहता, बसंत नारायण मेहता, समेत सैकड़ो लोगो ने अंतिम दर्शन देने पहुँचे। पूर्व सांसद भुनेश्वर मेहता ने कहा कि इस परिस्थिति में मेरी संवेदना पीड़ित परिवार के साथ है। वही युवा नेता गौतम कुमार ने कहा कि कल ही शाम को उनकी आकस्मित मौत की खबर मिली थी। उनके मौत से पूरा क्षेत्र में शोक की लहर है। केसिया देवी अपने पीछे तीन पुत्र गन्दौरी राम, राजा राम, व सत्रुधन राम व एक पुत्री समेत पुरा परिवार को छोड़कर चल बसी। केसिया देवी की मुखाग्नि उनके पुत्र गन्दौरी राम ने दिए।

### प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया मतदाता पुनरीक्षण अभियान



**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया गया। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी–सह–सीओ मनोज कुमार मरांडी ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का व्यापक प्रचार–प्रसार एवं बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के निमित्त प्रखंड के कुम्हरलालो एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिंहपुर विजिट कर उपस्थित बीएलओ संग सेल्फी लिया तथा उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके महत्व को रेखांकित किया। बीडीओ ने बताया कि इस अभियान में नए और छुटे हुए मतदाताओं को अपने नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने पर जोर दिया जाएगा। इस दौरान कुम्हरलालो मुखिया प्रतिनिधि सुभाष कुमार, बीएलओ सहित सम्बंधित कर्मी उपस्थित थे।

### अधूरा पड़े आवास को जल्द पूर्ण करें नही तो होगी कार्रवाई



**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार मरांडी ने शुक्रवार को मधुबन पंचायत के विभिन्न गांव का दौरा कर प्रधानमंत्री आवास पूर्ण नहीं करने वाले लाभुकों के खिलाफ पुलिस प्रशासन के साथ जाकर अभिलंब आवास पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा की आवास योजना के लिए पैसा लेने के बावजूद निर्माण कार्य नहीं कराने वाले लाभुकों को चिन्हित कर उनपर कानूनी करवाई की जाएगी। बीडीओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के वैसे लाभुक जिनका आवास किन्हीं कारणों से अब तक अधूरा है वह आवास को जल्द पूर्ण करें। अगर आवास निर्माण में किसी प्रकार की परेशानी है तो मुझसे मिलें परेशानी का निराकरण किया जाएगा। मौके पर बीडीओ के अलावे मधुबन थाना पुलिस के जवान एवं सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे।

## प्राउड ऑफ माय बीएलओ के हैश टैग अभियान में शामिल हुए लोग



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बरही मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम किया गया। इसी बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माय बीएलओ संचालित किया गया। ताकि निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को समुचित सम्मान व उसका उत्साह वर्धन किया जा सके। इस अवसर पर प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जरहिया बूथ संख्या 335 मतदान केंद्र पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ निशु कुमारी के साथ मुखिया नीलम देवी व समाजसेवी नागेश्वर रजक सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया पर प्रकाशित किया है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक शकुंतला देवी, ज्योति लक्ष्मी, सहिया लीला देवी आदि मौजूद थे, सभी ने कहा कि अपने बीएलओ पर काफी गर्व है।

## टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष मलकोको गांव क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बरही प्रखंड के मलकोको गांव में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा नेता अरूण साहू पहुंचें। जहां अपने सैकड़ों कार्यकताओं और समर्थकों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर श्री साहू ने सबका आभार व्यक्त किया और तिलेश्वर साहू सेना के संगठन के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से संगठन के साथ जुड़कर सामाजिक और राजनीतिक काम करने हेतू प्रोत्साहित किया। लोगों ने भी उनके बातों का खुलकर समर्थन किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के साथ जुड़कर इसके मूल विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। मौके पर संतोष रजवार बरही प्रखंड अध्यक्ष, विष्णुधारी महतो बरही प्रखंड प्रधान महासचिव, बबलू साहू मीडिया प्रभारी, मो. जमीरूद्दीन अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष, राजेश कुशवाहा बरसोत पंचायत अध्यक्ष, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, मो. इस्माइल अंसारी, मो. सेराज, अनवर अंसारी, धनेश्वर मिर्धा, मो. निजामुद्दीन, संजय रविदास, लालजीत रविदास, मो. रियासत, प्रभु रजवार, हैदर अंसारी, सिराज अंसारी, मंसूर अली, गुलाम हैदर, उसमान मियां, सुभाष राणा, वसीम अंसारी, अब्दुल करीम, करीम अंसारी, मनीरूद्दीन अंसारी, दासो तुरी, हाशिम अंसारी, आबिद अंसारी, भरत राणा, संजय कुमार, पीतांबर प्रसाद, विनोद राणा, वीरेंद्र कुमार, सूरज शर्मा, वरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर प्रेसवार्ता सम्पन्न



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु आईएएस) सुलोचना मीणा तथा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी माँ देवप्रिया की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक समाहर्ता ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में सबों की अपनी भागीदारी अनिवार्य है। लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही है। उन्होने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा सभी मतदाताओं को चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु दिनांक 7 अक्तूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु दिनांक 26 दिसंबर 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28 एवं 29 अक्तूबर 2023 एवं 04 व 5 नवंबर 23 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है।

## आरएसएस के प्रशिक्षण में चार मातृशक्ति होंगे शामिल



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बरही विजयादशमी के उपरांत प्रतिवर्ष की भांति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत ने सेवा भारती का छः दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग धनबाद में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए बरही प्रखंड से चार मातृशक्ति धनबाद के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में भाग लेने वाली मातृशक्ति में रिंकू देवी भुइँया टोला पुराना अस्पताल धनबाद रोड के पीछे, रेखा देवी अफीम कोठी हजारीबाग रोड, कंचन कुमारी रसोइयाधमना पुरहरा एवं सरीता कुमारी तुरीया टोला कोनरा निवासी प्रमुख रूप से शामिल हुई। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने प्रशिक्षणार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार मानव समाज की सबसे अहम आवश्यकता है। इसके बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। यह समाज के पुननिर्माण का महत्वपूर्ण घटना है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल से इस कार्य में लगा है।

**जायजा**

## स्कूलों में कम उपस्तिथि होने पर प्रखंड

# विकास पदाधिकारी ने शिक्षकों को जवाबदेही का पाठ सिखाया

- यहां पर पानी की कमी पाई गई
- मतदाता पुनरीक्षण कार्य में जुटे बीएलओ से भी मिल
- योजना की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश दिया

अजय तिवारी



**केरेडारी** : केरेडारी क्षेत्र में पीएम आवास योजना की जांच करने निकले प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने केरेडारी प्रखंड में संचालित स्कूलों की स्तिथि का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजकीय कृत मध्य विद्यालय गरीकलां में छात्रों से परिचय प्राप्त करते हुए व्याकरण एवं टेबल से संबंधित जानकारी हासिल की। पाकशाला का भी जायजा लिया। स्कूल में छात्रों की कम उपस्तिथि पाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने शिक्षकों को अपनी जवाबदेही का पाठ सिखाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा आप एक शिक्षक होने के साथ साथ युग निमार्ता भी हैं।

इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी का टीम उत्क्रमित विद्यालय कोदवे पहुंचा। जहां पे भर ब्लॉक और पानी आपूर्ति की वस्तुस्तिथि पर संज्ञान लिया गया। यहां पर पानी की कमी पाई गई। शुक्रवार को बीडीओ अमित कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष से तीन पंचायत हेवई, बेंगवरी और गर्रीकलां पंचायत का भ्रमण अपने टीम के साथ किया। इस दौरान मतदाता पुनरीक्षण कार्य में जुटे बीएलओ से भी मिले और उनका हौसला आफजाई किया। इसके साथ ही बड़की हेवई में पंचायत समिति से स्वीकृत पीसीसी पथ एवं हेवई शमशान घाट स्तिथ लगाए जा रहे पेभर ब्लॉक निर्माण योजना का जायजा लिया। उन्होंने योजना की गुणवत्ता में सुधार करने का निर्देश साथ में चल रहे कनीय अभियंता को दिया। टीम में दिलीप दास (कनीय अभियंता) रोहित राज पंचायत सचिव एवं प्रभु कुमार राजीव कुमार दोनो बीएफटी साथ में थे।

## बदमाशों ने बोलेरो और स्कूटी में लगाई आग



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग:** बरकट्ठा बदमाशों ने गुरुवार रात करीब 11 बजे चुगलामो पंचायत के सिमरिया में अशोक चौधरी पिता मुन्नीलाल चौधरी के घर पास खड़े बोलोरो जेएच 02 ए 5776 और एक स्कूटी जेएच 02 बी जे 0189 में आग लगा दिया। घटना के वक्त वाहन मालिक अपने घर में सोया हुआ था। उसे इसकी जानकारी जब हुई। तब तक आग बेकाबू हो गया। उसने रात में ही पुलिस को खबर किया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर पड़ताल किया। वाहन मालिक के मुताबिक अज्ञात लोग ही आगजनी की घटना को अंजाम दिया है। ज्ञातव्य हो कि इन दिनों चोर और बदमाश और चोरों ने गैड़ा गांव समेत आसपास में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर नागरिकों में दहशत कायम कर दिया है। थाना क्षेत्र के गांवों में चोर और बदमाश पुलिस के लिए चुनौती बन चुका है। इसके बावजूद चोरी के घटनाओं को रोक पाने में पुलिस विफल साबित हो रही है।

## प्रदेश >> अपडेट

### सिक्योरिटी गार्ड का बहाली कैंप आयोजित

**महेशपुर (पाकुड़):** थाना परिसर में कमाडेंट सुपर स्टार सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड-सीटीए धनबाद के द्वारा सिक्योरिटी गार्ड की बहाली के लिए कैंप लगाया गया। भर्ती अधिकारी बिट्टू महथा तथा विश्वनाथ महथा ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरे पाकुड़ जिले में कुल 300 सिक्योरिटी गार्ड की बहाली करनी है। समाचार भेजे जाने तक थाने में 30 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन्हें प्रशिक्षण में भेजा जाएगा।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 9 दिसंबर तक दावा-आपत्ति अवधि निर्धारित है

**पाकुड़ :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर तक दावा-आपत्ति अवधि निर्धारित है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं बीएलओ का उत्साहवर्धन करने के निमित्त पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 396 का विजिट कर उपस्थित बीएलओ संग सेल्फी लिया तथा उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके महत्व को रेखांकित किया। इस दौरान उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने कहा कि सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में आप सभी बीएलओ की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उपायुक्त ने बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत दिनांक 27 अक्टूबर से 09 दिसंबर 2023 तक मतदाता सूची में अपना निबंधन, सुधार एवं पुनरीक्षण अवश्य करवाएं। सभी पात्र नागरिक, जो 1 अक्टूबर 2024 को या पहले 18 वर्ष के हो जायेंगे, फॉर्म 6 भरकर मतदाता सूची में पंजीकरण करायें।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### मुख्य सड़क पर लगी अस्थाई दुकानों को सीओ बीडीओ ने हटवाया

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड के अंबेदकर चौक के समीप अस्थायी फल व सब्जी तथा अन्य अस्थायी दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क से सटाकर दुकानें लगाए जाने से लोगों तथा वाहनों के आवागमन में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव तथा सीओ संजय कुमार सिंहा ने सुरक्षा गार्ड के साथ मुख्य सड़क से सटाकर लगायी गई दुकानों को हटवाया। दोनों पदाधिकारियों ने अस्थायी दुकानदारों को मुख्य सड़क से दूर ही दुकानें लगाने का सख्त निर्देश दिया। अधिकारियों ने बताया कि निर्देश का अनुपालन नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ आवश्यक कारवाई की जाएगी।

### हरिहरगंज के नए सीओ यामुन रविदास ने किया पदभार ग्रहण

**हरिहरगंज/पलामू :** हरिहरगंज अंचल में नये अंचल पदाधिकारी के रूप में यामुन रविदास ने शुक्रवार को निवर्तमान सीओ कामेश्वर बेदिया से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नव पदस्थापित सीओ श्री रविदास ने कहा कि समय पर कार्यों का निष्पादन, दाखिल खारिज, भूमि संबंधी विवादों का निष्पादन के साथ ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र को ससमय निर्गत कराना उनकी प्राथमिकता होगी। अंचल कार्यालय में कभी भी बिचौलियागिरी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी कर्मियों को कार्य अवधि तक अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने का निर्देश दिया । उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 28 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नया नाम शामिल करने,मृत मतदाता का नाम विलोपन और त्रुटि में नाम सुधार करने के लिए तिथि तय किया है ।

मां दुर्गा विसर्जन

अश्चे बोछोर आबार होवे गाकर मां से अगले साल फिर आने की कामना की गई

# सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी ने मां दुर्गा के प्रतिमा का किया विसर्जन

- बंगाली परंपराओं से मां का किया गया सिंदूर खेल एवं विदाई
- मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ इस पल को कैमरे में कैद करते हुए दिखाई दी
- मां दुर्गा को सिंदूर लगाते हुए महिलाएं काफी भावुक दिखीं



राष्ट्रीय खबर

**महेशपुर (पाकुड़):** प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। विसर्जन के पूर्व महिलाओं ने सिंदूर लगाकर फिर धूमधाम से मां को विदा किया। भक्तों ने भावपूर्ण गीत गाकर और जयकारा लगाया। मां दुर्गा को सिंदूर लगाते हुए महिलाएं काफी भावुक दिखीं। विदाई के इस पल में ढाक की धुन पर उत्साह और उमंग का वातावरण दिखाई दिया।

बंगाली लोक प्रचलित गीत अश्चे बोछोर आबार होवे गाकर मां से अगले साल फिर आने की कामना की गई। साथ ही मां से घर और परिवार में सुख और समृद्धि की कामना की गई। कई महिलाएं सेल्फी लेते, मां दुर्गा की प्रतिमा के साथ इस पल को कैमरे में कैद करते हुए दिखाई दी। प्रतिमा को पुरे नगर भ्रमण कराने के पश्चात बांसलोई शिवमंदिर घाट में विसर्जित किया गया। इस अवसर पर पूजा समिति के अमल कुमार राय, विनय भगत, रामनारायण भगत, बासुदेव कर्मकार, कृष्णजीत सिंह, अनिकेत सिंह, मित्तन दास, पार्थ मोदक, परेश घोष, सौरव गुप्ता, सुदीप घोष, पियुश कुमार, चिरंजीत कर्मकार, शिवम भगत, अमित साह, राजदीप कर्मकार, पप्पू सिंह, दिलीप भगत के अलावे कमेटी के अन्य सदस्य व युवतियों में आस्था सिंह, अमृता मंडल सहित काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं। प्रतिमा विसर्जन के वक्त विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी मुस्तैद थे।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

राष्ट्रीय खबर

**पलामूः** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार मे चैनपुर थाना क्षेत्र के सिराजुद्दीन अंसारी ने उपायुक्त से वृद्धा पेंशन बनवाने की मांग किया। इसी तरह नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के वृजनन्दन पासवान ने उपायुक्त से अम्बेडकर आवास देने की मांग किया। इसी तरह छतरपुर थाना क्षेत्र के परवेज अहमद ने कैंसर से पीड़ित अपने पिता के इलाज करवाने का अनुरोध उपायुक्त से किया,जिस पर उपायुक्त ने पीड़ित का इलाज मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत इलाज करवाने का आश्वासन दिया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी, प्रधानमंत्री आवास व जमीन दाखिल खारिज, जमीन हड़पने,राशन कार्ड,वृद्धा पेंशन आदि से सबंधित कई आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्या



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल के द्वारा समाहरणालय सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान शिक्षा विभाग, जमीन से संबंधित मामले एवं विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। जनता दरबार में भूमि संबंधित, पथ व पुल निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका चयन मे अनियमतिता सहित विभिन्न मामले सामने आए। जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इसके अलावे उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## जिला समाज कल्याण विभाग अंतगत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षात्मक बैठक संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**गुमलाः** आज शुक्रवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।इस दौरान विभाग अंतर्गत महत्वपूर्ण योजना जैसे कन्यादान योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना,मातृ वंदना योजनाओं आदि की समीक्षा की गई। आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के समग्र विकास को लेकर किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी ली। उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर एप के अपडेटेड डाटा का विश्लेषण किया, प्राप्त डाटा के अनुसार वजन मापी के तहत एप में 95.41 प्रतिशत एवं गृह भ्रमण के क्रम में 85.91 प्रतिशत की उपलब्धि देखने को मिली।वहीं पोषण ट्रैकर एप में पंजीकृत लाभुकों एवं आधार सत्यापन के कार्य में 95.07 प्रतिशत की उपलब्धि प्राप्त हुई। वहीं पोषण ट्रैकर एप के अन्य बिंदुओं की भी समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने प्रखंडवार महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सीडीपीओ से शत प्रतिशत डाटा एंट्री कराने का निर्देश दिया।इस दौरान उन्होंने श्ल्रठऊ डे पर गर्भवती महिलाओं को ट्रैक करने एवं उनके स्वास्थ्य संबंधित आवश्यक जांच करने का भी निर्देश दिया । वहीं उन्होंने कुपोषण एनीमिया के संबंध में भी लोगों को जागरूक करने की बात कही।उपायुक्त ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के संबंध में प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को इस योजना से मिलने वाले लाभ के बारे में जानकारी देने की बात कही। वहीं सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत सभी हाई स्कूल/कॉलेजेस में भी इस योजना से छात्राओं को अच्छादित करने का निर्देश दिया गया।वहीं जिले के सैम मैम बच्चों की स्थिति की जानकारी लेते हुए उपायुक्त के सभी सैम बच्चों को रागी लड्डू नियमित रूप से खिलाने को कहा उन्होंने एमटीसी सेंटर्स की भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अंतर्गत जिले में 111 प्रतिशत की उपलब्धि को देखते हुए उपायुक्त ने संतोष प्रकट किया एवं इस उपलब्धि को बरकरार रखने का निर्देश दिया गया।उक्त के अलावा उपायुक्त ने आंगनवाड़ी केंद्रों की भौतिक संरचना, बाल संप्रेक्षण गृह, वृद्धाश्रम आदि के संचालन व्यवस्था से संबंधित भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निदेश दिए।इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी , एसीएमओ, डीपीएम जेएसएलपीएस , सीडीओपी,महिला पयार्वेक्षिकाए सहित संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

### मेरी माट्टी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित

**भरनो :** भाजपा मण्डल कार्यालय भरनो के कार्यकताओं द्वारा भरनो के स्कूल चौक स्थित शिव मंदिर के पास मेरी माटी मेरा देश मिट्टी कलश को जिला कार्यालय में भेजने के लिए भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष किरण माला बड़ा को सम्मान पूर्वक मिट्टी से भरे कलश को भरनो मण्डल के भाजपा कार्यकर्ता उन्हें सौप दिए।यह मिट्टी कलश 29 अक्टूबर को दिल्ली भेजा जाएगा।जहां दिल्ली में अमृत वाटिका में इस मिट्टी को डाला जाएगा।इस मौके पर मण्डल प्रभारी लालमोहन साहू,भाजपा मंडल कार्यकारी अध्यक्ष सन्तोष कुमार पण्डा,जिला कार्य समिति सदस्य भोला प्रासाद केशरी,अशोक कुमार केशरी,अनिल गुप्ता,अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नेशार खान,सांसद प्रतिनिधि रामनन्दन शाही,मण्डल उपाध्यक्ष श्रीराम केशरी,मण्डल महामंत्री प्रेम कुमार सिंग,शोशल मीडिया प्रभारी शम्भू केशरी,गन्दुरा साव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

निदेर्श

कैंप लगाकर आयुष के प्रति करें लोगों को जागरूक

# जिला आयुष सोसायटी के रिक्त पड़े पदों को जल्द भरने का दिया निर्देश : उपायुक्त

- रिक्त पड़े पदों को जिला आयुष सोसायटी के माध्यम से भरने का दिया निर्देश
- संपूर्ण स्वास्थ्य के बारे में लोगों को बताया जाए




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने आज उपायुक्त कार्यालय में जिला आयुष सोसाइटी के सदस्यों के साथ बैठक की आवश्यक दिशा निर्देश दिए उपायुक्त महोदय ने आयुष गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए सोसायटी के सदस्यों को निर्देश दिया कि आयुष गतिविधियों को बढ़ाया जाए तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत अधिक से अधिक कैंप लगाकर लोगों को आयुष के प्रति जागरूक किया जाए व संपूर्ण स्वास्थ्य के बारे में लोगों को बताया जाए। उन्होंने आयुष विभाग में रिक्त पड़े पदों को जिला आयुष सोसायटी के माध्यम से भरने के निर्देश दिए।

इस मौके पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. अजीत सिंह यादव ने उपस्थित सभी कमेटी सदस्यों को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष विभाग की ओर से चलाई जा रही आयुष गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल राज, जिला आयुष पदाधिकारी विपिन चंद्र गुप्ता, पंचायती राज पदाधिकारी संजय कुमार व जेएसएलपीएस डीपीएम प्रवीण कुमार मिश्रा एवं अनुपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### घुसखोर कर्मचारी को पकड़वाने वाले राजेश तिवारी को किसान ब्रिगेड ने किया सम्मानित

**हुसैनाबाद पलामू :** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में घुसखोर कर्मचारी सचिन गुप्ता को रंगे हाथ पकड़वाने वाले दरुआ निवासी व प्रखर समाजसेवी श्री राजेश तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। किसान ब्रिगेड के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है। मैं संगठन के तरफ से इस मुहिम में शामिल एसीबी के पूरे टीम को धन्यवाद देता हूं। संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को इसी तरह से जेल भेजा जाना चाहिए। राजेश तिवारी जैसे व्यक्ति को आज साथ देने की जरूरत है। इनको सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि समाज के लोग इन्हें देखकर जागरूक हो और भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक मुहीम छेड़ें ताकि भ्रष्टाचार का उन्मूलन न हो। मैं इनके साहस को सैल्यूट करता हूं।राजेश तिवारी ने लोगों से अपील किया कि किसी भी कार्यालय में घुस की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है निडर होकर एसीबी को इसकी सूचना देनी चाहिए। जबतक भ्रष्टाचारियों के मन में डर पैदा नहीं होता वे घुस लेना बंद नहीं करेंगे। विदित हो कि राजेश तिवारी के शिकायत पर पीछले सप्ताह हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की एसीबी की टीम ने 4000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

### झारखंड सोशल फोरम सम्मेलन में ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा होगी: गणेश रवि

**मेदिनीनगर :** झारखंड सोशल फोरम का 30 -31 अक्तूबर को रांची में कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है। इस आयोजन में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 600 प्रतिनिधि सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।इस सम्मेलन में कई कार्यशालाएं होंगीं। कार्यशाला में झारखंड के नव निर्माण का संकल्प : समता एवं न्याय के संभावना की तलाश,महिला किसान : पहचान और अधिकार,आधी आबादी : संघर्ष, आजादी और हिस्सेदारी का प्रश्न,झारखंड में स्वशासन जलवायु संकट और समाधान के उपाय,महिलाओं का पलायन और तस्करी,जीडीपी बनाम भूख और बदहाली,लोकतंत्र को सशक्त करने में मीडिया का सरोकार,झारखंड में एफ .आर .ए . की अद्यतन स्थिति,खाद्य सुरक्षा का एक दशक जैसे विषय पर सेमिनार चर्चा किया जाएगा। इस आशय की जानकारी आयोजन समिति के सदस्य गणेश रवि ने दी। श्री रवि ने कहा कि इस अवसर पर जनसरोकार से जुड़ी डाक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की जायेगी. वैकल्पिक साहित्य, पारंपरिक खान-पान, कला संस्कृति से जुड़ी सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी।कार्यक्रम 30 अक्तूबर को 10 बजे से होगी।संध्या को सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में ₹झारखंड घोषणापत्र₹ पारित किया जायेगा। कार्यक्रम आयोजन समिति में घनश्याम,डॉ.किरण, सुधीर पाल,विनोद कुमार, कल्याणी मीना, शेखर, एके सिंह,जीवन का नाम शामिल हैं।

### नफरती बयान दे रहे हैं भाजपा विधायक डा.शशिभूषण: शत्रुघ्न

**पलामू :** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि साम्प्रदायिकता की आंच पर फिर से राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए जानबूझकर नफरती बयान दे रहे हैं भाजपा विधायक डा०शशिभूषण मेहता।बयान में उन्होंने कहा है कि एक विधायक के तौर पर संविधान को अक्षुण्ण बनाए रखने का शपथ लेकर धर्मनिरपेक्ष मूल्यों व संवैधानिक प्रावधानों की जमकर धज्जियां उड़ानेवाले ऐसे विधायक की सदस्यता समाप्त कर देनी चाहिए।प्रेस बयान में उन्होंने कहा है कि डा०मेहता एक शिक्षा माफिया से विधायक बने हैं, जिन्हें शिक्षाविद कहना किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है।सबको पता है कि निर्दलीय व जेएमएम प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ते समय मुसलमानों का समर्थन लेकर फूले नहीं समाने वाले विधायक डा०मेहता अब भाजपा में विधायक बनते ही साम्प्रदायिकता के नागनाथ बन चुके हैं,जो मौका मिलते ही जहर उगलने से परहेज नहीं करते हैं। निश्चित रूप से डा०मेहता की सोच भाजपा व पीएम मोदीजी के ₹सबका साथ,सबका विकास व सबका विश्वास₹ के ठीक उल्टा समाज में नफरत फैलाने वाला है,जो भाजपा रुपि हाथी के खानेवाले दांत व दिखानेवाले दांत अगल की परिभाषा को चरितार्थ करता है।क्या डा०मेहताजी अपने शैक्षणिक संस्थानों में मुस्लिम व क्रिश्चियन छात्रों का प्रवेश वर्जित करेंगे?बयान के अंत में उन्होंने कहा है कि पलामू के विभिन्न अंचलों में एक-दूसरे के सभी पर्व-त्योहार में हिन्दू व मुसलमान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं,अगर इसी तरह नफरती व गैर संवैधानिक सोच के लोग विधायक/सांसद बनते रहे तो हमेशा साम्प्रदायिकता की आग में देश झूलसता रहेगा।डा०मेहता जी को भाजपा नेता सैयद शहनवाज हुसैन व मुख्तार अब्बास नकवी जैसे सैकड़ों मुस्लिम भाजपाई नेताओं के बारे में भी ऐसी तल्ख प्रतिक्रिया व्यक्त करनी चाहिए,जो संघ व भाजपा के शीर्ष मनुवादी नेताओं के साथ मठ-मंदिरों में नजर आते हैं।

### निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ सेल्फी ली

**मेदनीनगर:** मेदनीनगर निगम भवन में अवस्थित मतदान केंद्र पहुंचे जिला निर्वाचन पदाधिकारी,बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत पूरे जिले में बीएलओ के साथ सेल्फी लेने का चला कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन मेदनीनगर नगर निगम में अवस्थित मतदान केंद्र संख्या 185,186 पहुंचे। यहां उन्होंने स्थानीय बीएलओ ममता कुमारी व ज्योतशाना कुमारी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका बेहद ही महत्वपूर्ण है। इनके कार्यों को सम्मान देने के लिये ही आज यह कार्यक्रम आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश के साथ ही पलामू के सभी मतदान केंद्रों पर यह अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्यक्रम से मतदाता जागरूकता में मदद तो मिलेगी ही साथ ही साथ इस तरह के कार्यक्रम से बीएलओ के मनोबल बढ़ाने में भी लाभदायक साबित होगा.मौके पर नगर आयुक्त जावेद हुसैन,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु समेत अन्य मौजूद रहें।

### उपायुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की

**पलामू :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन,दावा व आपत्ति प्राप्त करने और इसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित तिथियां के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने कहा कि आज मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने बताया कि आज से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्तियों संबंधी आवेदन देने की अवधि निर्धारित की गई है।28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे लोग इसका लाभ उठा सकते हैं।वहीं 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति जरूर कर लें ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ,त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके।इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु उपस्थित रहे।

## शहर >> अपडेट

### स्कूल मिड- डे मील रसोइया संघ का जिला सम्मेलन 29 को

**कोडरमा:** झारखंड राज्य स्कूल मिड- डे मील रसोइया संघ का जिला सम्मेलन 29 अक्टूबर को झुमरी तिलैया स्थित माहेश्वरी धर्मशाला में आहूत किया गया है। यह जानकारी देते हुए एटक की प्रदेश उपाध्यक्ष सोनिया देवी ने बताया कि उक्त सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस प्रदेश महासचिव अशोक दा, जिला परिषद सदस्य महादेव राम, सरिता रानी, विनोद पासवान सहित कई लोग शामिल होंगे। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक रसोइयों को भाग लेने की अपील की है।

## सिटी अपडेट्स >>

### मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन

**कोडरमा:** शुक्रवार को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर संजय प्रसाद श्रीवास्तव, अवर सचिव, मंत्रीमण्डल (निर्वा) विभाग के द्वारा कोडरमा विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र संख्या 132, 133, 134, 139, 144, 145 का भ्रमण किया गया एवं उपस्थित बीएलओ गायत्री देवी, कविता देवी, संध्या वर्णवाल, सुनिता देवी, अनिता देवी, बेबी देवी को स्वच्छ समावेशी एवं त्रुटिरहित मतदाता सूची बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया। इस अवसर पर जयपाल सोय, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनिल कुमार, सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी, कोडरमा, श्री शशिकांत मणि, रवि कुमार एवं वर्षा जयसवाल निर्वाचन शाखा के कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### अपहरण कर हत्या मामले में पांच गिरफ्तार

**झुमरीतिलैया:** शहर के गांधी स्कूल रोड निवासी प्रदीप पंडित की अपहरण कर हत्या करने के मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में दलजीत सिंह भी शामिल है जिसकी गाड़ी का प्रदीप पंडित चालक था। इस मामले की जानकारी कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह कांड वादिनी सुनीता देवी पति प्रदीप पंडित के लिखित आवेदन पत्र के आधार पर अपहरण के संबंध में दलजीत सिंह एवं अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध दर्ज कराया गया था। घटना के उद्भेदन हेतु पुलिस उपाधीक्षक दिवाकर कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया जिसमें सहयोग हेतु तकनीकी शाखा के पुलिसकर्मी भी शामिल किए गए। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर घटना में शामिल सूरज कुमार राणा (पिता सुभाष राणा, ग्राम सिंगलोडीह, थाना डोमचांच) को गिरफ्तार किया गया। उसके स्वीकारोक्ति बयान एवं निशानदेही के आधार पर प्रदीप पंडित के शव को गुरुवार को डोमचांच अंबादाह खदान से बरामद कर पोस्टमार्टम करा कर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंपा गया। घटना में प्रयोग किए गए मोबाइल, सफेद रंग की आल्टो कार, काला रंग का हुंडई वेन्यू कार जप्त किया गया है। इस घटना में शामिल दलजीत सिंह, जगदीश महतो, सूरज कुमार सिंह उर्फ बादल और विवेक कुमार को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। एसपी ने बताया कि घटना में शामिल सभी अन्य व्यक्तियों की पहचान कर दी गई है और सभी के विरुद्ध छापामारी की जा रही है। जल्द ही सभी की गिरफ्तारी हो जाएगी। गिरफ्तार लोगों में सूरज कुमार राणा (पिता सुभाष राणा, सिंगलोडीह, डोमचांच), दलजीत सिंह (पिता परमजीत सिंह, भादोडीह, तिलैया), जगदीश महतो (पिता महावीर महतो, मंगुरा, थाना इचाक), सूरज कुमार सिंह उर्फ बादल (पिता विनोद सिंह, लारियाडीह, कोडरमा) और विवेक कुमार (पिता राजनीति पासवान, न्यू कॉलोनी, कोडरमा) शामिल है।

**आंदोलन** अपने हक के लिए 65 दिनों से टेट पास पारा शिक्षक अनशन पर

# आपकी मांगे जायज है : सुखदेव भगत

- सरकार द्वारा 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति हेतू विज्ञापन
- 14042 टेट पास पारा शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग
- पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने का ड्राफ्ट तैयार

राष्ट्रीय खबर



**कुडू:** लोहरदगा, मांडर, बिशनपुर के दर्जनों टेट पास प्रशिक्षित सहायक शिक्षक (पारा शिक्षक) लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी पूर्व विधायक सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात कर उन्हें पांच सुत्री ज्ञापन देकर अपनी समस्याओं का निदान करने की मांग किये। टेट पास पारा शिक्षकों ने सुखदेव भगत को बताया कि 14042 पारा शिक्षकों का टेट पास किए हुए 10 वर्ष पूरा हो चुका है। टेट पास सहायक अध्यापकों (पारा शिक्षक)को वेतनमान देने के लिए कई उच्च स्तरीय बैठक भी हो चुकी है। विद्वान महाधिवक्ता का भी राय है कि पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा सकता है। 7 अगस्त 2021 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के समक्ष उच्च स्तरीय कमेटी की बैठक में टेट पास सहायक अध्यापकों को सीधे वेतनमान देने का ड्राफ्ट तैयार हो चुका था बावजूद 2 वर्ष से ऊपर बीत जाने के बावजूद अभी तक सहायक शिक्षकों को वेतनमान नहीं दिया गया है। अभी सरकार द्वारा 26000 सहायक आचार्य नियुक्ति हेतू विज्ञापन निकाला है नियुक्ति से पूर्व 14042 टेट पास पारा शिक्षकों को वेतन दिलाने की मांग किए। इस मांग को लेकर रांची में 65 दिनों से टेट पास पारा शिक्षक अनशन पर बैठे हैं। मौके पर सुखदेव भगत ने टेट पास पारा शिक्षकों को कहा कि आपकी मांगे जायज है। आपको वेतनमान दिलाने हेतु मुख्यमंत्री, राज्य कांग्रेस प्रभारी एवं संबंधित विभाग के सचिव से वार्ता करेंगे। भगत ने कहा कि टेट पास पारा शिक्षक शत प्रतिशत स्थानीय हैं। सरकार ने भी इन्हें वेतन मान देने का निर्णय लिया था। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार ,पंजाब, त्रिपुरा आदि राज्यों में पूर्व से कार्य कर रहे पारा शिक्षकों को वेतनमान दिया जा चुका है। बावजूद हमारे राज्य के पारा शिक्षकों को वेतनमान अभी तक नहीं मिलना चिंता का विषय है। झारखंड की इंडिया सरकार सभी वर्गों का ध्यान रखती है और उनके हित में कार्य कर रही है। झारखंड सरकार एक संवेदनशील सरकार है। भगत ने पारा शिक्षकों से कहा कि उन्हें न्याय दिलाने हेतू वे सार्थक पहल करेंगे। झारखंड सरकार भी टेट पास पारा शिक्षकों के हित में समुचित निर्णय लेगी। मौके पर प्रमोद कुमार प्रदेश संरक्षक, सुनीता साहू लोहरदगा अध्यक्ष, साधु उरांव लोहरदगा जिला उपाध्यक्ष, विजय साहू जिला कोषाध्यक्ष, मीना कुमारी, लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू, जगदीप भगत, शाहिद अहमद बेलू सहित दर्जनों टेट पास पारा शिक्षक उपस्थित थे।

## न्यूज फटाफट

### मोबाइल फोन हर व्यक्ति की आवश्यकता:विजय



**मरकच्चो:** आधुनिक जमाने में मोबाइल फोन हर व्यक्ति की आवश्यकता हो गई है। मोबाइल का चलन इतना अधिक हो गया है कि बिना मोबाइल के व्यक्ति अपने आप को सहज महसूस नहीं करता है। मोबाइल के बढ़ते प्रचलन को देखते हुए प्रखंड मुख्यालय स्तिथ बंधन चौक मे शुक्रवार को न्यू शमशेर टेलीकोम, जियो डिस्टीब्यूटर मोबाईल दुकान का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, मुखिया रंजीत सिंह, मुखिया इरफान अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कैलाश यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर प्रमुख ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह का मोबाईल दूकान खुलने से ग्रामीणो का काफी लाभ मिलेगा। इस दुकान में मल्टी ब्रांडेड कम्पनी का मोबाईल किफायती क ीमत पर उपलब्ध होगा। संचालक शमशेर अंसारी ने कहा कि दूकान में हर प्रकार के नये मोबाईल बिक्री के साथ साथ उससे सम्बंधित उपकरण उपलब्ध है। मौके पर समाजसेवी रविशंकर तिवारी, नौसाद अंसारी, मिन्हाज अंसारी, समीम अंसारी, अमजद अंसारी, रमेश सिंह, रंजीत यादव, पंकज सिंह, विकास सिंह, मुमताज अंसारी, अमजद अली, अबुल रजा, बादल भाई, मो ताज, शाकिर अली, सलीम अंसारी, सोहराब आलम समेत कई लोग उपस्थित थे।

### जल्द होगा सड़क निर्माण: अमित यादव



**जयनगर:** प्रखंड के ग्राम ककरचोली के ग्रामीणों के द्वारा विधायक अमित कुमार यादव को आवेदन दिया है कि ककरचोली जाने में रास्ता की जो भी जमीनी समस्या था इसका निष्पादन हेतु पूरे ग्रामीण की बैठक की गई। जिसमें सभी लोग रैयती जमीन देने का निर्णय लिया। उपस्थित ग्रामीणों को विधायक अमित कुमार यादव ने आश्वासन दिया की बहुत जल्द सड़क का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर उप मुखिया हाशिम खान, अर्जुन यादव, सुरेंद्र साहू, रामप्रसाद यादव, रणजीत राणा, विजय राणा, रोहित राणा, मथुरा यादव, महेंद्र पासवान, आसीन खान, समीना खातून, लक्ष्मण राणा, पिंकी देवी, अनीता देवी, परमानंद पासवान, दीपक पासवान, राजेंद्र यादव, लियाकत अंसारी सहित दर्जनों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन दिया गया।

### मेरा मिट्टी मेरा देश का कार्यक्रम समापन

**जयनगर:** प्रखंड के दुर्गा मंदिर प्रांगण में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरा मिट्टी मेरा देश का कार्यक्रम समापन के उपलक्ष्य में जयनगर मंडल से कलश दिल्ली के लिए रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जयनगर मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, महामंत्री यमुना यादव, उपाध्यक्ष सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, महेश पांडेय, युवा मोर्चा जयनगर मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह, उमेश मोदी, बिनोद गुप्ता, सदानंद सिंह, कुंदन गुप्ता, राजू साव, त्रिभुवन राम, बेदो सिंह, रामटहल स्वर्णकार, सीताराम, प्रदीप स्वर्णकार सहित कई लोग मौजूद रहे।

डां आदर्श महिला किसानों को दिया प्रशिक्षण

## दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार झारखंड जल छाजन योजना के अंतर्गत तथा समर्पण चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रखंड के चरगी पंचायत अंतर्गत अरारी ओर मायापुर पंचायत में आयोजित दो दिवसीय कृषि प्रशिक्षण शिविर शुक्रवार को प्रारंभ किया गया। इन दोनों गांवों में काफी संख्या में महिला कृषक शामिल हुए बल्कि खेती बाड़ी से संबंधित प्रशिक्षण भी प्राप्त किया। कृषि प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम के प्रायोजक कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों की ओर से प्रखंड के चरगी पंचायत अंतर्गत अरारी में वरीय वैज्ञानिक डॉ अनिल कुमार ओर प्रखंड के मायापुर में वैज्ञानिक डॉ आदर्श श्रीवास्तव ने कृषि विषय पर महिला किसानों को प्रशिक्षण दिया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के पहले दिन किसानों को कृषि कार्य करने की वैज्ञानिक विधि बताई गई। कृषि कार्य में रासायनिक खाद के बदले घर में तैयार किया हुआ केंचुआ खाद का उपयोग करने की नसीहत महिला कृषकों को दी गई।

सुबह 11 से 12 बजे तक चलाया गया हैश टैग अभियान

# मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है:अशोक राम

राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार की पहल और निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी अशोक राम की ओर से शुक्रवार को हैश टैग अभियान सुबह 11 से 12 बजे तक चलाया गया। मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है की थीम पर उक्त एक घंटे का अनूठा कार्यक्रम गोमिया विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत पड़ने वाले पेटरवार प्रखंड के सभी मतदान केंद्रों पर पहली बार आयोजित किया गया।सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी अशोक राम ने कहा कि पूरे निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत



महत्वपूर्ण होती है। उनके कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए शुक्रवार को पूर्वान्ह 11 बजे से 12 बजे के बीच एक घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान चलाया गया। बताया कि शुक्रवार को सभी बूथों के बीएलओ अपने-अपने बूथ पर मौजूद रहे।

## नए वोटरों को जोड़ने को लेकर चला अभियान

राष्ट्रीय खबर

**जयनगर:** प्रखंड के मतदान केन्द्र पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के अवसर पर विभिन्न मतदान केंद्रों पर जाकर वहाँ उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल पर हैशटैग के साथ पोस्ट करते हुए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार सभी बूथ लेवल आफिसर्स का उत्साहवर्धन किए। अंचल अधिकारी ओमप्रकाश बड़ाईक, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी बिरेंद्र कुमार ने मतदान केंद्र संख्या 59, 60, 63, 64 ,65, 66, 68 तथा 69 पर पहुंच कर मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ



विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किये। उन्होंने बताया कि आज 27 अक्टूबर 2023 से 9 दिसंबर 2023 तक बूथ लेवल आफिसर अपने क्षेत्र में घर घर जाकर होम टू होम सत्यापन का कार्य करेंगे एवं दावा आपत्ति प्राप्त करेंगे। इस बीच पड़ने वाले सभी शनिवार एवं रविवार को विशेष शिविर का आयोजन किया जाएगा। बीएलओ अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित रहेंगे जहां पहुंच कर नये मतदाता प्रपत्र 6 भरकर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकेंगे। यदि आवश्यकता हो तो अपने नाम को अन्य मतदान केंद्र में शिफ्ट करवा सकेंगे। यदि नाम की वर्तनी, जन्मतिथि आदि में त्रुटि हो तो उसमें सुधार इत्यादि के लिए प्रपत्र 8 और प्रपत्र 7 के द्वारा मृत मतदाताओं के नाम हटाए जा सकेंगे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत

- उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बीएलओ के साथ ली सेल्फी

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** प्राउड ऑफ माई बीएलओ के साथ मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की शुरूआत शुक्रवार को परियोजना बालिका उच्च विद्यालय कोडरमा से की गयी। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बीएलओ के साथ सेल्फी लेते हुए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 की शुरूआत किया। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त द्वारा नये मतदाताओं को इपिक कार्ड वितरण किया गया। इपिक कार्ड प्राप्त मतदाताओं ने अपने अपने



बीएलओ के साथ सेल्फी ली। इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय ने भी बीएलओ के साथ सेल्फी ली। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत दिनांक 27.10.2023 से 09.12.2023 तक आयोजित होने वाले घर-घर भ्रमण सर्वेक्षण कार्यक्रम शामिल हो और अगर मतदाता सूची में नाम नहीं जुड़ा है तो अपना नाम मतदाता सूची में जरूर जोड़वाये। अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से संपर्क स्थापित करते हुए मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने, स्थान परिवर्तन आदि का कार्य अवश्य कर लें। बता दें कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथि निर्धारित है। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीना, उप निर्वाचन पदाधिकारी जयपाल सोय, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार व निर्वाचन शाखा के कर्मी व बीएलओ मौजूद रहे।

**चेतावनी** घटना के तीन दिन बाद भी नहीं मिली दाह संस्कार की राशि

# जब तक परिजनों को राशि नहीं मिलेगी खदान नहीं चलेगा: उमेश

- चार दिनों बाद भी नहीं दर्ज हुआ मामला
- एक लाख दाह संस्कार के लिए और पन्दरह लाख रूपए बच्चियों के नाम देने का खदान मालिक का वादा

राष्ट्रीय खबर



**जयनगर:** प्रखंड क्षेत्र के डहुआटोला स्थित जय माता रानी मिनरल्स नामक पत्थर खदान में तीन दिन पूर्व डूबने से गांव के ही प्रमोद चौधरी की मौत हो गई। घटना के पश्चात विधायक अमित कुमार यादव, राजद प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष गणपत यादव, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, पूर्व मुखिया बाला लखन्दर पासवान की उपस्थिति में खदान मालिक से दूरभाष पर वार्ता हुई और तय हुआ था कि तत्काल इस परिवार को दाह-संस्कार के लिए एक लाख दिए जाएंगे। इसके पश्चात मृतक की दोनों बच्चियों के नाम से 15 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। मगर 15 लाख तो बाद की बात है तत्काल मिलने वाली राशि भी अब तक मृतक के परिजनों को नहीं मिली है। इससे परिजनों में रोष है। इधर शुक्रवार को बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता उमेश यादव, इंटक जिलाध्यक्ष अरुण यादव आदि मृतक के घर पहुंचे और परिजनों से पूरे मामले की जानकारी ली। कहा कि जब तक खदान मालिक द्वारा मुआवजा की राशि नहीं दी जाती तब तक खदान बंद रहेगा। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीति का मैटर नहीं है। एक पीड़ित परिवार की सहायता की बात है। वार्ता में जो तय हुआ है उसका अनुपालन होना चाहिए। इस परिवार को हर हाल में सहायता मिलनी चाहिए। मौके पर मृतक की पत्नी नीतू देवी ने बताया कि पति की मौत के बाद उनका पूरा परिवार बेसहारा हो गया है। उनकी दोनों छोटी-छोटी बच्चियों फिलहाल अपने मामा के घर पर है। उसके पालन पोषण के साथ-साथ जीवन यापन की चिंता भी सता रही है। वार्ता में शर्तों के मुताबिक अभी तक कोई सहायता नहीं मिली है। इंटक जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने कहा कि वार्ता में शामिल लोगों की भी जिम्मेवारी बनती है कि वार्ता की शर्तों का अनुपालन हो। यदि ऐसा नहीं हुआ तो ग्रामीणों के सहयोग से आंदोलन किया जाएगा।घटना के चौथे दिन बाद भी जयनगर थाना में किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं किया गया है। इधर पीड़ित परिवार मुआवजा की राह देख रहा है। उल्लेखनीय है कि अपने दो छोटी बच्चियों की लालन-पालन के लिए पहली पत्नी की मौत के बाद 6 माह पूर्व प्रमोद ने दूसरी शादी की थी। मगर अब प्रमोद ही नहीं रहा। अव कैसे हो बच्चों का लालन पालन, यह सवाल मुंह बाए खड़ा है। मौके पर पूर्व मुखिया शिवकुमार यादव, राजेश यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### अमृत सरोवर, मनरेगा पार्क का लिया जायजा



**कोडरमा:** भारत सरकार में संयुक्त सचिव कमल किशोर सोन ने शुक्रवार को कोडरमा जिला का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने जल शक्ति अभियान (कैच द रेन) 2023 अभियान के तहत जयनगर प्रखंड के पंचायत पिपचो में अमृत सरोवर (मरडीहा आहार का जीर्णोद्धार) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने तालाब में जल की क्षमता की जानकारी ली। उन्होंने मरकच्चो प्रखंड के अरकोशा पंचायत में मनरेगा पार्क का निरीक्षण किया गया। संयुक्त सचिव ने नारियल फोड़कर मुर्गी पालन हेतु शेड निर्माण का उद्घाटन किया। संयुक्त सचिव के साथ उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी व अनुमंडल पदाधिकारी ने पौधारोपण किया। संयुक्त सचिव, मिनिस्ट्री आफ लेबर एंड इम्प्लॉयमेंट, भारत सरकार ने अरकोशा गांव के ग्रामीण के साथ बातचीत की। ग्रामीणों ने गांव में बागवानी करने और अपने आजीविका के स्रोत के लिए कर रहे कार्यों की जानकारी दी। अरकोशा गांव के लाभुक कंचन देवी को मुर्गी पालन और लाभुक वर्षा देवी को चूड़ी बनाने को लेकर मुद्रा लोन के तहत राशि प्रदान किया गया। अतिरिक्त अमृत सरोवर के तहत बनाये गये तालाब की जानकारी ली। मौके पर उपायुक्त मेघा भारद्वाज, वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त ऋतुराज, अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा मौजुद रहे।

## न्यूज फटाफट

### झारखंड तैराकी संघ के पदाधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी मनोनीत




**रांची:** झारखंड तैराकी संघ के पदाधिकारी एवं तकनीकी अधिकारी,वरीय उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार तिवारी, राकेश कुमार पाठक ( सी सी एल राँची ), एवं मन्नु कुमार राणा (हजारीबाग), को 37 वें राष्ट्रीय खेल के सफल आयोजन संपन्न कराने के लिए भारतीय तैराकी संघ ने तकनीकी अधिकारी के रूप में मनोनीत किया है इस उपलब्धि पर झारखंड तैराकी संघ की अध्यक्षा श्रीमती बरखा सिन्हा, चेयरमैन श्री राम बालक सिंह, अर्चित आंनद सचिव उपेन्द्र कुमार तिवारी,अमर सिंह, राजेश यादव, रंधीर कुमार, अरविंद शर्मा,चिंटू सिंह, एवं साथ साथ संघ के सभी पदाधिकारियों ने बधाई दी।

### 37वे राष्ट्रीय खेल, एथलेटिक्स के लिए झारखंड के 04 तकनीकी पदाधिकारी गोवा रवाना



**रांची:** भारतीय ओलंपिक संघ, नई दिल्ली एवम गोवा सरकार द्वारा 25 अक्टूबर से 09 नवम्बर तक गोवा में आयोजित 37वे राष्ट्रीय खेल, गोवा में आयोजित एथलेटिक्स स्पर्धा 29 अक्टूबर से 03 नवम्बर तक के लिए झारखंड राज्य के 04 तकनीकी पदाधिकारीयों को नामित किया गया है। जिसमें सी. डी. सिंह(रामगढ़), एस. के. पाण्डे(रांची), अशोक भट्टाचार्य(बोकारो), मो. फरीद(धनबाद) नामित किए गए हैं। सभी तकनीकी पदाधिकारी आज रांची से गोवा के लिए रवाना हुए। जिन्हें झारखंड ओलंपिक संघ एवम झारखंड एथलेटिक्स संघ से जुड़े पदाधिकारियों एवम राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी । ज्ञातव्य हो 37वे राष्ट्रीय खेल, गोवा में देश भर के 28 राज्यों 08 केंद्र शासित प्रदेशों के 43 खेलों में कुल 10000 खिलाडियों एवम अधिकारियों का दल भाग ले रहा है।

### ऑस्ट्रेलिया ने महिला ओलंपिक फुटबॉल क्वालीफायर में ईरान को हराया



**सिडनी:** ओलंपिक महिला फुटबॉल एशियाई क्वालीफायर 2024 के दूसरे दौर के ग्रुप ए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को ईरान को 2-0 से और फिलीपींस ने चीनी ताइपे को 4-1 से हरा दिया। गुरुवार को हुए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने 19वें मिनट में एली कारपेंटर ने एक शक्तिशाली गोल किया। दूसरे हाफ के दौरान, ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच टोनी गुस्तावसन ने 65वें मिनट में कप्तान सैम केरर, मैरी फाउलर और डिफेंडर स्टीफ कैटली को मैदान में भेजा। फाउलर और कैटली द्वारा दिए गए पास से केरर ने 79वें मिनट गोल दाग दिया। इसी के उसने ईरान के खिलाफ 2-0 से मुकाबला जीत लिया। इससे पहले दिन में, फिलीपींस ने इसी मैदान पर चीनी ताइपे पर आसान जीत दर्ज की। पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद 47वें मिनट में सू यी-यून के गोल ने चीनी ताइपे को बढ़त दिलाई। हालाँकि, फिलीपींस ने लगातार चार गोल करके वापसी की। फिलीपींस की ओर से सरीना बोल्डेन ने 54वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर बराबर कर दिया। उसके बाद 60वें मिनट में कैटरीना गुइलोउ ने बढ़त ले ली।

**मुकाबला** इंग्लैंड के खिलाफ बतौर कप्तान 100वां मुकाबला खेलेंगे

# भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 18000 रन पूरे करने के बेहद करीब

▶▶ रोहित ने भारत के लिए 99 मैचों में कप्तानी की है

**एजेंसियां**



**मुंबई:** 29 अक्टूबर को गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ भारत वर्ल्ड कप 2023 का मुकाबला खेलेंगे। ये मैच लखनऊ के एकाना स्टेडियम में खेला जाएगा। इसके साथ ही भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बतौर कप्तान इंग्लैंड के खिलाफ अपना 100वां मैच खेलेंगे। क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट को मिलाकर रोहित ने भारत के लिए 99 मैचों में कप्तानी की है। वहीं भारतीय कप्तान इस मैच में अपने 18 हजार इंटरनेशनल रन पूरे करने के भी काफी करीब हैं। बता दें कि, रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने 99 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 73 मैचों में कामयाबी हासिल हुई है। वहीं 23 मुकाबलों में टीम इंडिया को हार झेलनी पड़ी है। जबकि 2 मैच टाई रहे हैं। रोहित की जीत का प्रतिशत 73.73 फीसदी रहा है। वहीं उन्होंने बतौर कप्तान दो एशिया कप खिताब, निदाहस ट्रॉफी और बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अब तक जीते हैं। इंटरनेशनल क्रिकेट में रोहित शर्मा अपने 18 हजार रन के बेहद करीब हैं। अगर वो इंग्लैंड के खिलाफ मुकाबले में महज 47 रन बनाते हैं तो वो इस आंकड़े को छू लेंगे। रोहित शर्मा के प्रदर्शन की बात करें तो तीनों फॉर्मेट में उन्होंने अबतक 456 मैचों की 476 पारियों में 17953 रन बनाए हैं इस दौरान उन्होंने 45 शतक और 98 अर्धशतक लगाए हैं और उनका बेस्ट स्कोर 264 रन रहा है। इस दौरान उन्होंने 45 शतक और 98 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बेस्ट स्कोर 264 रन रहा है। उन्होंने इन मैचों में 1703 चौके और 568 छक्के जड़े हैं।

### धोनी ने अपनी फिटनेस और आईपीएल 2024 में सीएसके की कप्तानी पर दिया बड़ा बयान



**नई दिल्ली:** भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक एमएस धोनी हमेशा ही चर्चा में बने रहते हैं। उन्होंने 15 अगस्त 2020 को क्रिकेट से संन्यास ले लिया था लेकिन आईपीएल में अभी भी वो खेल रहे हैं। चेन्नई सुपर किंग्स उनकी कप्तानी में पांच बार चैंपियन बन चुकी है। हाल ही में वो बेंगलुरु में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कई बातों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अपनी फिटनेस पर बड़ा अपडेट दिया। फिलहाल, आईपीएल 2023 के दौरान उनके घुटने में दिक्कत थी। इस दौरान वो दर्द से जूझते हुए नजर आए थे। इस परेशानी के बावजूद उन्होंने पूरा टूनार्मेंट खेला और टीम को चैंपियन बनाया। इस साल चैंपियन बनने के तुरंत बाद उन्होंने अपने घुटने का ऑपरेशन करवाया और बेंगलुरु में उन्होंने बताया ककि वह कब तक पूरी तरह से ठीक हो जाएंगे। धोनी ने बताया कि अभी उनका घुटना पूरी तरह से ठीक नहीं है और डॉक्टर्स ने उन्हें बताया है कि नवंबर तक उनका घुटना काफी बेहतर हो जाएगा। इस कार्यक्रम में उनसे पूछा गया कि भारत के वनडे वर्ल्ड कप जीतने की कितनी संभावना है तो इसके जवाब में उन्होंने साफ तौर से तो कुछ नहीं कहा, लेकिन इतना जरूर कहा कि भारतीय टीम अच्छा खेल रही है और टीम संतुलित दिख रही है। सबकुछ काफी अच्छा लग रहा है और मैं इतना ही कहूंगा कि समझदार के लिए इशारा ही काफी है।

## खेल जगत अपडेट्स »

### अमित शाह ने दिखाई 5के दौड़ को हरी झंडी

**हैदराबाद:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने फिट राइज-75 पहल के तहत शुक्रवार को सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में 5के दौड़ को हरी झंडी दिखाई। आज यहां इस अवसर पर श्री शाह ने फिट इंडिया कार्यक्रम के जरिए किए गए विभिन्न कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए फिटनेस के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए योग, ध्यान और व्यायाम जैसी गतिविधियों का महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि फिटनेस हर किसी के जीवन का अभिन्न अंग होनी चाहिए और दिन भर के काम की मांगों को प्रभावी ढंग से करने के लिए शारीरिक रूप से फिट रहने की आवश्यकता है।

### महाराष्ट्र में पांच खिलाडी राज्य की फुटबॉल टीम अंडर 19 में

**कोल्हापुर:** महाराष्ट्र हाई स्कूल और जूनियर कॉलेज के पांच फुटबॉल खिलाड़ियों को राज्य की अंडर 19 फुटबॉल टीम के लिए चयन किया गया है।

# भारत ने आज छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीते




**एजेंसियां**

**हांगझोउ :** चीन में चल रहे चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारतीय खिलाड़ी विभिन्न स्पर्धाओं में शानदार शुरुआत करते हुए आज छह स्वर्ण सहित 12 पदक जीत चुके है। शुक्रवार को यहां हुए मुकाबलों में प्रमोद भगत ने पुरुष एकल एसएल3 बैडमिंटन स्पर्धा में स्वर्ण और नितेशंक ने अविश्वसनीय कौशल और अटूट दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 में गर्व से रजत पदक जीता। वहीं बैडमिंटन की महिला एकल एसयू5 वर्ग में थुलासिमथी ने पदक जीता। उन्होंने चीन की क्विक्सिया यांग को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। बैडमिंटन में सुहास यतिराज ने पुरुष एकल एसएल-4 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

उन्होंने मलेशिया के मोहम्मद अमीन के खिलाफ 2-1 के स्कोर के साथ यह पदक जीता। शीतल देवी महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन स्पर्धा में सिंगापुर की अलीम नूर सयाहिदा को एक लुभावने मैच में हराकर यह पदक जीता। वहीं एक अन्य मुकाबले में तीरंदाज राकेश कुमार ने पुरुषों की व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में ईरान के अलीसिना मंशाएजादेह के खिलाफ करीबी मुकाबले में शानदार रजत पदक हासिल किया।

एस0 आर0 रुंगटा बी-डिविजन लीग

### करण की शतकीय पारी की बदौलत शाह स्पोर्ट्स अकादमी ने फ्रेंडस कोल्टस को हराया

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची :** पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे एस आर रूंगटा बी-डिविजन लीग के अंतर्गत आज खेले गए मैच में चक्रधरपुर की शाह स्पोर्ट्स अकादमी ने चाईबासा के फ्रेंडस कोल्टस को एकतरफा मुकाबले में 120 रनों के भारी अंतर से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए शाह स्पोर्ट्स अकादमी ने निर्धारित तीस ओवर में आठ विकेट खोकर 244 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। हलाँकि शाह स्पोर्ट्स अकादमी की शुरूआत अच्छी नहीं रही। 32 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद इस टीम के पाँच विकेट मात्र 47 रन के स्कोर पर गिर गए थे परंतु छठे विकेट के लिए नितेश पासवान एवं अर्चित अगस्तिन कुजूर ने 50 रनों की बहुमूल्य साझेदारी निभाकर टीम को संकट से उबारा। हलांकि 22वें ओवर की समाप्ति के बाद 137 के स्कोर पर शाह स्पोर्ट्स के आठ विकेट गिर चुके थे और ऐसा लग रहा था कि पूरी टीम सस्ते में निपट जाएगी परंतु नवें विकेट के लिए करण कुमार एवं शुभम रॉय ने बाकी के बचे आठ ओवर में 107 रनों की नाबाद साझेदारी निभाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुँचा दिया। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए करण कुमार ने मात्र 42 गेंदों पर 8 चौकों एवं नौ छक्कों की सहायता से 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और अंत तक नाबाद रहा। शुभम रॉय ने भी 22 रनों की नाबाद पारी खेलकर करण का अंत तक अच्छा साथ दिया। अन्य बल्लेबाजों में नीतेश पासवान ने 32, अर्चित अगस्तिन कुजूर ने 22, शाहनवाज अंसारी ने 18 एवं नीरज यादव ने 14 रन बनाए। फ्रेंडस कोल्टस की ओर से नारायण हेंम्ब्रम ने 44 रन देकर तीन विकेट तथा कप्तान अमित गोप ने 31 रन देकर दो विकेट अपने नाम किए। राहुल पिंगुवा, अनित रोशन कुजूर एवं राजकुमार नायक को एक-एक सफलता हाथ लगी। जीत के लिए निर्धारित तीस ओवर में 245 रनों के पहाड़ सा स्कोर का सामना करने उतरी फ्रेंडस कोल्टस की पूरी टीम 22.4 ओवर में 124 रन पर सिमट गई।

# रवि किशन ने अयोध्या के श्रीराम गाने की शूटिंग पूरी की



**एजेंसियां**

**मुंबई:** भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और सांसद रवि किशन ने अयोध्या के श्रीराम गाना की शूटिंग पूरी कर ली है। फिल्म निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा के श्री मौंक्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले शूट हुए वीडियो सॉन्ग अयोध्या के श्रीराम की शूटिंग कर रवि किशन काफी प्रसन्न दिखे।

गोरखपुर के राजघाट में इस वीडियो सॉन्ग का बड़े स्तर पर फिल्मांकन किया गया , जिसमे नृत्य निर्देशक रिक्की गुप्ता के निर्देशन में रवि किशन के साथ 500 से अधिक बैकग्राउंड डांसर ने प्रस्तुति दी। रिक्की गुप्ता ने बताया कि उन्हें रवि किशन को इस भक्तिमय गीत पर नृत्य कराकर काफी मज़ा आया। रवि किशन एक ऐसे अभिनेता हैं जो किसी भी प्रकार के डांसिग स्टेप को आसानी से फॉलो कर लेते हैं । निर्माता निरंजन कुमार सिन्हा ने बताया कि इस वीडियो सॉन्ग के शूटिंग की तैयारियां काफी दिनों से की जा रही थी, लेकिन हम यह भी ध्यान में रखे थे कि आगामी जनवरी माह में ही अयोध्या में श्रीराम मंदिर का उद्घाटन है तो हम उसके पहले ही गाने की शूटिंग और बाकी काम पूरा कर लेना चाहते थे , इसी को लेकर जब रवि किशन से चर्चा की गई तो वे सहर्ष समय देने के लिए तैयार हो गए , साथ ही उन्होंने कहा कि जितनी भव्यता से इस गाने को करना चाहते हैं उतना भव्य तरीके से शूट कीजिये, हम इस वीडियो सॉन्ग के लिए आपको पर्याप्त समय देंगे और हर तरीके से सहयोग करेंगे । रवि किशन बेहद कॉपरेटिव तरीके से काम करते हैं और यह हमारी वीडियो प्रस्तुति में भी सबको दिखाई देगा। संगीतकार माधव एस राजपूत के साथ मिलकर इस गाने के ऑडियो सेगमेंट को जल्द पूरा किया गया । श्री मोंक्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बने इस वीडियो सॉन्ग के लेखिका मीनाक्षी एसआर हैं, वहीं इसे माधव एस राजपूत ने गाया और संगीत दिया है। गाने के क्रिएटिव डायरेक्टर सह सिनेमेटोग्राफर शकील रेहान खान हैं।

# रोहित शेट्टी ने फिल्म सिंधम 3 की शूटिंग की झलक शेयर की

**एजेंसियां**



**मुंबई:** बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी ने अपनी आने वाली फिल्म 'सिंधम 3' की झलक सोशल मीडिया पर शेयर की है। रोहित शेट्टी इन दिनों फिल्म 'सिंधम 3' की शूटिंग में बिजी हैं। रोहित शेट्टी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म 'सिंधम 3' की शूटिंग की दो तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में देखा जा सकता है कि कार और ट्रक में आग लगी हुई नजर आ रही है। फिल्म की शूटिंग की तस्वीरों को शेयर करते हुये रोहित शेट्टी ने लिखा ,'वर्क इन प्रोग्रेस...' हैसटैग के साथ सिंधम अगेन लिखा हुआ है। फिल्म 'सिंधम 3' में अजय देवगन,करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ नजर आएंगे। वहीं, इस फिल्म में रणवीर सिंह और अक्षय कुमार कैमियो रोल में नजर आएंगे।


### पहले पैन इंडिया टूर 'इन माई फीलिंग्स' के लिये उत्साहित हैं हार्डी संधू



**एजेंसियां**

**मुंबई:** जाने माने गायक-अभिनेता हार्डी संधू अपने पहले पैन इंडिया टूर 'इन माई फीलिंग्स' के लिये उत्साहित हैं। हार्डी संधू 'इन माई फीलिंग्स' पैन इंडिया टूर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह संगीत यात्रा भारत भर के विभिन्न शहरों को कवर करेगी, जिसका पहला पड़ाव दिल्ली होगा और उसके बाद नवंबर और दिसंबर 2023 में इंदौर, मुंबई, कोलकाता, जयपुर, पुणे और भुवनेश्वर होंगे।शो में कई बैकअप डांसर्स के साथ-साथ हार्डी संधू के परफॉर्मेंस होंगे। हार्डी संधू ने कहा, मैं अपने पहले पैन इंडिया टूर की शुरुआत करने के लिए उत्साहित हूं। यह लंबे समय से लंबित था और मैं आखिरकार अपने करियर के ऐसे दिलचस्प मोड़ पर इसे करके खुश हूं। हम दिल्ली से शुरू करके पूरे भारत के विभिन्न शहरों को कवर कर रहे हैं, मैं इसका इंतजार कर रहा हूं क्योंकि इससे मुझे अपने फैंस से मिलने का मौका मिलेगा।

### कैटरीना कैफ ने कबूल किया कि अगर अनुष्का शर्मा को उनसे बेहतर कहा जाएगा तो उन्हें बुरा लगेगा

**एजेंसियां**

**मुंबई:** कैटरीना कैफ अपने प्रियजनों के प्रति बेहद ईमानदार मानी जाती हैं। और यह वीडियो इस बात का एक और सबूत है कि टाइगर 3 की अभिनेत्री को मीडिया के सामने असुरक्षित होने से कोई फर्क नहीं पड़ता। जब तक है जान के प्रमोशन के दौरान कैटरीना कैफ का यह पुराना वीडियो उनके कमजोर होने की बात कबूल कर रहा था और यह अभिनेत्री के लिए काफी साहसी था। इस वीडियो में कैट बोलती नजर आ रही हैं कि उन्हें कितना बुरा लगेगा अगर शाहरुख खान अनुष्का शर्मा को एक ऐसे एक्टर के तौर पर चुनें जिसके साथ काम करने में उन्हें ज्यादा मजा आया हो।टाइगर 3 की अभिनेत्री कैटरीना कैफ का पुराना वीडियो देखें जिसमें वह कबूल कर रही हैं कि अगर शाहरुख खान उनकी तुलना में अनुष्का शर्मा को चुनते तो उन्हें बुरा लगता। कैटरीना का कहना है कि उन्हें सच में शाहरुख का यह जवाब पसंद नहीं आएगा, यहां तक कि काल्पनिक स्थिति में भी। कैट को अन्यथा महसूस कराने के लिए अनुष्का शर्मा को सोशल मीडिया पर थोड़ी आलोचना का सामना करना पड़ता है। ऐसा कहने के बाद, अनुष्का और कैटरीना बहुत अच्छे दोस्त हैं। दरअसल, आज वे एक ही अपार्टमेंट में रहते हैं और पड़ोसी हैं। विक्की कौशल के साथ अपनी शादी के दौरान अनुष्का ने यह खुलासा किया था। पेशेवर मोर्चे पर, कैटरीना कैफ सलमान खान के साथ अपनी अगली रिलीज टाइगर 3 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। ट्रेलर को आश्चर्यजनक प्रतिक्रिया मिल रही है, और मैं टाइगर और जोया की केमिस्ट्री को फिर से देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता।कैटरीना कैफ ने अपने करियर में एक लंबा सफर तय किया है, एक गैर अभिनेता-नॉन डांसर होने के बावजूद, वह सर्वश्रेष्ठ और बैंकेबल अग्रणी महिलाओं में से एक और सभी समय की महान डांसर साबित हुई हैं। सलमान खान, जिन्होंने कैट की यात्रा को शुरू से देखा है, ने अभिनेत्री की प्रशंसा की और हमेशा उनके साथ नृत्य करना पसंद करने का उल्लेख किया और बताया कि कैसे उन्होंने इसमें जान डाल दी है।

## प्रदेश >> अपडेट

### मझगवां वन परिक्षेत्र से बाघ का शव बरामद

**सतना** : मध्यप्रदेश के सतना जिले के मझगवां वन परिक्षत्र से आज एक बाघ का शव बरामद किया गया। वन विभाग के सूत्रों के अनुसार जिले के मझगवां रेंज के चितहरा बीट के चौरेंही में एक बाघ मृत अवस्था में मिला। शव कई दिनो पुराना प्रतीत हो रहा है। मझगवां के रेंजर और एसडीओ मौके पर पहुंचे गए हैं।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### खपरैल का मकान जलकर खाक

**भदोही** : उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में शुक्रवार की भोर में लगी आग में खपरैल का मकान जलकर खाक हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गोपीगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुर सरोज बस्ती मे शुक्रवार को भोर मे आग लग गई। आग की चपेट में आने से राजेन्द्र सरोज का मड़हा व कपूर सरोज का खपैरल का मकान जलकर खाक हो गया। इस घटना में दोनों परिवार का घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना की जानकारी पर फायर ब्रिगेड की टीम गांव पहुंच गयी जिससे बस्ती के अन्य लोगों का घर व मड़हा आदि सुरक्षित बच गए। वहीं पीड़ित परिवार ने गांव के ही कुछ लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। आगजनी की घटना में लगभग 5 लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

### पुष्कर में कार्तिक महीने का पहला धार्मिक स्नान आज

**अजमेर** :राजस्थान में अजमेर के तीर्थराज पुष्कर में कार्तिक माह का पहला धार्मिक स्नान शनिवार को होगा। पुष्कर के पवित्र सरोवर पर आश्विन मास की पूर्णिमा पर होने वाले पहले ''कार्तिक स्नान'' के लिए श्रद्धालुओं का पुष्कर पहुंचना शुरू हो चुका है। स्थानीय एवं बाहर से आये श्रद्धालु कल अल सुबह ब्रह्म मुहूर्त में आस्था की डूबकी लगायेंगे और फिर ब्रह्माजी मंदिर में दर्शन करेंगे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### तेलंगाना में अगले सात दिनों तक शुष्क मौसम के आसार: मौसम विभाग

**हैदराबाद** : तेलंगाना में अगले सात दिनों के दौरान मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दैनिक मौसम रिपोर्ट में कहा गया है कि गुरुवार और शुक्रवार की मध्यरात्रि को शहर के पास पटानचेरू में सबसे कम न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी अवधि में राज्य की राजधानी हैदराबाद में न्यूनतम तापमान 16.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### रेलवे लाइन के किनारे शव बरामद होने से फैली सनसनी

**रायबरेली** : उत्तर प्रदेश के रायबरेली के शहर इलाके के प्रभु टाउन में रेलवे लाइन के किनारे रविवार सुबह अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमित कुमार सिंह ने आज बताया कि पुलिस को सुबह करीब 09 बजे सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के समीप बसे प्रभु टाउन मोहल्ले में रेलवे लाइन के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव झाड़ियों से बरामद हुआ है। उन्होंने कहा कि मृतक की उम्र करीब 30-35 वर्ष की लगती है, कद करीब 05 फुट और शरीर पर सफेद शर्ट और काला लोवर था । मृतक के शरीर पर खासतौर से सिर पर चोट के निशान भी थे, लगता है किसी ने ईट से सिर पर प्रहार किया है। प्रथम दृष्टया देखने मे हत्या से इंकार नहीं किया जा सकता है। बाकी सही बात पोस्टमार्टम से पता चलेगी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस व फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और मृतक की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। नियमानुसार शिनाख्त के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा अथवा शिनाख्त न होने के 72 घण्टे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

**सरकारी विमान**

### फिल्म शूटिंग से इसका किराया भी हजम कर गये

# पाकिस्तान का हवाई जहाज बेच दिया उसके ही अफसर ने

- शूटिंग के बाद, विमान ने फिर से जर्मनी में उड़ान भरी
- विमान 5 साल पुराना था और यात्री को ले जाने की क्षमता खो चुका था

**राष्ट्रीय खबर**




**इस्लामाबाद:** पाकिस्तान का सरकारी विमान काफी समय से लापता हो गया था। अब धीरे धीरे उसके गायब होने का राज खुलने लगा है। यह आरोप लगा है कि दरअसल इस विमान को चुपके से जर्मनी ले जाया गया था। वहीं पर इसे बेच दिया गया है। इसे बेचे जाने से पहले इस विमान को एक फिल्म की शूटिंग के लिए किराये पर दिया गया था और उससे भी दो करोड़ वसूले गये थे। यात्री वाणिज्यिक विमान आमतौर पर मुख्य रूप से दुनिया के लगभग सभी देशों में होता है। क्या विमान सही समय पर हवाई अड्डे को छोड़ रहा है, चाहे वह सही समय पर गंतव्य तक पहुंच रहा हो, इसे भी ध्यान में रखा जाता है। हालांकि, पाकिस्तान में एक यात्री विमान था जो सभी के सामने से रात भर गायब हो गया था। गायब होने के बाद, पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) विमान का स्थान लंबे समय तक अज्ञात था। हालांकि, बाद में आरोपों में कहा गया कि पीआईए के पूर्व सीईओ ने इस विमान को जर्मनी भेजा और इसे बेच दिया।

पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बर्ड एयरबस ए 1 विमान को जर्मनी ले गया। यह आरोप लगाया गया था कि जर्मनी पहुंचने के बाद, विमान को एक जर्मन कंपनी को बेच दिया गया था। पहले विमान को फोटो शूट के लिए एक ब्रिटिश कंपनी को किराए पर दिया गया था। फिल्म की शूटिंग माल्टा में चल रही थी। शूटिंग के बाद, विमान ने फिर से जर्मनी में उड़ान भरी। उसके बाद, विमान लिपजिग हेल के हवाई अड्डे के संग्रहालय में स्थित था। बाद में, संग्रहालय ने यह भी सुना कि विमान हवाई अड्डे के अधिकारियों को बेच दिया गया था। आज पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, हवाई अड्डे के अधिकारियों को कोई विशेष लाभ नहीं मिला। विमान 5 साल पुराना था और यात्री को ले जाने की क्षमता खो चुका था। हालांकि, इस मुद्दे पर अन्य दावे हैं। कई रिपोर्टों के अनुसार, विमान के इंजन और शरीर को अलग से नीलाम किया गया था। यही पीआईए के प्रवक्ता मसूद ताजवर ने कहा बर्ड के कथित रूप से विमान बेचने के बाद उन्हें हटा दिया गया था। यह भी आरोप लगाया गया था कि वह पीआईए के सीईओ होने के दौरान कई अन्य भ्रष्टाचार में शामिल था। आरोपों को उठाने के बाद, बर्ड ने पाकिस्तान छोड़ दिया और जर्मनी के लिए रवाना हो गए।

## पाकिस्तानी रेंजर्स की फायरिंग में बीएसएफ के जवान समेत दो घायल

**एजेंसियां**

**जम्मू :** जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तानी रेंजरों की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के कारण सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का एक जवान और एक महिला घायल हो गयी, जबकि सीमा पर रहने वाले लोग सुरक्षित स्थानों पर चले गए। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि 26-27 अक्टूबर की मध्यरात्रि के दौरान, पाकिस्तान रेंजर्स ने अरनिया इलाके में अकारण गोलीबारी की जिसका बीएसएफ जवानों ने माकूल जवाब दिया। उन्होंने कहा,''पाकिस्तानी रेंजर्स ने मोर्टार से गोलाबारी की, जिसका बीएसएफ कर्मियों ने मुंहतोड़ जवाब दिया।'' उन्होंने बताया कि रुक-रुक कर गोलीबारी तड़के तीन बजे तक जारी रही। प्रवक्ता ने कहा,''गोलीबारी में बीएसएफ के एक जवान को मामूली चोटें आईं जिसे तुरंत ही चिकित्सा सहायता प्रदान की गई।'' घायल महिला को भी इलाज के लिए जम्मू के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी का शिकार होने से बचने और आश्रय लेने के लिए सीमावर्ती निवासी मवेशियों के साथ सुरक्षित स्थानों पर चले गए। उन्होंने दावा किया कि सीमा पार से गोलीबारी में कुछ मवेशियों को भी चोटें आईं। इस बीच राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने भी पाकिस्तान रेंजर्स की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

## हम विकास व जनकल्याण के कार्यों को लेकर जा रहे जनता के बीच: शिवराज



**एजेंसियां**

**पन्ना:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) संयोजित ढंग से विधानसभा चुनाव के प्रचार में लग गई है। हम विकास व जन कल्याण के कार्यों को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ऐतिहासिक बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी। चौहान सतना जिले के चित्रकूट जाने से पूर्व आज सुबह हेलीकॉप्टर से पन्ना पहुंचे। यहां उन्होंने विधानसभा चुनाव के लिए पन्ना जिले की तीनों विधानसभा सीटों के भाजपा प्रत्याशियों बृजेंद्र प्रताप सिंह पन्ना, प्रहलाद लोधी पवई और राजेश वर्मा गुनौर के नाम निर्देशन पत्र जमा कराया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा भी मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल कराने के उपरांत चौहान ने पत्रकारों से चर्चा में कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ कहते हैं कि उनकी चक्की बहुत बारीक पीसती है, लेकिन इस बार दिग्विजय सिंह की चक्की ने कमलनाथ को ही पीस दिया है।अपने अल्प प्रवास के दौरान चौहान ने भाजपा प्रत्याशियों के साथ शहर में रोड शो किया, जिसमें हजारों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। उन्होंने शहर के गांधी चौक में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पन्ना विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बृजेंद्र प्रताप सिंह ने पन्ना की तस्वीर बदल दी है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि दिल में हाथ रख के बताओ कि पन्ना के विकास के लिए जो काम भाजपा ने किया वह कांग्रेस ने किया क्या। पन्ना में मेडिकल कॉलेज, एग्रीकल्चर कॉलेज और डायमंड पार्क खुलेगा ऐसा कभी सोचा था क्या। मुख्यमंत्री ने कहा कि पन्ना में जुगल किशोर लोक का निर्माण होगा।

## भारत आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है:शाह



**एजेंसियां**

**हैदराबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। शाह ने यहां सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (एसवीपीएनपीए) में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 75 आरआर बैच के प्रोबेशन अधिकारियों की पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति से जीरो टॉलरेंस रणनीति और जीरो टॉलरेंस कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और साक्ष्य अधिनियम सहित पुराने ब्रिटिश काल के कानूनों में सुधार के सरकार के प्रयासों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इन परिवर्तनों का उद्देश्य लोगों और अधिकारियों के अधिकारों की रक्षा करना है। नागरिकों को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने के लिए इन कानूनों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए। शाह ने कहा कि केंद्र ने इन तीनों विधेयकों को संसद में पेश किया है और गृह मंत्रालय की संसदीय समिति इनका अध्ययन कर रही है तथा बहुत जल्द ये कानून पारित हो जाएंगे। उन्होंने कहा,''इन कानूनों के आधार पर नई आपराधिक न्याय प्रणाली शुरू होगी।'' इसके अलावा, केंद्रीय मंत्री ने आईपीएस अधिकारियों से वंचितों के कल्याण और सुरक्षा के लिए लगन से काम करने का आग्रह किया है। उन्होंने संगठित अपराध के विभिन्न रूपों से उत्पन्न चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने साइबर अपराधों को नियंत्रित करने और आपराधिक गतिविधियों, विशेषकर हवाला तथा जालसाजी से संबंधित गतिविधियों से निपटने में प्रौद्योगिकी की भूमिका पर भी जोर दिया।

## तोमर ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया



**एजेंसियां**

**मुरैना:** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुरैना जिले के दिमनी विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी नरेन्द्र सिंह तोमर ने आज यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार तोमर के साथ मुरैना विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी रघुराज सिंह कंसाना और सुमाबली से भाजपा के प्रत्याशी एवं पूर्व मंत्री एदल सिंह कंसाना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। तोमर के साथ पर्चा दाखिल करने के लिए उनकी बेटी निवेदिता सिंह भी आईं हुई थीं। नामांकन पत्र भरने के बाद तोमर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में भाजपा पूरी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कपड़े फाड़ने में व्यस्त है। वहीं, भाजपा जनता का आशीर्वाद लेकर जीत के लिए चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि दिमनी से वे भारी बहुमत से जीत हासिल करने जा रहे हैं, क्योंकि क्षेत्र की जनता उनके और भाजपा के साथ है।

**रूसी हमला**

### पश्चिमी मीडिया के तमाम दावों को नकारता हुआ रूसी हमला अब भी जारी

# रूसी हमले ने अवधिवका को खंडहर बना दिया है

- सोलोवी ने समझाया, अब स्थिति गंभीर है
- हर दिन 10-15 बम गिराए जाते है

**राष्ट्रीय खबर**

**कियेब:** पश्चिमी मीडिया के तमाम दावों को नकारता हुआ रूसी हमला अब भी जारी है और उनके पैनेपन में कोई खास कमी नहीं आयी है। इस युद्ध में यूक्रेन के अवधिवका शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो चुका है। इस शहर यानी अवधिवका में इन दिनों पुलिस के लिए बहुत कम है क्योंकि इस फ्रंटलाइन शहर में रहने वाले अधिकांश लोग चले गए हैं। लेकिन कुछ 1,600 बने हुए हैं। औसतन, अवधिवका से चार लोग घर खाली कर जा रहे हैं। शहर को फ्रंटलाइन पर छोड़ दिया गया था, जब प्रो-मॉस्को अलगाववादियों ने 2014 में पास के शहर डोनेट्स्क सहित डोनबास क्षेत्र के बड़े हिस्से को जब्त कर लिया था, और फरवरी 2022 में रूस ने अपना पूर्ण पैमाने पर आक्रमण शुरू करने के बाद से आग लगा दी थी। लेकिन 10 अक्टूबर को, मॉस्को ने एक केंद्रित धक्का शुरू किया, जो शहर के गोलाबारी को तेज करते हुए सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों को भेजता था। अवधिवका पर हमला तब आता है जब युद्ध की अग्रिम पंक्तियाँ अपेक्षाकृत स्थिर रहती हैं, यूक्रेन के जवाबी कार्रवाई के साथ शुरू में प्रत्याशित



की तुलना में बहुत अधिक धीरे - धीरे आगे बढ़ने के लिए जारी है। कुछ विश्लेषकों ने शुरू में सुझाव दिया था कि रूसी कदम को कियेब को कुछ बलों को डायवर्ट करने के लिए मजबूर करने के लिए डिजाइन किया गया था, जो दक्षिणी और पूर्वी मोर्चे की लाइनों के साथ अपने हमलों के लिए उपयोग कर रहे थे, लेकिन यूक्रेनी के अधिकारियों का कहना है कि लक्ष्य वास्तव में आगे बढ़ना है जबकि यूक्रेन की सेना कहीं और केंद्रित है।

अवधिवका के कई निवासी पहले से ही पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले भाग गए थे, शहर को लगभग 30,000 की युद्ध पूर्व आबादी के साथ छोड़ दिया था। शहर में बचे ज्यादातर लोग बुजुर्ग हैं, ज्यादातर पुरुष हैं। वे अपने घरों को छोड़ना नहीं चाहते थे, सोलोवी ने समझाया। अब स्थिति गंभीर है। हर दिन 10-15 बम गिराए जाते हैं। अवधिवका में संचालित तीन किराने की दुकानों का उपयोग किया जाता था। उनमें से दो मिसाइलों द्वारा नष्ट हो गए थे। अब केवल एक उदास छोटी किराने की दुकान खुली है, उन्होंने कहा। सप्ताह में एक बार रोटी खरीदने के लिए कहीं नहीं है, हम कुछ लाते हैं ताकि लोग रोटी प्राप्त कर सकें। जब लोगों ने 2014 में अवधिवका को छोड़ना शुरू किया, तो यूक्रेनी सेना शहर को मजबूत करती है और अपने बचाव का निर्माण करती है, इसे एक गढ़ में बदल देती है।

## न्यूज फटाफट

### पांच अरब देशों के नेताओं को फिलिस्तीन के समर्थन में रैली में शामिल होने का आमंत्रण

**अंकारा** :तुर्किए ने सऊदी अरब, मिस्र, लीबिया, लेबनान और जॉर्डन के नेताओं को 28 अक्टूबर को इस्तांबुल में फिलिस्तीन के समर्थन में एक रैली में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया है। तुर्किए के अखबार 'सबाह' ने शुक्रवार को सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। समाचार पत्र ने कहा कि इस रैली में मीडिया, खेल, कला, व्यापार और फिलिस्तीनी डायस्पोरा के कई प्रभावशाली लोग भी शामिल होंगे।

### पाकिस्तान में जनवरी 2024 में समय पर होंगे आम चुनाव: आयोग

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने शुक्रवार को कहा कि देश में आम चुनाव निर्धारित समय जनवरी 2024 के आखिरी सप्ताह में होंगे। आयोग ने कहा, ''चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के प्रकाशन के बाद चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जायेगी। चुनावों के निर्धारित समय से आगे बढ़ाने की कोई संभावना नहीं है।''आयोग के अनुसार परिसीमन का पहला चरण पूरा हो चुका है और आपत्तियां दाखिल करने का दूसरा चरण कल तक पूरा हो जाएगा। आयोग 30 और 31 अक्टूबर से प्रारंभिक परिसीमन के संबंध में आपत्तियों पर सुनवाई शुरू कर देगा। तीस नवंबर को अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी। ईसीपी ने कहा कि आम चुनाव कार्यक्रम की घोषणा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतिम प्रकाशन के बाद की जाएगी।

### वेनेजुएला में निकाला मार्च

**मेक्सिको सिटी** : वेनेजुएला की राजधानी कराकस में हजारों लोगों ने फिलिस्तीन के समर्थन में 'फिलिस्तीनी लोग हमास नहीं हैं' के नारे के साथ एक मार्च निकाला है। इस कार्यक्रम का प्रसारण वेनेजुएला के सरकारी वीटीवी चैनल ने किया। नेजुएला की सत्तारूढ़ यूनाइटेड सोशलिस्ट पार्टी के उपाध्यक्ष डिओसडाडो कैबेलो ने एक रैली के दौरान कहा, गाज़ा पर अंधाधुंध बमबारी ने फिलिस्तीनी लोगों के संघर्ष के प्रति दुनिया भर में एकजुटता जगाई है। हम जानते हैं कि देर-सबेर फिलिस्तीन आजाद हो जाएगा, उसकी जमीनें वापस मिल जाएंगी और दुनिया में कानून का शासन कायम होगा। हम विनाश की इस नीति के ढांचे के भीतर हिंसा को तत्काल समाप्त करने की मांग करते हैं। वेनेज़ुएला सरकार ने 2009 में गाजा पट्टी में एक अभियान के बाद इजरायल के साथ संबंध तोड़ दिए। इसमें एक हजार से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। तीन महीने बाद, कराकस ने फिलिस्तीन की स्वतंत्रता को मान्यता दी और उसके साथ आधिकारिक संबंध स्थापित किए। वर्ष 2019 में, तेल अवीव ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद, विपक्षी नेता जुआन गुइदो का समर्थन किया और उन्हें वेनेजुएला के राष्ट्रपति के रूप में मान्यता दी। उल्लेखनीय है कि गत सात अक्टूबर को, फिलिस्तीनी समूह हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया और पड़ोसी इजरायली समुदायों में 200 से अधिक लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा की पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। संघर्ष बढ़ने के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

### अर्मेनिया अजरबैजान से गैस पाइपलाइन कर सकता है बहाल-वर्दयान

**येरेवन** : अर्मेनिया के अजरबैजान से गैस पाइपलाइनों को बहाल करने की संभावना है। अर्मेनियाई क्षेत्रीय प्रशासन एवं बुनियादी ढांचा विभाग के उपमंत्री हाकोब वर्दयान ने त्बिलिसी में सिल्क रोड फोरम में यह जानकारी दी। वर्दयान ने कहा कि सोवियत संघ में आर्मेनिया को अजरबैजान से गैस मिलती थी। उपमंत्री के हवाले से कहा गया है कि अब हम इन गैस पाइपलाइनों को बहाल कर सकते हैं यदि हमारे देशों के बीच कोई अनसुलझे राजनीतिक मुद्दे नहीं हैं। हम अजरबैजान से यूरोप तक गैस परिवहन के लिए एक पारगमन देश भी हो सकते हैं, यही बात बिजली पर भी लागू होती है। उन्होंने कहा, येरेवन सभी संचार बहाल करने के लिए तैयार है। इससे क्षेत्र की ऊर्जा विविधीकरण बदल सकता है।

### इजरायल हंगरी में यूरो 2024 क्वालीफायर की मेजबानी करेगा

**यरूशलम** : इजरायल स्विट्जरलैंड और रोमानिया के खिलाफ अपने दो घरेलू यूरो 2024 क्वालीफाइंग मैचों की मेजबानी हंगरी में करेगा। इजरायल फुटबॉल एसोसिएशन (आईएफए) ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में यह घोषणा करते हुए कहा कि मौजूदा इजरायल-हमास संघर्ष और सुरक्षा स्थिति के कारण देश में मैच आयोजित करने पर यूईएफए के निलंबन के कारण ग्रुप एक के दो मैच इजरायल के बाहर आयोजित किए जाएंगे। ये दोनों मुकाबले 15 और 18 नवंबर को खेले जायेंगे। इसके अलावा इजरायल के 12 नवंबर को कोसोवो और 21 नवंबर को अंडोरा के खिलाफ दो मैच होंगे। इजरायल 10 दिनों में चार मैच खेलेगा। आईएफए ने बयान में कहा कि इजरायल के घरेलू मैचों के लिए हंगरी में शहर और स्टेडियम अभी तक निर्धारित नहीं किया गया है।

### मेक्सिको में ओटिस तूफान के कारण 27 लोगों की मौत

**मेक्सिको सिटी** : मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ग्युरेरो के तट पर बुधवार को आए ओटिस तूफान में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई और चार लापता हो गए। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेक्सिको की सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा सचिव रोजा आइसेला रोड्रिग्ज ने कहा, तूफान अब कमजोर हो गया है। तूफान ने देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक अकापुल्को रिसॉर्ट क्षेत्र में काफी क्षति पहुंचाई है।

### इजरायली हमलों में 50 बंधकों की मौत:हमास

**गाजा** : गाजा पर इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 50 इजरायली बंधक मारे गए है। हमास की सशस्त्र शाखा अल-कसम ब्रिगेड ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अल कसम ने एक प्रेस बयान में अधिक विवरण दिए बिना कहा कि गाजा पट्टी को निशाना बनाकर की गई तीव्र इजरायली बमबारी में 50 बंधकों की मौत हो गई। हमास ने सोमवार को मिस्र और कतर द्वारा किए गए संयुक्त मध्यस्थता प्रयासों के बाद, गाजा में बंधक बनाई गई दो बुजुर्ग इजरायली महिलाओं को रिहा कर दिया। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष 20वें दिन में प्रवेश कर गया है। संघर्ष में इजरायल में कम से कम 1,400 लोग और गाजा में 7,028 फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

## आज का इतिहास

- 1886 : अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने दोस्ती के प्रतीक के तौर पर फ्रांस से उपहार में मिली 'स्टैच्यु ऑफ लिबर्टी' का औपचारिक अनावरण किया।
- 1891 : जापान में भूकंप से 7300 लोगों की मौत।
- 1918 : आस्ट्रिया और हंगरी के अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ।
- 1954 : अर्नेस्ट हेमिंग्वे को साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- 1955 : माइक्रोसाफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स का जन्म।
- 1963 : भारतीय रिज़र्व बैंक के 24वें गवर्नर उर्जित पटेल का जन्म।
- 1998 : इंटरपोल की 67वीं आमसभा अत्याधुनिक तकनीक आतंकवाद और अन्य आधुनिक संगठित अपराधों से निपटने की एक नयी रणनीति के साथ समाप्त।
- 2001 : जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रोडर भारत की यात्रा पर आये।
- 2004 : बीजिंग में 4000 वर्ष पुराने मकबरों का पता लगा।
- 2009 : पाकिस्तान के पेशावर में बम धमाके से 117 लोग मरे, 213 घायल।
- 2012 : सीरिया में संघर्ष विराम का उल्लंघन, 128 लोग मारे गये।
- 2013 : लोकप्रिय उपन्यासकार राजेन्द्र यादव का निधन।
- 2021 : प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट और क्षेत्रीय कैंसर केंद्र के संस्थापक निदेशक माधवन कृष्णन नायर का निधन।

## बीआईटी मेसरा में छात्र ने की खुदकुशी

रांची: राजधानी रांची के बीआईटी मेसरा कॉलेज के छात्र ने आत्महत्या कर लिया है। मृतक छात्रा का नाम सौरभ है और वह जमशेदपुर का रहने वाला था। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि इंजीनियरिंग के छात्र सौरभ ने पंखे से लटक कर अपनी जान दे दी। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रही है। घटनास्थल से पुलिस ने सुसाइड नोट बरामद किया है।

# झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियनशिप : डिफेंडिंग चैंपियन जापान ने मलेशिया को 3-0 से परास्त कर की विजयी आगाज





राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जधानी रांची में पहली बार आयोजित झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियनशिप हॉकी 2023 का शुक्रवार को रंगारंग आगाज हो गया। डिफेंडिंग चैंपियन जापान व मलेशिया के बीच पहला मैच खेला गया।मुकाबले में जापान ने मलेशिया को 3-0 से हराकर शानदार शुरूआत की।जापान की टीम को 13वें मिनट में ओगावा रिका ने बढ़त दिलाई। यह टूर्नामेंट का पहला गोल था। हाफ टाइम तक जापान की टीम 1-0 से आगे रही। दूसरे हाफ के खेल में भी जापानी टीम ने लगातार हमला जारी रखा। तोरियामा मई ने 43वें मिनट में एक शानदार गोल कर टीम की बढ़त 2-0 कर दी। खेल के अंतिम 54वें मिनट में शिहो ने पेनाल्टी कॉर्नर से गोलकर टीम को 3-0 से बड़ी जीत दिला दी। मैच में शानदार खेल दिखाने को नगाई हाजुकी को प्लेयर्स आफ द मैच का खिताब मिला।मोरहाबादी के मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल के प्रदर्शन से लोगों का दिल जीत लिया। मैच से पहले रंगारंग कार्यक्रम व मस्कट जूही ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। मुकाबले का उद्घाटन खेल मंत्री हफीजुल हसन, विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने किया। वहीं, उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा व एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने मैच का आनंद उठाते हुए सुरक्षा की कमान को भी संभाला। इस दौरान उपायुक्त व एसएसपी ने मस्कट जूही के साथ फोटो भी खिंचवाए। साथ ही चीयरलीडर्स ने भी दर्शकों का उत्साह बढ़ाया।स्टेडियम में दर्शकों के भर जाने के बाद लोगों ने मोरहाबादी मैदान में लगे एलईडी स्क्रीन पर मैच का आनंद लिया। जोहार एशिया पोस्टर से स्टेडियम और स्टेडियम के आसपास का एरिया पटा नजर आया। खासकर मोरहाबादी एरिया पूरा हॉकीमय हो गया। सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पार्किंग के लिए मोरहाबादी मैदान में सुविधा मुहैया कराई गई है। एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां स्टेडियम परिसर में मौजूद हैं। मैदान के बाहर सीएम हेमंत सोरेन का हॉकी स्टिक के साथ कट आउट भी देखते बन रहा।






## 50 हजार का इनामी अंतरराज्यीय गिरोह का कुख्यात अपराधी मोहना जसीडीह से गिरफ्तार



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अंतरराज्यीय गिरोह से जुड़े कुख्यात और पचास हजार रुपए के इनामी मोहना ठाकुर को बिहार पुलिस ने देवघर जिले के जसीडीह से गिरफ्तार किया है। बिहार एवं झारखंड पुलिस का वांछित कुख्यात मोहन ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए बिहार सरकार ने पचास हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। भागलपुर पुलिस ने मोहना को उस वक्त गिरफ्तार किया जब आरोपी बासुकीनाथ मंदिर में पूजा कर लौट रहा था।बरारी व मनिहारी के गंगा दियारा इलाके में मोहना गिरोह का आतंक रहा है। किसानों से रंगदारी वसूलना, फसल लूट व दियारा में मवेशी चराने के एवज में पशुपालक किसानों से लेवी वसूलने का काम मोहना गिरोह करता था। दियारा की सैकड़ों एकड़ जमीन पर मोहना गिरोह का कब्जा था। साहिबगंज से आने वाली गिट्टी लदे ट्रकों से भी मोहना गिरोह रंगदारी वसूलता था। गंगा नदी में नाव परिचालन व पानी उतरने के बाद बन आए कोल डाभ में मछली मारने के एवज में भी मोहना का गिरोह रंगदारी वसूलता था। दियारा में वर्चस्व की लड़ाई में आए दिन दूसरे आपराधिक गिरोह से मोहना की हिंसक झड़प होती रहती थी।पिछले वर्ष दिसंबर माह में बरारी थाना क्षेत्र के बकिया डहरा दियारा में गैंगवार की घटना के बाद से ही मोहना फरार था। पुलिस छापामारी में गिरोह के कई सदस्यों की गिरफ्तारी पूर्व में हुई है। मोहना का दायां हाथ माना जाने वाला शार्प शूटर दतला ने कुछ दिन पूर्व न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। पांच बार मोहना पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। हाल ही में मोहना पर इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर दो लाख करने का प्रस्ताव भी पुलिस मुख्यालय को भेजा गया था। दियारा में मोहना की टोह लेने को लेकर ड्रोन कैमरे की मदद लेने का प्रस्ताव भी जिला पुलिस को भेजा था। 11 माह से जिला पुलिस को चकमा देने में सफल रहा मोहना को भागलपुर पुलिस ने गिरफ्त में ले लिया।जानकारी के मुताबिक मोहन ठाकुर कटिहार में हुए गैंगवार का मुख्य अभियुक्त है। इसके अलावा पड़ोसी देश नेपाल के विराटनगर में एक आपराधिक मामले में वह चार साल तक जेल की सजा काट चुका है। बिहार एवं झारखंड पुलिस का वांछित कुख्यात मोहना भागलपुर एवं कटिहार जिलो के टॉप दस कुख्यातों में वह शामिल था। कुख्यात मोहना के विरुद्ध हत्या, अपहरण, डकैती, रंगदारी आदि के कुल तीस मामले भागलपुर, कटिहार, मुंगेर और झारखंड के साहेबगंज जिलों के विभिन्न थानों में दर्ज है। सर्वाधिक 22 मामले सिर्फ कटिहार जिले में दर्ज है।

## फेसबुक में ट्रांसफर संबंधी सरकार के निर्णय पर की थी टिप्पणी, अब पूर्व डीएसपी खूंटी को मिला दंड




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** फेसबुक अकांउट पर ट्रांसफर संबंधी सरकार के निर्णय के खिलाफ अवांछनीय टिप्पणी करना राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी व तत्कालीन डीएसपी एसआईआरबी-02 खूंटी किशोर कुमार रजक को महंगा पड़ गया। उनके उपर लगे आरोपों को प्रमाणित मानते हुए राज्य सरकार ने उनकी दो वेतन वृद्धि असंचयात्मक प्रभाव से रोकने का आदेश दिया है साथ ही 27 सितंबर 2019 को शुरू किए गये विभागीय कार्यवाही को निस्तार भी कर दिया है।दरअसल 2019 में गृह विभाग के द्वारा उनका तबादला किया गया था, जिसके खिलाफ उन्होंने सोशल मीडिया में सरकार के खिलाफ टिप्पणी की। पूरे मामले पर विभागीय कार्यवाही भी चलायी गयी। उनसे स्पष्टीकरण लिया गया है,जिसमें उन्होंने कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर कोई टिप्पणी नहीं की है, यह खाता किसी दूसरे लोगों द्वारा संचालित हो रहा है। सरकार ने इसकी समीक्षा में यह भी पाया कि इतने गंभीर मामले पर पुलिस मुख्यालय की ओर से भी कोई त्वरित कार्रवाई नहीं की गई और न ही कोई प्राथमिकी दर्ज हुई। जांच में विभागीय जांच पदाधिकारी की रिपोर्ट में आरोप प्रमाणित पाया गया है, जिसके बाद उनकी वेतन वृद्धि रोकने संबंधी दंड उन्हें दिया गया है। गृह विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।




**प्रस्ताव** बिजली खरीद की जरूरत और शर्तों की मांगी गयी है रिपोर्ट

## अडाणी समूह से बिजली लेने के लिये जेबीभीएनएल तैयार कर रहा प्रस्ताव

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** अडाणी समूह के गोड्डा स्थित पावर प्लांट से बिजली उत्पादन शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही अडाणी समूह से राज्य को चार सौ मेगावाट बिजली मिलने की बात जोर शोर से उठ रही है। फिलहाल जेबीवीएनएल की ओर से इस संबध में प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है, जिसमें अडाणी समूह से राज्य को मिलने वाली चार सौ मेगावाट बिजली की उपयोगिता, राज्य में औसतन प्रति दिन बिजली की खपत समेत अन्य आयामों पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है।सूत्रों से जानकारी मिली है कि रिपोर्ट में अडाणी समूह से मिलने वाली चार सौ मेगावाट बिजली की राज्य में जरूरत पर बल दिया जा रहा है। जिससे राज्य में बिजली की कमी कम हो सकें। और मांग के अनुरूप आपूर्ति हो सके। बता दें, पिछले दिनों मुख्यमंत्री की ओर से इस संबंध में उर्जा विभाग और जेबीवीएनएल को आदेश दिया गया है। जिसमें अडाणी समूह से बिजली लेने के संबध में जानकारी मांगी गयी है।अडाणी समूह से राज्य को किन किन शर्तो के आधार पर बिजली लेनी है इस पर भी ध्यान दिया जायेगा। उर्जा विभाग और जेबीवीएनएल के अधिकारी इस पर मंथन कर रहे है। इन शर्तो को भी रिपोर्ट में शामिल कर सरकार को सौंपा जायेगा। जिसके आधार पर आगे बात की जायेगी। इसके पूर्व राज्य सरकार की ओर से इस संबध में पत्राचार के माध्यम से जेबीवीएनएल से पूछा गया था कि तय शर्त के अनुसार 400 मेगावाट बिजली राज्य को चाहिये या नहीं। चाहिये तो जेबीवीएनएल की ओर से शर्ते क्या है। इस रिपोर्ट के आधार पर उर्जा विभाग की ओर से अडाणी ग्रुप से आगे वार्ता की जायेगी। जानकारी हो कि जुलाई में भी अडाणी ग्रुप के एमडी और मुख्यमंत्री की मुलाकात हुई थी। इस दौरान इन मुद्दों पर चर्चा हुई थी।अडाणी पावर की ओर से गोड्डा में दो यूनिट पावर प्लांट बनाये गये है। जहां से 1600 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। प्लांट से 23 जून 2023 से बिजली उत्पादन शुरू है। जहां प्रत्येक यूनिट 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। उत्पादित बिजली बांग्लादेश को दी जा रही है। जबकि अडाणी पावर ग्रुप और राज्य सरकार के बीच हुए एमओयू की मानें तो राज्य को 25 फीसदी बिजली अडाणी ग्रुप को सस्ती दर पर उपलब्ध कराना है। हालांकि कंपनी ये बिजली अन्य पावर प्लांट से लेकर भी राज्य को दे सकती है। अडाणी ग्रुप की ओर से राज्य को चार सौ मेगावाट बिजली दी जानी है।

